सुप्रभात
रांची, रविवार
17.12.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net   अगहन, शुक्ल पक्ष, पंचमी संवत 2080   मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 154



06 अब खेतों में उगेगी वैक्सीन

## न्यूज डायरी

### गिरिडीह : भीषण सड़क हादसे में तीन की मौत

**गिरिडीह।** भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी। घटना कोवाड़–कोडरमा पथ पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कोदईडीह मोड़ के पास शनिवार की शाम की है। मृतकों की पहचान की जा रही है।

### संसद की सुरक्षा में सेंध के पीछे बेरोजगारी: राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि संसद सुरक्षा में चूक हुई है और इसके पीछे बेरोजगारी और महंगाई कारण हैं। सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी का मुद्दा है, जिसे लेकर पूरे देश में उबाल है।

### रतन टाटा को धमकी देनेवाला गिरफ्तार

**मुंबई।** टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा को धमकी देने वाले शख्स को पुलिस ने धर दबोचा। उन्हें जान से मारने की धमकी दी गयी थी। मुंबई पुलिस ने कहा कि उसने एक एमबीएधारक का पता लगा है, जिसने रतन टाटा को धमकी भरा फोन किया था।

### विजय दिवस: पीएम ने शहीदों को किया नमन

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विजय दिवस पर उन सभी बहादुर नायकों को नमन किया, जिन्होंने 1971 में निर्णायक जीत सुनिश्चित करते हुए कर्तव्यनिष्ठा से भारत की सेवा की। पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, उनकी वीरता और समर्पण राष्ट्र के लिए अत्यंत गौरव का स्रोत है। देश उनके साहस को सलाम करता है। रक्षा मंत्री ने दिल्ली में अमर जवान ज्योति पर जा कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

### गिरिडीह में 13 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने शनिवार को एक साथ 13 साइबर ठगों को दबोचा है। इनके पास से एक ब्रेजा कार, 43 सिम कार्ड, एक पासबुक, एक लाख नकदी, दो बाइक, दो पैनकार्ड, 28 मोबाइल और पांच एटीएम कार्ड जब्त किये हैं। इनमें 5 सिम कार्ड फर्जी हैं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## राजधानी की सड़कों पर क्रिसमस उत्सव यात्रा...



फोटो : समीर

चाईबासा में बोले हेमंत सोरेन- बैंक के भरोसे बच्चों को नहीं छोड़ेंगे

# अब गांव से चलेगी हमारी सरकार: सीएम

### सरकार आपके द्वार

- 15 हजार किमी ग्रामीण सड़कें बनाने का निर्णय
- 137 योजनाओं का शिलान्यास, 94 योजनाओं का उद्घाटन
- 332 लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, चाईबासा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा मेरे नेतृत्व में जब तक सरकार चलेगी सरकारी अधिकारी, पदाधिकारी एवं कर्मी आपके द्वार पहुंचकर दरवाजा खटखटाते रहेंगे। उनकी सरकार गांवों से ही चलेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड कुछ वर्ष बाद युवा राज्य बन जायेगा। अबतक इस राज्य को मजबूत हो जाना चाहिए था। राज्यवासियों के लिए पूर्व में बेहतर ढंग से कार्य किया गया होता तो आज यह राज्य समृद्ध राज्य के रूप में जाना जाता। (शेष पेज 11 पर)

### पूर्व की सरकारों ने खून चूसने का काम किया



कार्यक्रम में सीएम ने पूर्व की सरकारों पर हमला भी बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद झारखंड को सरप्लस बजट दिया गया था। लेकिन विपक्ष की सरकारों ने 20 सालों में इस सरप्लस बजट को घाटे के बजट में पहुंचा दिया। आज झारखंड देश का सबसे पिछड़ा राज्य है, क्योंकि पूर्व की सरकारों ने झारखंड का खून चूसने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। हमने जो आपसे वादा किया है, उसी के अनुरूप योजनाओं को तैयार किया है। अगर ये योजनाएं उसी तरह घरातल पर उतर जाये और सभी लोग इसका लाभ ले लें तो आने वाले दिनों में झारखंड से गरीबी और पिछड़ापन जल्द ही खत्म हो जायेगा।

केंद्र की विकास योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद में बोले मोदी

# छोटे-छोटे शहरों की नींव पर ही विकसित होगा भारत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में शहरों की बड़ी भूमिका है। इसीलिए सरकार छोटे और मझौले शहरों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। कहा कि विकसित भारत का निर्माण देशभर में छोटे-मझौले शहरों की बुनियाद पर होगा। सरकार ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाओं, युवाओं और अन्य कमजोर वर्गों की आर्थिक और सामाजिक तरक्की के लिए भी ठोस कदम उठाये हैं। पीएम शनिवार को पांच राज्यों-राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम को आभासी माध्यम से संबोधित कर रहे थे। बताते चलें कि इन राज्यों में चुनाव संबंधी आचार संहिता के कारण यह यात्रा शुरू नहीं की जा सकी थी।

**2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य :** मोदी सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को विकासशील देश से निकालकर विकसित देशों की पंक्ति में खड़ा करने का लक्ष्य रखा है। उस समय भारत स्वतंत्रता की सौ वीं वर्षगांठ मना रहा होगा। आजादी के लंबे समय तक जो भी विकास हुआ, उसका दायरा देश के कुछ बड़े शहरों तक सीमित रहा, लेकिन आज हम टियर-टू और टियर-थ्री वाले शहरों के विकास पर बल दे रहे हैं। देश के सैकड़ों छोटे शहर ही विकसित भारत की भव्य इमारत को सशक्त करने वाले हैं। (शेष पेज 11 पर)

### मोदी की गारंटी वाली गाड़ी की कमान आपके हाथ



पीएम ने इस यात्रा को मोदी की गारंटी वाली गाड़ी बताया और कहा, इसको हरी झंडी भले मोदी ने दिखाया हो, लेकिन इसकी कमान आम लोगों ने संभाल ली है। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की विकास योजनाओं के कुछ लाभार्थियों से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि यह विकास यात्रा मोदी की गारंटी को देश के कोने–कोने तक पहुंचा रही है। महज एक महीने में यात्रा हजारों गांवों के साथ–साथ डेढ़ हजार शहरों में भी पहुंच गयी है, जिसमें ज्यादातर छोटे और मझौले शहर शामिल हैं। यह यात्रा की गाड़ी जिस गांव या शहर में अपना अभियान पूरा करती है, वहां दूसरे गांव या शहर के लोग उसकी अगुवाई करने लगते हैं। कार्यक्रम के शुरू में केंद्रीय शहरी विकास एवं रोजगार मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने श्री मोदी का स्वागत किया। साथ ही कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र में पिछले करीब 10 साल से चल रही सरकार के दौरान भारत में बुनियादी ढांचा क्षेत्र के विकास में अभूतपूर्व गति से काम हुआ है। विकसित भारत के संकल्प में हमारे शहरों की बहुत बड़ी भूमिका है।

### स्वर्णजड़ित होंगे राम मंदिर के 14 दरवाजे

**अयोध्या।** भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गर्भगृह तैयार हो चुका है। अब मुख्य गर्भगृह सहित प्रवेश के द्वारा और अन्य स्थानों पर दरवाजे लगाने का काम तेजी से चल रहा है। भगवान राम के नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह के दरवाजे स्वर्ण जड़ित होंगे। दरवाजों पर सोने का आवरण चढ़ाने से पहले उनके ऊपर तांबे की कोटिंग होगी। मंदिर परिसर में कुल 14 ऐसे दरवाजे होंगे जिन्हें स्वर्ण जड़ित आवरण से सुशोभित किया जायेगा। इसके लिए इन दरवाजों के ऊपर तांबे की चद्दर लगाने का काम शुरू हो गया है। 10 दिन में इस काम को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। राम मंदिर के 14 दरवाजों पर सोने का आवरण लगाने का कार्य दिल्ली की कंपनी करेगी। कुल 14 दरवाजों पर तांबे के आवरण चढ़ाये जा रहे हैं। इसके बाद उनके ऊपर सोने की चादर चढ़ाई जायेगी। जिससे सभी दरवाजे सुंदर दिखायी दें।

## इडी कोर्ट ने योगेंद्र, मित्तल और बागची की याचिका खारिज की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इडी की विशेष कोर्ट ने शनिवार को सुनवाई के बाद शराब घोटाले में योगेंद्र तिवारी, टेंडर घोटाल में मुकेश मित्तल और सैन्य जमीन घोटाले में प्रदीप बागची की जमानत अर्जी खारिज कर दी। शराब घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोपी योगेंद्र तिवारी को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने जमानत देने से इनकार किया है। अदालत ने याचिका पर सुनवाई के बाद छह दिसंबर को आदेश सुरक्षित रख लिया था। इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार काका ने जमानत का विरोध किया था। उन्होंने बताया था कि योगेंद्र तिवारी के खिलाफ मनी लाउंड्रिंग करने का ठोस सबूत हैं, ऐसे में जमानत नहीं दी जा सकती है। वह 19 अक्तूबर से वह न्यायिक हिरासत में जेल में है।

**प्रदीप बागची को नहीं मिला बेल :** बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली 455 डिसमिल जमीन की खरीद-बिक्री के फर्जीवाड़े में शामिल प्रदीप बागची को फिलहाल जेल में ही रहना पड़ेगा। ईडी कोर्ट ने उसकी जमानत अर्जी शनिवार को खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने उसकी ओर से दायर जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद 13 दिसंबर को सुरक्षित रख लिया था। शनिवार को अदालत ने अपना आदेश सुनाया। आरोपी ने जमानत की गुहार लगाते हुए 12 दिसंबर को अर्जी दाखिल की थी। प्रदीप बागची को 14 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। उस पर फर्जी रैयत बनकर जगत बंधु टी इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक दिलीप कुमार घोष को सेना की जमीन बेचने का आरोप है।

**मुकेश मित्तल की याचिका भी खारिज :** टेंडर घोटाला के जरिये अवैध कमाई और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका ईडी कोर्ट ने सुनवाई खारिज कर दी। (शेष पेज 11 पर)

झारखंड में ठंड के कारण बढ़ी ठिठुरन

# कांके का पारा 5 तो गढ़वा @ 6 डिग्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। धूप में भी ठंडी हवा के कारण ठिठुरन बढ़ गयी है। तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। झारखंड में ठंड आने वाले दिनों में और सतायेगी। राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन इसके बाद अगले दो दिन इसमें धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है। रांची के कांके के कुछ इलाकों का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुकी है। पिछले 24 घंटे में गढ़वा का न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। उच्चतम तापमान 27.8 डिग्री चाईबासा में जबकि न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस गढ़वा में दर्ज किया गया। वहीं शुक्रवार को रांची का अधिकतम तापमान 23.2 और न्यूनतम तापमान 8.2 था। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम 11.2 रहा। डालटनगंज का अधिकतम तापमान 27.2 और न्यूनतम तापमान 8.5 रहा। आने वाले चार दिनों में न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस तक आने का अनुमान है। सुबह में कोहरे के बाद आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा। इसके साथ आंशिक बादल छाये रहने का भी अनुमान है। वहीं विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि शहरी क्षेत्र से ज्यादा ग्रामीण और खुले क्षेत्रों में तापमान में गिरावट दर्ज की जाती है। जहां पानी, जंगल या खुले स्थान होते हैं वहां ठंड अधिक महसूस किया जाता है। उन्होंने बताया कि रांची के कांके के कुछ इलाकों में तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुकी है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गयी है।

### दो कोच के साथ ही दौड़ती रही मुंबई मेल

**कोलकाता।** हावड़ा से मुंबई के लिए रवाना हुई मुंबई मेल के कई कोच इंजन से अलग हो गये। ट्रेन दो डिब्बे के साथ ही दो किलोमीटर तक दौड़ती रही। ट्रेन की स्पीड कम होने की वजह से बड़ा हादसा टल गया। यह घटना खड़गपुर शाखा के वीरशिवपुर में गुरुवार देर रात हुई। जैसे ही रेलवे प्रशासन को इसकी जानकारी मिली, महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में मरम्मत का काम कराकर ट्रेन को मुंबई के लिए रवाना किया गया। हालांकि, इसमें कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन खड़गपुर रूट की सभी ट्रेनें प्रभावित हुईं।

संसद में स्मोक अटैक : बेहद खौफनाक था हमलावरों का दूसरा प्लान

# सदन में आत्मदाह करनेवाले थे मनोरंजन और सागर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले 6 आरोपियों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के समक्ष इन आरोपियों ने कई खतरनाक प्लान का खुलासा किया। आरोपियों ने संसद में ही आत्मदाह और पर्चे बांटने की योजना भी बनायी थी। संसद की सुरक्षा में 13 दिसंबर को सेंध लगाने के मामले में आरोपियों ने कहा कि लोकसभा के कक्ष में कूदकर धुआं उड़ाने की योजना पर सहमति बनाने से पहले स्वयं को आग लगाने की भी योजना बनायी थी। सदन में पर्चा बांटने जैसे विकल्पों पर भी विचार किया था। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने सबसे पहले अपने शरीर को अग्निरोधक लेप से ढककर आत्मदाह करने पर विचार किया। बाद में किन्ही कारणों से यह विचार त्याग दिया। आखिरकार संसद में धुआं फैलाने का विकल्प चुना। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी को बताया कि लोकसभा कक्ष में कूदने की इस योजना को अंतिम रूप देने से पहले आरोपियों ने कुछ ऐसे तरीके तलाशे थे जिनके जरिये वे प्रभावशाली तरीके से सरकार तक अपना संदेश पहुंचा सकें। (शेष पेज 11 पर)



### छठा आरोपी महेश भी गिरफ्तार

इस मामले में पुलिस ने शनिवार को छठे आरोपी भी गिरफ्तार कर लिया। इसकी पहचान महेश कुमावत के तौर पर हुई। दिल्ली पुलिस के अफसरों ने इसकी पुष्टि की है और बताया है कि महेश भी पूरी साजिश का हिस्सा था। घटना के बाद उसी के के घर छिपा था मास्टरमाइंड ललित मोहन झा। घंटों चली पूछताछ के बाद गिरफ्तारी की गयी। राजस्थान के नागौर जिले का निवासी महेश भी 13 दिसंबर कोही दिल्ली आया था। उसी दिन लोकसभा की सुरक्षा में चूक की घटना हुई थी। राजस्थान में महेश के ठिकाने पर ही मुख्य साजिशकर्ता ललित झा घटना के बाद दिल्ली से भाग गया था। कुमावत को भी कोर्ट ने 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा से भी बयान लेगी दिल्ली पुलिस की विशेष जांच टीम

मामले की जांच कर रहे दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की टीम मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा का बयान दर्ज करने की तैयारी कर रही है। सदन के भीतर सुरक्षा में सेंध लगाने वाले दो पुरुषों को सिम्हा के जरिये पास मिला था। आरोपी सागर शर्मा और मनोरंजन डी शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूद गये थे और उन्होंने केन' से पीली गैस उड़ाते हुए नारेबाजी की जिसके बाद सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया था। लगभग उसी समय संसद भवन के बाहर दो अन्य आरोपियों अमोल शिंदे और नीलम देवी ने केन' से रंगीन धुआं फैलाते हुए तानाशाही नहीं चलेगी'' के नारे लगाये थे। पांचवें आरोपी ललित झा ने विरोध प्रदर्शन के वीडियो सोशल मीडिया पर कथित तौर पर प्रसारित किया था। शुक्रवार की देर रात, पुलिस इन आरोपियों को कई अलग-अलग जगहों पर ले गये जहां वे सब मिले थे और उल्लंघन की साजिश रची थी।

Meditrina HOSPITALS

भारत के प्रसिद्ध इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, मेडिट्रिना ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक



द्वारा स्थापित
डॉ एन प्रताप कुमार
एमडी, डीएम, एफआईसी (इटली)
चीफ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट और सीएमडी-मेडिट्रिना ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स
मेडिट्रिना अस्पताल, जमशेदपुर अपनी नैतिक चिकित्सा पद्धतियों के लिए जाना जाता है, जो इसे रोगियों के लिए पसंदीदा विकल्प बनाता है।

दिनांक 23 एवं 24 दिसम्बर 2023
परामर्श एंजियोग्राफी एंजियोप्लास्टी के लिये उपलब्ध है
ह्रदय रोग के मरीज जिनका पूर्व में किया गया बायपास या एंजियोप्लास्टी सफल नही हुआ हो, वो मरीज जो बायपास न कराना चाहते हो, वो मरीज जिन्हें कहा गया हो कि आपकी एंजियोप्लास्टी नही की जा सकती, ऐसे मरीज अपने Angiography CD के साथ संपर्क करें।

आकर्षक दरें All Packages*
ह्रदय जांच पैकेज*
सामान्य स्वास्थ्य जांच पैकेज*
मधुमेह स्वास्थ्य जांच पैकेज*
पल्मोनोलॉजी स्वास्थ्य जांच पैकेज*
*T&C Apply

24/7
- कैथलेब सुविधा ■ हेमोडायलासिस युनिट ■ फामेर्सी
- आपातकालीन सुविधा ■ इंटेसिव केयर
विभाग : ■ कार्डियोलॉजी ■ नेफ्रोलॉजी ■ पल्मोनोलॉजी ■ डायाबैटोलोजी ■ जनरल मेडिसिन ■ कार्डियो डायबेटोलोजी

सभी सरकारी इम्पैनल्ड सेवाएँ : ई.एस.आई., सी.आर.पी.एफ, टी.पी.ए. आदि

आदित्यपुर, जमशेदपुर
C2, 11, दिंदली बस्ती, आदित्यपुर,जमशेदपुर, झारखण्ड - 831013
For Appointment Call :
7808020202, 9534343434, 0657-6688888
कोल्लम । तिरुवनंतपुरम । जमशेदपुर । हरियाणा । उत्तर प्रदेश । उत्तराखंड । मालदीव

### ऑड्रे हाउस रांची में आयोजित चतुर्थ राष्ट्रीय विचार मंथन में बोले सीपी राधाकृष्णन

# डॉ लोहिया ने मुख्यधारा से वंचित लोगों के अधिकार एवं समानता के लिए उठायी आवाज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** खरसावां शहीद दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर ऑड्रे हाउस रांची में चतुर्थ राष्ट्रीय विचार मंथन को संबोधित करते हुए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया सिर्फ एक राजनीतिक व्यक्ति ही नहीं, बल्कि एक महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने समाज के मुख्य धारा से वंचित लोगों के अधिकार एवं समानता के लिए आवाज उठायी। वे आज भी हमारे प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया पहले राजनेता थे जिन्होंने खरसावां घटना के उपरांत वहां जाकर इस घटना की तुलना जलियांवाला बाग की घटना से की।

उन्होंने अपनी पत्रिका मैनकाइंड में खरसावां में रक्त स्नान शीर्षक नामक एक लेख भी लिखा था। बताते चलें कि आड्रे हाउस में दो दिनी चतुर्थ राष्ट्रीय विचार मंथन का आयोजन किया गया है। राज्यपाल ने इस अवसर पर पुस्तकों का अनावरण किया और कहा कि अनूठी शोध परियोजनाओं से संबंधित इन पुस्तकों की उपलब्धता सभी विश्वविद्यालयों में होनी चाहिए।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सभी ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों के कहानियों का पता लगाएं एवं समाज को उनके योगदान से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि आज हम भगवान बिरसा मुंडा एवं अन्य महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के कारण स्वतंत्र देश में रहते हैं।

शहीदों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करना हमारा कर्तव्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समावेशी विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। वे हमारे युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। युवाओं एवं देश को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत@2027ः युवाओं की आवाज का शुभारंभ किया है। यह आजादी के 100वें वर्ष यानी 2027 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना है। राज्यपाल ने इस अवसर पर देश के विभिन्न प्रांतों से आए लोगों को सम्मानित किया एवं दो दिवसीय इस कार्यक्रम में सार्थक चर्चा की कामना की।

# भारतीय खाद्य निगम ई-नीलामी से बेच रहा है गेहूं और चावल

### ओएमएसएस (डी) के तहत की जा रही बिक्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय खाद्य निगम खुली बिक्री योजना के माध्यम से समय-समय पर पूर्व निर्धारित कीमतों पर उपलब्ध स्टॉक से गेहूं की बिक्री करता है, ताकि बाजार में गेहूं की आपूर्ति में वृद्धि हो सके। साथ ही लीन सीजन के दौरान कीमतों पर नियंत्रण रखा जा सके। यह जानकारी झारखंड एफसीआई के अधिकारियों ने प्रेसवार्ता में उप प्रबंधक एफसीआई अभिषेक सिन्हा, हेमंत कुमार जैसवाल, देवेंद्र बैस, आशीष कुमार और तुलसी राम ने दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से गेहूं व चावल की बढ़ती कीमतों को कम करने के लिए सेंट्रल पूल स्टॉक से ई-नीलामी के माध्यम से पूरे देश में गेहूं एवं चावल की बिक्री पंजीकृत खरीदारों के लिए ओएमएसएस (डी) के तहत प्रत्येक सप्ताह कर रहा है। वर्तमान में भी गेहूं की खुले बाजार में बिक्री गेहूं 2150/- प्रति क्विंटल और चावल 2900 प्रति क्विंटल के मूल्य पर किया जा रहा है।

**अब 7000 के जगह 11,500 मीट्रिक टन गेहूं की बिक्री के लिए निविदा आमंत्रित :** इससे पूर्व प्रत्येक सप्ताह में भारतीय खाद्य निगम ने 2 लाख मीट्रिक टन गेहूं की बिक्री के लिए देश भर में निगम के विभिन्न गोदामों से निविदा आमंत्रित किया था। आनेवाले सप्ताह से इसे दो गुणा बढ़ाकर 4 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। वर्तमान समय में भारतीय खाद्य निगम हर सप्ताह 7000 मीट्रिक टन गेहूं की बिक्री के लिए निविदा आमंत्रित कर रहा था, जिसे अब बाजार में गेहूं की बढ़ती मांग के मद्देनजर और राज्य के लोकल मिलर/आटा चक्की एसोसिएशन की मांग को देखते हुए बढ़ाकर 11,500 मीट्रिक टन कर दिया गया। पूर्व में प्रति खरीदार द्वारा प्रत्येक नीलामी में केवल 10 मीट्रिक टन चावल से 1000 मीट्रिक टन चावल तक ही खरीदी जा सकती थी, उसे भी अब बढ़ाकर 1 मीट्रिक टन से 2000 मीट्रिक टन तक कर दी गयी है।

#### ऑनलाइन की जा रही है नीलामी

नीलामी की प्रक्रिया ऑनलाइन वेबसाइट के माध्यम से किया जा रहा है. इसको लेकर निगम हर शुक्रवार को निविदा आमंत्रित कर रहा है। गेहूं एवं चावल की खरीदारी के लिए मिलरों, आटा चक्कियों, गेहूं उत्पादक, चावल उत्पादक और चावल व्यापारियों का पंजीकरण एमजंक्शन सर्विसेस लि. की वेबसाइट पर किया जा रहा है।

# आत्म निर्भर भारत के संकल्प को साकार करेगा पीएम विश्वकर्मा योजना : बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आत्म निर्भर भारत का निर्माण आवश्यक है। श्री मरांडी शनिवार को पीएम विश्वकर्मा योजना पर आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। यह आयोजन पार्टी मुख्यालय में किया गया था। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना यह आत्मनिर्भर भारत की कुंजी बनेगी। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना में सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास भी शामिल है। उन्होंने कहा कि देश में प्राचीन काल से हुनर की कमी नहीं रही। लेकिन आजादी के बाद देश की प्राचीन हुनर मंद कारीगरों को आगे बढ़ने, उन्हे आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में पहल नहीं की गई। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके सर्वांगीण विकास की चिंता की है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना में पिछड़े, दलित, आदिवासी समाज के लोग ही सर्वाधिक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना से गांव गरीब हुनरमंद पारंपरिक कारीगर आगे बढ़ेंगे। यह योजना उनके लिए प्रगति का सुनहरा अवसर लेकर आया है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भारत की प्राचीन हुनरमंद कारीगर, यहां की अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभ थे। पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रदेश प्रवासी मिथिलेश तिवारी ने योजना की विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर प्रारंभ की गई पीएम विश्वकर्मा योजना एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश को संबोधित करते हुये इसकी घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि इसमें पंजीकरण केलिए पात्रता न्यूनतम 18वर्ष है। जिन्होंने कोई सरकारी स्कीम में पहले ऋण नही लिया हो। उन्होंने कहा कि पहले चरण में आवेदक को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन 500रुपये भत्ता एवं 15000रुपये औजार खरीदने केलिए मिलेंगे। बैठक में पार्टी के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, विधायक बिरंची नारायण, कोचे मुंडा, अनंत ओझा, अमित मंडल, शशिभूषण मेहता, भानुप्रताप शाही, आलोक चौरसिया, नीरा यादव, किशुन दास, राज सिन्हा, केदार हाजरा,ढुल्लू महतो सहित ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारीगण शामिल थे।

### चाईबासा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# कुछ षडयंत्रकारी हमारी प्लानिंग फेल कर देते हैं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/चाईबासा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मेरी इच्छा थी कि तीसरे और चौथी श्रेणी की नौकरी झारखंड के लोगों को ही मिले और इसके लिए हमने स्थानीय नीति की योजना बनायी थी, लेकिन भाजपा के लोग गवर्नर के साथ काना फूसी करते हैं और उसे बदला देते हैं। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे पढ़े लिखे लोगों के लिए नौकरियों का विज्ञापन तो आ रहा है लेकिन हमारे राज्य के षड्यंत्रकारी लोग इसे पूरा ही नहीं होने दे रहे हैं। चाईबासा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंच से ये बातें कही।

**कानून बनाते हैं, पर वे रोक लगवा देते हैं :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि वे लोग हमारे काम को रोक रहे हैं। नौकरियों को लेकर 1932 आधारित कानून लाने की हम तैयारी करते हैं, ये लोग कोर्ट कचहरी कर देते हैं। गवर्नर हाउस में जाकर के काना फूसी करके बिल को वापस करा देते हैं। हमारी सोच थी कि तीसरी और चौथी श्रेणी की जितना भी नौकरी हो यहां के आदिवासी मूलवासी को ही मिले पर षडयंत्रकारी लोग कानून ही नहीं बनने देते हैं। हम कानून बनाने जाते हैं तो ये दिमाग से इतने मजबूत हैं कि उसे रोक देते हैं। पैसा कौड़ी से तो मजबूत हैं ही, पढ़े-लिखे भी बहुत हैं। उनके पास विद्वान लोग हैं, बड़ा-बड़ा वकील है, जज है, इनके सभी लोग मिलकर के इस पर रोक लगा देते हैं।

#### आदिवासी समाज में कोई बड़ा जज नहीं

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आदिवासी समाज में आज तक बड़ा जज नहीं हुआ है। उन्होंने सवाल किया कि आदिवासियों में कितने बड़े वकील हैं। आदिवासियों में कितने बड़े जज हैं। सीएम ने कहा कि पहली बार हम लोगों ने एक आदिवासी महिला को जज के लिए रिकमेंड किया है। हम लोगों को बहुत ढूंढने के बाद एक महिला मिली है जिसे हम लोगों ने आगे बढ़ाया है।

## खबर एक नजर में

### कर्नाटक की पीड़ित महिला से मिली आशा लकड़ा

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर शनिवार को पार्टी की राष्ट्रीये सचिव डॉ आशा लकड़ा समेत पांच सदस्य जांच समिति में शामिल सदस्य अपराजिता सारंग, सुनीता दुग्गाल, लाकेट तटर्जी व रंजीता कोली ने कर्नाटक के बेलगावी स्थित वन्तामुरी गांव में आदिवासी समुदाय की पीड़ित महिला से मुलाकात की। उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि जब तक पीड़िता को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता उनके साथ है। डा आशा लकड़ा ने कहा कि यह घटना 11 दिसंबर की है। रात एक बजे वन्तामुरी गांव में एक महिला को गांव में निर्वस्त्र कर घुमाया गया। फिर उसे बिजली के खंभे से बांध कर मार पीटा गया। इस मामले में पुलिस ने 11आरोपितो को गिरफ्तार किया है। हालांकि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने में लापरवाही की है। जब हमारी टीम ने वहां के पुलिस अधिकारियों से बात की तो उसके बाद क्रिमिनल की धारा को प्राथमिकी में जोड़ा गया। जल्द ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी को इसे घटना की जांच रिपोर्ट सौंपी जायेगी।

### रांची जिला रौनियार बैश्य सभा का चुनाव आाज, मांडर में होगी वोटिंग

**रांची।** रांची जिला रौनियार वैश्य सभा रांची का वर्ष 2023 का चुनाव सोसई आश्रम मांडर में रविवार की सुबह 10 बजे से होगा। 2 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद मतपत्रों की गिनती की जायेगी। इस चुनाव में 82 आजीवन सदस्य और 26 इकाई के प्रत्येक इकाई से 9-9 जिला प्रधिनिधि भाग लेंगे। कुल चार पद- अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और संगठन सह प्रचार मंत्री के लिए चुनाव कराया जायेगा। अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार हैं। इनमें ब्रजेश कुमार, दीपक कुमार, शंभू प्रसाद गुप्ता, वहीं, सचिव पद के लिए दो उम्मीदवार हैं, जिनमें अनूप कुमार लाल, अशोक कुमार गुप्ता का नाम शामिल है। इसी तरह कोषाध्यक्ष पद के दो उम्मीदवार हैं। इनमें अमर नाथ गुप्ता और बिहारी लाल गुप्ता तथा संगठन सह प्रचार मंत्री पद के लिए सिर्फ एक उम्मीदवार राजेंद्र साहू होने के कारण, उन्हें निर्विरोध विजयी घोषित किया जा चुका है। यह चुनाव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भुवनेश्वर प्रसाद साव, सह निर्वाचन पदाधिकारी मुरारी लाल गुप्ता, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी दीपांकर गुप्ता, प्रो सुनीता गुप्ता, अरविंद कुमार गुप्ता, सुरेश प्रसाद गुप्ता, एसएल मानिक, संजय कुमार गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, राधेश्याम साहू द्वारा संपन्न कराया जायेगा। बताते चलें कि अध्यक्ष पद के चुनाव में रांची चैंबर के पूर्व अध्यक्ष शंभू गुप्ता भी शामिल हैं। समिति के सदस्यों के आग्रह पर उन्होंने अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने का मन बनाया है।


**कार्यालयः-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 24.11.2023 को ग्राम अम्बाकोना जंगल से वनकर्मियों के द्वारा लगभग 7MT बॉक्साइड सहित एक ट्रक नं0–JH02M6565 को जप्त कर चैनपुर वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 22.12.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल

PR 313643Forest, Environment and Climate Changes(23-24)#D :–वन है,तो जीवन है–:


# राज्य में जातीय सर्वेक्षण कराने और ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने को मोर्चा ने गुरुजी को सौंपा मांग पत्र

### राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने झामुमो के केंद्रीय महासचिव से मिलकर दिया गुरुजी के नाम ज्ञापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** राज्य में जातीय सर्वेक्षण कराने, ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने,11वीं जेपीएससी के नियमावली को सुधारने एवं ओबीसी के हितों की रक्षा करने को लेकर शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र प्राप्त करने के बाद झारखंड मूर्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ओबीसी समुदाय के हक अधिकार के लिए चिंतित है, लेकिन महामहिम ने ओबीसी के आरक्षण बढ़ाने के कैबिनेट एवं विधानसभा से की गई अनुशंसा पर संज्ञान नहीं ले रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने जातीय सर्वेक्षण करने, ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने, ट्रिपल टेस्ट कर नगर निगम में चुनाव कराने, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सदस्यों की नियुक्ति करने, सात जिले में ओबीसी का आरक्षण शून्य कर दिए गए हैं, जेपीएससी द्वारा निकाली जा रहे नियुक्तियों में भी ओबीसी के साथ लगातार नाइंसाफी की जा रही है। जेपीएससी के माध्यम से जूनियर जज की नियुक्ति में ओबीसी का उम्र कट ऑफ सामान्य वर्ग के उम्र के बराबर कर दिया गया है। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 11वीं जेपीएससी परीक्षा नियमावली में कई खामियां है। उसे यूपीएससी पेटर्न पर आरक्षण नीति का अनुसरण करने एवम 11वीं जेपीएससी परीक्षा के लिए एससी एसटी ओबीसी के उम्र सीमा में छूट की कोई जानकारी नहीं दी गई है। इसे संज्ञान लेने की मांग की है। केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस पर काफी गंभीर हैं। शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलकर संज्ञान लेने का आश्वासन दिया है। मांग पत्र सौंपने वालों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के साथ प्रदेश महासचिव रामावतार कश्यप,कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा और जगदीश साहू शामिल थे।

# झारखंड प्रदेश पासवा अध्यक्ष सहित पूरी प्रदेश कार्यकारिणी भंग : अहमद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद स्माइल अहमद ने झारखंड प्रदेश पासवा अध्यक्ष सहित पूरी प्रदेश कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। वहीं, कहा है कि नए प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी की गठन अविलंब कर दी जाएगी। नए संगठन के स्वरूप में आने तक पासवा के प्रदेश सचिव तौफिक अंसारी प्रभाव में रहेंगे। निजी विद्यालयों का सबसे बड़ा संगठन पासवा में पूरी तरह से पारदर्शिता बनाए रखने के लिए 3 वर्षों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद संगठन में नई कार्यकारिणी एवं प्रदेश पदाधिकारियों का चयन किया जाता है। पासवा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा

#### नई कमिटी अस्तित्व में आने तक प्रभाव में रहेंगे पासवा के प्रदेश सचिव

है कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई थी, उसमें खरा उतरने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा संगठन में समय-समय पर बदलाव जरूरी होता है। आलोक दूबे ने कहा नई कार्यकारिणी, प्रदेश पदाधिकारी एवं प्रदेश अध्यक्ष के गठन के लिए हमने राष्ट्रीय अध्यक्ष को कुछ नाम प्रस्तावित भी किया है। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष झारखंड को एक मजबूत एवं सशक्त टीम देंगे, ताकि पासवा जो आज झारखंड में एक पहचान बन चुकी है और तीव्र गति से आगे बढ़ेगी। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आलोक दूबे ने संगठन से जुड़ने वाले साथियों से आग्रह किया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद को अपना बायोडाटा उपलब्ध करा दें।

# प्रधानमंत्री केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित हैं : राज्यपाल

### राज्यपाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को पुराने विधान सभा के निकट स्थित मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक विकसित एवं सशक्त राष्ट्र के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता व संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आज पांच राज्यों- मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। मालूम हो कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती से ही किया गया था। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगों को कल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराने एवं जागरूक करने का अभिनव तरीका है, जो लोगों के सामाजिक-आर्थिक विकास में सहायक है। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है, ताकि विकास का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे। कोई भी व्यक्ति इससे वंचित न रहे। प्रधानमंत्री द्वारा हमारी माताओं एवं बहनों को पारंपरिक खाना पकाने के तरीकों से होने वाले हानिकारक प्रभावों से मुक्त करने के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शुरू किया गया। बेघरों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बेहतर उपचार के लिए स्वास्थ्य बीमा कवरेज आयुष्मान भारत योजना प्रारम्भ किया गया है। कृषि के क्षेत्र में पीएम किसान सम्मान निधि योजना, स्वच्छ पेयजल की दिशा में जल जीवन मिशन योजना, खाद्य सुरक्षा योजना समेत कई कल्याणकारी योजनाएं हैं।

#### योजनाओं के प्रति लोगों में जागरूकता आवश्यक

राज्यपाल ने कहा कि योजनाओं के प्रति लोगों में जागरूकता आवश्यक है। इस कार्य में जन-प्रतनिधियों की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी लोगों से कहा कि इस दिशा में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए लोगों को विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करने को प्रेरित करें। देश की आजादी के 100वें वर्ष अर्थात 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है और ये सबके सामूहिक प्रयास से ही हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर राज्यपाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व लाभार्थियों के मध्य परिसंपत्ति का वितरण किया। कार्यक्रम को स्थानीय सांसद संजय सेठ और विधायक सीपी ने भी संबोधित किया।

स्पीड न्यूज

## एसएसपी ने किया व्यवहार न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण



जमशेदपुर। वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, नगर के साथ सीतारामडेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्ती करते हुए पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर न्यायालय परिसर में सुरक्षा- व्यवस्था का जायजा लिया। व्यवहार न्यायालय में आने- जाने वाले रास्ता, एंट्री गेट आदि का भी निरीक्षण करते हुए न्यायालय परिसर में तैनात पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों को मुस्तैद रहकर ड्यूटी करने संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## 1971 के युद्धवीरों को दी गई श्रद्धांजलि



जमशेदपुर। मन भी अर्पण, तन भी अर्पण , है मातृभूमि,तेरे खातिर मेरा सारा जीवन है अर्पण । उपर्युक्त बात क्रीड़ा भारती के संरक्षक एवं कोशिका एवं मुस्कान के संस्थापक मुख्य अतिथि शिव शंकर सिंह ने अपने संबोधन में शनिवार को विजय दिवस की संध्या पर संगठन द्वारा शहीद स्थल, गोलमुरी में आयोजित कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम का शुभारंभ 1971 के युद्धवीरों द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई,जहां वीर शहीद अमर रहे एवं भारत माता की जय के नारों के साथ वातावरण गुंजायमान रहा इसके बाद संगठन के सदस्यों द्वारा संगठन गीत प्रस्तुत किया गया। मौके पर अतिथि के रूप में क्रीड़ा भारती के प्रांतीय मंत्री राजीव कुमार एवं संगठन के मार्गदर्शक जसवीर सिंह उपस्थित रहे ।पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने युद्ध वीरों को सम्मानित कर कहा कि सैनिक सम्मान संगठन की प्राणिता रही है । कार्यक्रम में 1971 के युद्ध वीरों को पुष्पगुच्छ दे सम्मानित किया गया एवं युद्ध वीरों ने दुनिया के नक्शे पर वीरों के शौर्य की गाथा से उदीयमान होने वाले बांग्लादेश की लड़ाई की ऐतिहासिक विजय की दास्ता मौके पर मौजूद सभी पूर्व सैनिकों एवं नागरिक परिवेश को बताया। 1971 का युद्ध भारतीय रणबांकुरे के सामने पाकिस्तान की 93000 सैनिकों ने 16 दिसंबर 1971 को महज 13 दिनों में हथियार डाल दिए थे। भारतीय सेना ने पाकिस्तान को धूल चटा दी तब बांग्लादेश का निर्माण हुआ। आज उसी की जीत का जश्न मनाने हेतु विजय दिवस मनाया जाता है। शूरमाओं की शहादत और वीरों के शौर्य से लौहनगरी की तरुणाई में राष्ट्रप्रेम का ज्वार प्रवाहित हो सके,यही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। मौके पर संगठन के प्रतिनिधिगण के नेतृत्व में तीनों सेना से सेवानिवृत्त सैनिक साथियों एवं सिविल समाज के लोग उपस्थित हुऐधन्यवाद ज्ञापन मनोज सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सैन्य मातृशक्ति से, नृपुर, शर्मिला,पूनम, वरुण कुमार, जिला अध्यक्ष विनय यादव, जिला महामंत्री जितेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक शर्मा, अवधेश जी,दया भूषण,विश्वजीत सिंह, संजीव श्रीवास्तव,सुखविंदर सिंह, अवधेश, एस के सिंह सर, दीपकशर्मा, सत्यप्रकाश, मनोज सिंह, दया भूषण, वाई के मिश्रा, उमेश सिंह, अनुपम शर्मा एवं अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## सावित्री बाई फुले सेवा दल ने महिला की आंखों का कराया ऑपरेशन



जमशेदपुर। सावित्रीबाई फुले सेवा दल के बैनर तले खासमहाल निवासी गुरुवारी जी का संस्था के द्वारा आंख का ओप्रेशन कराया गया साथ ही उनको पावर चस्मा एवं फल का सहयोग दिया गया। इस पुण्य कार्य में राजेश भगत,निकेश कुमार, अजीत कुमार भगत,सुवोध प्रभाकर, रुपेश कुमार,शुभ नारायण भगत, महेश भगत, विनय भगत का सराहनीय योगदान रहा।

# बनारस की धरती पर पीएम मोदी ने किया था भोजपुरी को मान्यता दिलाने का वादा

### भाजपा के राष्ट्रीय नेता डॉ संजय मयूख प्रधानमंत्री तक पहुंचायेंगे बात

**विशेष संवाददाता**

## अखिल भारतीय भोजपुरी सम्मेलन में पीएम के वादे पर हुई चर्चा



सम्मेलन को संबोधित करते विधायक सरयू राय।



मॉरिसस की भोजपुरी विद्वान सरिता बुधु।

**जमशेदपुर।** मॉरीशस में भोजपुरी इंस्टीट्यूट की संस्थापक और अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी आंदोलन की कर्ताधर्ता सरिता बुद्धू का कहना है कि जब प्रवासी भारतीय मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम एवं अन्य देशों में भोजपुरी को संवैधानिक प्रतिष्ठा दिला सकते हैं तो यह काम भारत जैसे महान देश में क्यों नहीं हो रहा है यह समझ से परे है। सरिता बुद्धू आज यहां तुलसी भवन,बिष्टुपुर में शुरू हुए 17 वें अखि भारतीय भोजपुरी सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि याद रखिए भोजपुरी को भारतीय संविधान की अष्टम सूची में दर्जा मिलता है तो इससे हिन्दी राष्ट्रभाषा को और मजबूती मिलेगी। मॉरिसस में हिन्दी को आज जो प्रतिष्ठा मिल रही है वह वहां के भोजपुरी भाषियों की देन है। सरिता बुधु ने कहा कि जब भारत की प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में बढ़ रही है और भारत का जादू विश्व पटल पर एक बार फिर छा रहा है तब यह काम और भी आसान हो जाना चाहिए। सविता बुधु ने याद दिलाया कि नरेंद्र भाई मोदी जब बनारस से चुनाव मैदान में उतरे तो उन्होंने अपने भाषण में वादा किया था कि वह प्रधानमंत्री बने तो भोजपुरी को उसका संवैधानिक दर्जा दिलाने में खुद पहल करेंगें। सरिता बुद्धू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को निश्चित रूप से भोजपुरी को संवैधानिक मान्यता दिलाने का अपना वादा याद होगा, अगर नहीं याद है तो उन्हें यह वादा अवश्य याद दिलाया जाना चाहिए। भारत में संविधान की अष्टम सूची में भोजपुरी को स्थान दिलाना प्रधानमंत्री मोदी के लिए बाएं हाथ का खेल है। सरिता बुद्धू की बातों का समर्थन करते हुए जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय कहा कि ऐसा नहीं है कि भारत सरकार ने भोजपुरी को संवैधानिक मान्यता दिलाने की दिशा में पहल नहीं की है। भोजपुरी को अष्टम सूची में शामिल करने का प्रस्ताव लोकसभा में पारित हो चुका है।ऐसे में मान्यता मिलने में बस थोड़ी सी ही कमी रह गई है। इसलिए भोजपुरी क्षेत्र के तमाम सांसदों और राजनीतिक नेताओं का फर्ज बनता है कि वह इस थोड़ी सी बाधा को दूर करने के लिए भारत सरकार से बातचीत करें। सरयू राय ने अपने साथ मंच साधना कर रहे बिहार के विधायक डॉ संजय मयूर की ओर इशारा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के निरंतर संपर्क में रहने वाले शख्स का नाम है संजय मयूख जो खुद भोजपुरी आंदोलन के कार्यकर्ता रहे हैं। हम लोग मंच से उनसे आग्रह करते हैं वे प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के कान में भोजपुरी की मान्यता में रह गई थोड़ी सी कमी को दूर करने के लिए निजी स्तर से आग्रह करें। सम्मेलन में अधिकांश वक्ताओं का मानना था की भोजपुरी को संवैधानिक मान्यता मिलने से इसे न सिर्फ प्रतिष्ठा मिलेगी बल्कि भोजपुरी भाषा को समृद्ध बनाए रखने की दिशा में शैक्षिक एवं साहित्यिक गतिविधियों को भी मदद मिलेगी। वक्ताओं ने भोजपुरी लेखन और साहित्य की गुणवत्ता को सारा साथ ही भोजपुरी संगीत और नृत्य में अश्लीलता का विरोध भी किया। बिहार के विधायक डॉ संजय मयूख ने इस दिशा में साहित्य जगत को बिना किसी लाग लपेट के आगे बढ़ाने की वकालत की। हरे राम चेतन और अन्य वरिष्ठ भोजपुरी सेवकों का कहना था कि वे भोजपुरी की संवैधानिक मान्यता के लिए, लड़ते-लड़ते उम्र के अंतिम पड़ाव पर आ गए हैं। भोजपुरी को मान्यता मिल जाए ताकि वे अपना अंतिम सपना पूरा होते देख सकें। दूसरी ओर डॉक्टर हरे राम चेतन ने यह भी कहा कि भोजपुरी के नए लेखकों को खूब सोच विचार करके साहित्य सृजन करना चाहिए और लेखन में भाषा की माटी की सुगंध बनी रहनी चाहिए।

# 17 जनवरी को टेल्को से निकलेगा भव्य नगर कीर्तन

## स्थानिक छोटे स्तर पर नगर कीर्तन निकालने पर लगेगी रोक : भगवान सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



बैठक को संबोधित करते प्रधान सरदार भगवान सिंह।

**जमशेदपुर।** सिखों के दसवें गुरु दसम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 357वें जन्म दिहाड़े पर टेल्को गुरुद्वारा से भव्य नगरकीर्तन निकाला जायेगा। सीजीपीसी की अन्य सभी गुरुद्वारा प्रतिनिधियों संग की गयी आम बैठक में नगर कीर्तन के आयोजन के अलावा और भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। शनिवार को सर्वसम्मति से एक और अहम फैसले में विभिन्न संस्थाओ द्वारा संगत से अर्जित किये जाने वाले अनुचित ग्राही (दान) पर सीजीपीसी ने नियामवली तय कर स्थानीय गुरुद्वारा कमिटियों के अनुमति के दायरे में ला दिया गया है, जो एक जनवरी से प्रभावी होगा। साकची स्थित कार्यलय में प्रधान भगवान सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में गोलपहाड़ी और जेम्को गुरुद्वारा कमिटि के प्रतिनिधियों ने भी वहां से नगरकीर्तन निकालने की इच्छा व्यक्त की थी परन्तु टेल्को गुरुद्वारा के समर्थन में चेयरमैन गुरमीत सिंह तोते के प्रस्ताव पर टेल्को से नगरकीर्तन निकालने की परवानगी सबने जयकार लगा दी। नगर कीर्तन के सफल और भव्य आयोजन को लेकर और भी अन्य निर्णय बैठक में लिए गए। सोनारी गुरुद्वारा के प्रधान तारा सिंह के सुझाव पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा अर्जित की जाने वाली ग्राही का एक अहम मुद्दा बनकर कर उभरा। जिस पर निर्णय लेते हुए कहा गया कि सिख नौजवान सभा को छोड़कर किसी अन्य द्वारा ग्राही लेना अनुचित माना जायेगा। यदि किसी संस्था को कोई धार्मिक समागम करना है तो संस्था अपने परिक्षेत्र में ही ग्राही कर सकती है परन्तु उन्हें सर्वप्रथम स्थानीय गुरुद्वारा कमिटी से अनुमति लेने होगी और समागम समाप्ति के बाद कार्यक्रम का पूरा लेखा-जोखा उक्त कमिटी से साझा करना होगा। इस फैसले पर भी सभी सदस्यों ने परवानगी की मुहर लगायी। उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह शेरगिल के सुझाव पर एक और महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए स्थानिक स्तर पर निकलने वाले छोटे नगर कीर्तन पर रोक लगायी गयी है, यह भी एक जनवरी से प्रभावी होगी। इस मुद्दे पर तर्क दिया गया कि सलाना दो बड़े नगर कीर्तन जमशेदपुर में निकाले जाते हैं। इन नगर कीर्तन के अलावा यदा-कदा विशेष समागम होने से अतिरिक्त शोभा यात्रा निकलती है। परन्तु आजकल कुछ सस्थाएं और गुरुद्वारा कमिटियां छोटे स्तर पर शोभा यात्रा निकालती हैं जिसपर अकाली दल, जमशेदपुर ने काफी रोष जताया है। क्योंकि इस दौरान गुरु ग्रन्थ साहिब का स्वरुप का सत्कार नहीं हो पाता है जिससे संगत के बीच अच्छा सन्देश नहीं जाता है। सरदार भगवान सिंह, अमरजीत सिंह और सरदार शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि यदि कोई संस्था इस तरह का कोई समागम पर विचार कर रही है तो उन्हें अकाली दल, जमशेदपुर, धर्म प्रचार कमिटी, स्थानीय गुरुद्वारा कमिटी या सीजीपीसी से अनुमति लेनी होगी। बैठक में अन्य कई फैंसले लिए गए जिनमे मुख्य रूप से जमशेदपुर में सिख जनगणना को लेकर सभी गुरुद्वारा के प्रधानों को प्रपत्र भी सौंपे गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान भगवान सिंह ने कहा कि नगरकीर्तन में शामिल होने ने स्कूल और स्त्री सत्संग सभा की यूनिट को भी लॉटरी के आधार पर सूची संख्या आवंटित कर दी गयी है। चेयरमैन सरदार शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि आनंद कारज पर हजूर साहिब के फरमान को सभी गुरुद्वारों में गुरमत रहत मयार्दा अनुसार प्रभावी करने को जरुरी कदम उठाये जाएंगे। महासचिव अमरजीत सिंह और गुरचरण सिंह बिल्ला ने कहा कि नगरकीर्तन में अन्य संस्थाओं को दी जाने वाली सेवा की भी घोषणा जल्द की जायेगी। सरदार भगवान सिंह ने कहा सभी गुरुद्वारा कमिटियों के प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि सभी प्रतिनिधि गुरु साहब के जन्मदिहाड़े के मद्देनजर अपने-अपने सम्बंधित यूनिट को अभी से जिम्मदारी निभाने के लिए निर्देश लागु कर दें। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन सरदार नरेंदरपाल सिंह ने किया।

## सामाजिक संस्था लोक समर्पण ने मनाया शरद मिलन समारोह

**जमशेदपुर।** शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था लोक समर्पण परिवार की ओर से शनिवार को शरद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। एग्रिको ट्रैफिक सिग्नल के समीप ओल्ड दुर्गा पूजा मैदान में आयोजित शरद मिलन समारोह में शहर के सामाजिक एवं राजनीतिक दलों से जुड़े सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। इस मौके पर समारोह में आये लोगों ने एक साथ बैठकर स्वादिष्ट लिट्टी पार्टी, कॉफी का आनंद लिया। संस्था के अध्यक्ष ललित दास की अध्यक्षता में आयोजित शरद मिलन समारोह में आये हुए अतिथियों का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। वहीं, संस्था के अध्यक्ष ललित दास ने बताया कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से सामाजिक सद्भावना एवं एकता को बल मिलता है। मिलन समारोह जैसे आयोजनों के जरिये एक समय पर सभी लोगों से मिलना सदैव उत्साहित करता है। ललित दास ने बताया कि संस्था लोक समर्पण शहर के विभिन्न क्षेत्रों साथ सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी अपने सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जनसेवा के विभिन्न कार्य निरंतर कर रही है। विगत कुछ वर्षों में संस्था ने अनेकों कार्यों के जरिये लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का सफल प्रयास किया है। उन्होंने शरद मिलन समारोह में आने वाले सभी लोगों के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद व्यक्त किया।

## बेंगलुरू एफसी के खिलाफ जमशेदपुर एफसी को मिली हार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** श्री कांतीरावा स्टेडियम में एक करीबी मुकाबले में जमशेदपुर एफसी को बेंगलुरु एफसी के खिलाफ 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले में जमशेदपुर की ओर से शानदार प्रदर्शन देखने को मिला लेकिन जावी हर्नांडेज ने पेनल्टी को गोल में बदलकर मैच का नतीजा तय कर दिया। शुरूआत से ही जमशेदपुर एफसी ने आक्रामक इरादे दिखाए। शुरूआत में बॉक्स के बाहर से जितेंद्र सिंह के प्रयास ने मैच की दिशा तय कर दी, जहां जमशेदपुर जोखिम लेना नहीं चाह रहा था। कोमल थाटल ने 14वें मिनट में बचाए गए शॉट के साथ इस खेल को जारी रखा, जिससे टीम की अवसर बनाने की क्षमता का प्रदर्शन हुआ। खेल का निर्णायक क्षण 44वें मिनट में आया जब बेंगलुरु एफसी के जावी हर्नांडेज ने पेनल्टी को सफलतापूर्वक गोल में बदल दिया और बेंगलुरु को बढ़त दिला दी। इस झटके के बावजूद, जमशेदपुर ने लगातार जवाब देने का प्रयास किया, जो सराहनीय था। दूसरे हाफ में जमशेदपुर ने री ताचिकावा, मोहम्मद सनन और इमरान खान जैसे नए खिलाड़ियों को शामिल किया, जिससे उनकी मिडफील्ड और आक्रामक वृद्धि हुई। इस रणनीतिक कदम का फायदा मिला और जमशेदपुर ने लगातार आगे बढ़ना जारी रखा और कई मौके बनाए।

**अगला मैच 21 को :** अब जमशेदपुर एफसी की टीम हैदराबाद के गाचीबोवली स्टेडियम में अपना अगला मुकाबला खेलेगी। जो 21 दिसंबर को घर से बाहर खेला जाएगा।

# गोपाल मैदान में जमशेदपुर फ्लावर शो 23 से 26 दिसंबर तक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** 23 से 26 दिसंबर तक गोपाल मैदान, जमशेदपुर में 33वें वार्षिक पुष्प शो सह बागवानी प्रदर्शनी के लिए पूरी तरह तैयार है। यह कार्यक्रम टाटा स्टील और टाटा यूआईएसएल के सहयोग से हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी जमशेदपुर' द्वारा आयोजित किया गया है। इस वर्ष शो की थीम है : खुशहाल हों प्रकृति और घर संसार, जब हम लायें फूलों की बहार। मौसमी फूल, बोनसाई, सब्जियां, मिट्टी रहित संस्कृति, गमले में लगे पौधों के साथ भू-दृश्य, नवोन्मेषी परिदृश्य सहित विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनियां वर्ष की थीम को प्रतिबिंबित करेंगी। इसके अलावा, उद्यान-आधारित उत्पादों और तकनीकी सत्रों का एक बड़ा संग्रह आगंतुकों को हमारी प्रकृति के संरक्षण और हरे-भरे परिवेश के पहलुओं से परिचित कराएगा। शामें सांस्कृतिक उत्सव के लिए आरक्षित है। उक्त जानकारी आयोजन समिति की अध्यक्ष सुमिता नुपुर और महासचिव अनुराधा महापात्रा ने सेंटर फॉर एक्सीलेंस में एक संवाददाता सम्मेलन में दी। सुमिता नुपुर ने बताया कि इस बार प्रदर्शनियों का मूल्यांकन देश भर के प्रख्यात बागवानी विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। अनुराधा महापात्रा ने बताया कि तकनीकी सत्र 24 और 25 दिसंबर को आयोजित किए जाएंगे। 24 दिसंबर के विषयों में मौसमी फूलों की खेती, सब्जी और किचन गार्डनिंग की नई तकनीकों को शामिल किया जाएगा। 25 दिसंबर को तकनीकी सत्र स्मार्ट बागवानी की तकनीक और सबसे महत्वपूर्ण रूप से पौधों के कीट और पोषण प्रबंधन पर केंद्रित होंगे।

**सीट एंड ड्रा 24 को**

24 दिसंबर को सुबह 9:00 बजे स्कूली बच्चों के लिए सिट एंड ड्रा प्रतियोगिता होगी। इसका उद्देश्य युवा मन में प्रकृति और हरियाली के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना है। हर साल यह आयोजन बहुत सारी प्रविष्टियाँ उत्पन्न करता है। इस साल हमारे पास जज करने के लिए 780 उभरते कलाकार हैं। इस वर्ष अंतिम समय की उलझन से बचने के लिए हमने पूर्व पंजीकरण करा लिया है। बिक्री काउंटरों के लिए एक अलग क्षेत्र होगाः नर्सरी स्टालों की कुल संख्या 25 और 14 पैन इंडिया स्टाल होंगे। ये स्टॉल दुर्लभ प्रजातियों के पौधों और उद्यान सामग्री से सुसज्जित होंगे।

## साहिबजादों की शहादत पर नतमस्तक हुई संगत, साकची में सजा कीर्तन दरबार

जमशेदपुर। छोटे साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह जी की शहादत को याद कर पोह माह की संग्रांद पर संगत ने साकची गुरुद्वारा में आयोजित कीर्तन दरबार में हाजरी भरी। शनिवार को गुरु गोबिंद सिंह के लाडले दोनों छोटे साहिबजादों की शहीदी को समर्पित साकची गुरुद्वारा परिसर में पोह माह की संग्रांद पर कीर्तन दरबार में संगत श्रद्धाभाव नतमस्तक हुई जहाँ भीगी पलकों से संगत ने उनकी शहादत पर गम के साथ गर्व महसूस किया। इस अवसर पर सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह, महासचिव अमरजीत सिंह, उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह शेरगिल, सलाहकार सुखदेव सिंह बिट्टू, कोषाध्यक्ष गुरनाम सिंह बेदी, सुरेंदर सिंह छिंदे, कुलविंदर सिंह पन्नू, अर्जुन सिंह वालिया समेत अन्य सदस्यों ने भी दरबार में हाजरी भरी। साकची गुरुद्वारा के प्रधान सरदार निशान सिंह के नेतृत्व में महासचिव परमजीत सिंह काले व शमशेर सिंह सोनी, सतनाम सिंह घुम्मन, सुखविंदर सिंह निक्कू, अजायब सिंह, जगमिंदर सिंह, अमरपाल सिंह ने सुचारु और व्यवस्थित तरीके से संग्रांद के समागम कार्यक्रम का संचालन किया।

# गुलमोहर स्कूल में 'सुर बहार' का शानदार समापन, जेपीएस को ओवर ऑल चैंपियनशिप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** शनिवार को गुलमोहर स्कूल के प्रांगण में वार्षिक अंतर-विद्यालय संगीत प्रतियोगिता सुर बहार का आयोजन हुआ। विशिष्ट गणमान्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी, जमशेदपुर, निर्मला कुमारी बरेलिया उपस्थित थीं। जिन्होंने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस कार्यक्रम को चार चांद लगा दिया। उन्होंने छात्रों से संगीत का लुत्फ उठाने के साथ-साथ अपने शहर जमशेदपुर को स्वच्छ रखने की अपील भी की। निर्णायक मंडली में हिरोक सेन तथा मौमिता मुखर्जी सुशोभित थे। इस पूरे आयोजन की देख-रेख और प्रबंधन प्रोसेस ओनर सुजॉन चटर्जी, स्मिता साहू और शिबानी दास द्वारा किया गया था। विभिन्न प्रतियोगिताओं की श्रेणियों में लगभग सात विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभागियों के रूप में शिरकत की। जूनियर वर्ग 'मेरी आवाज सुनो' में कक्षा छह से आठ तक के छात्र शामिल थे और सीनियर वर्ग सुर संग्रह में कक्षा नवीं से बारहवीं तक के छात्र शामिल थे। प्रारंभिक दौर पहले ऑनलाइन आयोजित किया गया था और समापन गुलमोहर हाई स्कूल के प्राइमरी सेक्शन के टाटा ऑडिटोरियम में ऑफलाइन आयोजित किया गया था। जूनियर वर्ग के समापन समारोह में कलाकारों ने अस्सी और नब्बे के दशक की पुरानी धुनें गाईं और वरिष्ठ वर्ग के प्रतिभागियों ने ह्यमैश अप ऑफ हिंदी सॉन्ग्स 90 के दशक से आज तकह्व अपने विद्यालय के लाइव बैंड के साथ गाया। भाग लेने वाले विद्यालयों के शिक्षक सदस्यों के लिए अंताक्षरी का एक प्रतिस्पर्धा कार्यक्रम भी था।अंत में विद्यार्थियों द्वारा फैशन शो हुआ जिसे देखकर सभी अंचभित हो गए।बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने सबका दिल जीत लिया। जूनियर वर्ग के विजेता की ट्रॉफी शिक्षिका मधुचंदा सरकार ने अपने पति कौस्तव सरकार की स्मृति में दान की, सीनियर वर्ग के विजेता की ट्रॉफी संगीत शिक्षक सुजॉन चटर्जी ने अपनी पत्नी सुश्री संगीता चटर्जी की प्रेमपूर्ण स्मृति में दान की। ओवरऑल चैंपियन की ट्रॉफी प्राचार्या महोदया प्रीति सिन्हा ने अपने पति राजीव रंजन जी की स्मृति में प्रदान की।

सुरों की महफिल ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। पुरस्कार विजेताओं की घोषणा के साथ इस मधुर कार्यक्रम का शानदार समापन हुआ :-

**मेरी आवाज सुनो - कक्षा 6,7 और 8**

प्रथम स्थान - निक्की शर्मा (विग इंग्लिश स्कूल) उपविजेता - पीयूष कुमार झा (नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल)

**सुर संग्रह - कक्षा 9 - 12**

प्रथम स्थान-जमशेदपुर पब्लिक स्कूल

उपविजेता - नरभेराम हंसराज इंग्लिश

**अंताक्षरी(शिक्षक समूह) -**

प्रथम स्थान - जुस्को स्कूल साउथ पार्क से रीति झा, दीपक दास

द्वितीय स्थान- एआईडब्ल्यूसी, संगीता अधिकारी,कंचन पांडे

तृतीय - जेपीएस - निशा श्रीवास्तव,रेनू भटनागर

**ओवरऑल चैंपियन -**

जमशेदपुर पब्लिक स्कूल पुरस्कार विजेताओं को प्रमाण पत्र और ट्राफियां प्राप्त हुईं। सुजान सर अपनी पत्नी संगीता चटर्जी की स्मृति में और निक्की शर्मा (विग इंग्लिश स्कूल) द्वारा प्राप्त की गई, ओवरऑल चैंपियन की ट्रॉफी प्रिंसिपल प्रीति सिन्हा ने अपने पति राजीव रंजन की स्मृति में दान की और यह पुरस्कार जमशेदपुर पब्लिक स्कूल को मिला।

## खबर एक नजर में

### विधायक ने किया जल मिनार का शिलान्यास



**चांडिल।** शनिवार को ईंचागढ के विधायक सविता महतो ने नीमडीह प्रखंड में रामनगर गांव स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के पास लगभग 76 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले साढ़े चार लाख लीटर क्षमता वाले जलमीनार का विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। विधायक ने कहा यह जलमीनार बन जाने से यहां के ग्रामीणों को पेयजल का कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने कहा यहां के लोगों को पेयजल का काफी समस्या होती थी। इस योजना से नीमडीह प्रखंड के 13 पंचायत के लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा इस योजना के तहत रामनगर, झीमड़ी, चातरमा, बुरुडीह, बेड़ादा एवं बांधडीह में पानी टंकी का निर्माण होगा। उन्होंने कहा इस योजना से पुरे नीमडीह प्रखंड के जनता लाभांवित होंगे। उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने को कहा। इस मौके पर झामुमो के काबलु महतो, हरेकृष्ण सिंह सरदार, हरिदास महतो, विभूतिभूषण माहतो, धर्मु गोप, सचिन गोप, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### गदड़ा में विधायक मंगल कालिंदी ने परिसंपत्तियों का किया वितरण



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर प्रखंड उत्तर पूर्वी गदड़ा पंचायत मंडप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी की झारखंड सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर उत्तर पूर्वी गदड़ा, मध्य गदड़ा और दक्षिण गदड़ा के लिए आयोजित आपकी योजना-आपके सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने शुभारंभ किया और लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभुको के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार का उद्देश्य है कि वैसे ग्रामीण जो कभी जिला या प्रखंड कार्यालय नहीं पहुंच पाते हैं वैसे ग्रामीण तक प्रखंड एवं जिला के वरीय पदाधिकारी के माध्यम से पंचायत में शिविर लगाकर गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं से अवगत कराना और उनको योजनाओं का लाभ दिलाना है। माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी की सोच है की हर जरूरतमंद व्यक्ति को उसका हक मिले। मौके पर जमशेदपुर प्रखंड प्रमुख पानी सोरेन, उपप्रमुख शिवकुमार हांसदा, मुखिया जूही बेसरा, मुखिया संजु भूमिज, मुखिया सुनीता नाग, मुखिया हेमंत खलखो, बिस्वजीत भगत, बिरजु पात्रो, बबलु महतो आदि लोग उपस्थित थे।

### बहरागोड़ा से फार्मासिस्ट अधिकार यात्रा आज से





**जमशेदपुर।** सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन मीडिया प्रभारी सह एग्जीक्यूटिव मेंबर मनी मोहंती जी ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा की झारखंड में कल से शुभारंभ होने जा रहा है फार्मासिस्ट अधिकार यात्रा ।इस अधिकार यात्रा में अखिल भारतीय वेलफेयर फार्मेसिस्ट एसोसिएशन एवं सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन इन दोनों के सौजन्य से कल का कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ कर सुबह दिनांक 17 दिसंबर बहरागोड़ा से होगा। वरिष्ठ फार्मासिस्ट जितेंद्र सिंह जी एवं फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया के एग्जीक्यूटिव मेंबर धर्मेंद्र सिंह जी अपने सभी फार्मेसिस्ट भाइयों के साथ इस अधिकार यात्रा को पूरा करेंगे, और अपने फार्मासिस्ट भाइयो का अधिकार को सरकार से अपनी मांग भी रखेंगे, देश के सभी फार्मासिस्ट भाइयो को जागरुक भी करेंगे। अंत में इस अधिकार यात्रा का समापन भव्य कार्यक्रम जमशेदपुर में किया जाएगा।

### 19 को चैम्बर भवन में उद्यमियों से संवाद करेंगे एसएसपी

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के मुख्यालय चैम्बर भवन,बिष्टुपुर में पूर्वी सिंहभूम के वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, भा.पु.से. एवं जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ व्यवसायियों एवं उद्यमियों का मंगलवार, दिनांक 19 दिसंबर, 2023 को संध्या 6.30 बजे एक परिचर्चा का आयोजन किया गया है। इस दौरान शहर की विधि-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था एवं बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की जायेगी। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी। अध्यक्ष एवं महासचिव ने बताया कि चैम्बर के आग्रह पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने चैम्बर आकर सदस्यों को संबोधित करने की स्वीकृति प्रदान की है। इस दौरान उनके साथ उनके अधीनस्थ पुलिस अधिकारीगण रेल पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक (नगर), ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, सहायक पुलिस अधीक्षक (कानून व्यवस्था) सहित सभी पुलिस उपाधीक्षक एवं शहर के कई थाना प्रभारी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में शहर की विधि-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, बाजारों एवं बैंकों में सुरक्षा की चौक-चौबंद व्यवस्था, रात्री कालीन पुलिस गश्ती, प्रमुख बाजारों में अतिक्रमण एवं से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जायेगी तथा सदस्य अपनी बातों को उनके समक्ष रखेंगे।

स्पीड न्यूज

## शहीद निवारण राय की बेदी पर पुष्प वर्षा



**पूर्वी टुंडी।** शनिवार को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने शहीद निवारण राय के शहादत दिवस अवसर पर शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि शहीद निवारण राय झारखंड आंदोलन के क्रांति दुत थे। ऐसे आंदोलनकारियों के शहादत के परिणामस्वरूप 15 नवंबर 2000 ई में झारखंड राज्य का निर्माण हुआ। परन्तु टुंडी के शहीदों को जो सम्मान मिलना चाहिए वो सम्मान नहीं मिला। जदयू पार्टी और यूथ फोर्स राज्य सरकार से मांगा करती है कि शहीद निवारण राय का चित्र विधानसभा में लगे और उनके परिवार के एक सदस्य को नियोजन दे। इस अवसर पर राम प्रसाद सिंह, मधुसूदन राय, जदयू पूर्वी टुंडी प्रखंड महासचिव गुड्डू सिंह, मनीष राय, अशोक राय, संतोष राय, बिनोद सिंह,गोतम गोप, सुधीर सिंह, प्रिंस कुमार, सुभाष सिंह आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## सहोदिया स्कूल में लगा शिक्षक प्रशिक्षण शिविर

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा जेके सिन्हा मेमोरियल सहोदिया स्कूल परिसर के द्वारा शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एसजीडी मोडर्न स्कूल चिरकुंडा में शनिवार को किया गया। शिविर में मुख्य रूप से कन्फडरेशन ऑफ झारखंड सहोदिया के अध्यक्ष सह मोडर्न स्कूल के प्रधानाचार्य जुबिन बोस मौजुद थे। शिक्षकों का स्वागत बिहारी अग्रवाल मेमोरियल प्राइमरी कैम्पस के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट नृत्य प्रस्तुत कर किया। शिविर में धनबाद क्षेत्र के डॉन बास्को स्कूल व मोडर्न स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया व सभी का मार्गदर्शन ज्ञान साधन व्यक्ति शीतल कुमारी व अभिलाष मुखर्जी ने किया। शिविर में प्रमुख विषयों जैसे मोबाइल के माध्यम से प्रश्न पत्र को कैसे बनाया जाए,विद्यार्थियों के अंक पत्र का निर्माण मोबाइल फोन के माध्यम से किया जाए पर सभी को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण को रोचक बनाने के लिए अनेक लघु गतिविधियों को शामिल किया गया।कार्यक्रम का समापन स्थल निदेशक कल्याण घोष ने धन्यवाद प्रस्ताव भाषण कर किया।

## ढोरी प्रक्षेत्र में मना 66वां खान सुरक्षा सप्ताह

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के एसडीओसीएम परियोजना के एक्सवेशन परिसर में 66वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट कन्वेयर टीमए रांची मुख्यालय ईएसओए और स्थानीय अधिकारियों ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन कॉपोरेट गीत के साथ किया। अधिकारियों ने अपने संबोधन में सुरक्षित रूप से उत्पादन करते हुए लक्ष्य प्राप्त करने पर बल दिया। कहां के उत्पादन जरूरी है लेकिन सुरक्षा सर्वोपरि है। इसलिए कामगार साथी अपने कार्य स्थल पर सुरक्षित उत्पादन करें।

## एनडीआरएफ जवानों ने स्कूली बच्चों को दिया प्रशिक्षण

**बोकारो।** डीसी कुलदीप चौधरी के निर्देशानुसार जिला अंतर्गत 9वीं बटालियन एनडीआरएफ की टीम द्वारा 12 से 22 दिसंबर तक विभिन्न विद्यालयों में छात्र छात्राओं के बीच परिचय अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन करना है। टीम द्वारा डीपीएस बोकारो चिन्मया विद्यालय एवं सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय पिंड्राजोरा में परिचय अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में एनडीआरएफ टीम और छात्रों ने विभिन्न आपदा परिदृश्यों का प्रदर्शन किया। भूकंप सिमुलेशन से लेकर बाढ़ प्रतिक्रिया अभ्यास ने छात्रों को संकट के समय एनडीआरएफ द्वारा निभाई गई।

# झामुमो ने किया न्यू मधुबन कोल वासरी का चक्का जाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**बाघमारा।** शनिवार को बीसीसीएल के ब्लॉक 2 न्यू मधुबन कोल वाशरी में स्थानीय रैयतों ने 75% नियोजन की मांग को लेकर जनता श्रमिक संघ के बैनर तले अनिश्चितकाल के लिए कंपनी का चक्का जाम कर दिया। जनता श्रमिक संघ के अध्यक्ष महानंद महतो ने बताया कि बीसीसीएल के द्वारा यहां का काम चेन्नई राधा स्वामी कंपनी को दे दिया गया है, और यहां के प्रभावित रैयतो को कम न देकर कंपनी चेन्नई से श्रमिकों को बुलाकर काम करवा रही है जिस कारण यहां के रैयतों के साथ बिल्कुल ही नाइंसाफी हो रही है। चेन्नई राधा स्वामी कंपनी के द्वारा झारखंड सरकार की 75% नियोजन नीति का भी घोर उल्लंघन किया जा रहा है। जब तक कंपनी यहां के और ग्रामीणों को 75% रोजगार नहीं देती है तब तक के लिए कंपनी का चक्का जाम रहेगा। वही जनता श्रमिक संघ के शाखा सचिव विकास महतो ने बताया कि आज हम लोगों का पहला दिन है। चेन्नई राधा स्वामी कंपनी के द्वारा चोरी छुपे चेन्नई से मजदूरों को बुलाकर कार्य किया जा रहा है। अगर कंपनी के द्वारा हम लोगों से वार्ता की जाती है और झारखंड सरकार की नियोजन नीति के अनुसार और बीसीसीएल के नित के तहत जब तक हम लोगों को नियोजन नही दिया जाता है तब तक हम लोग चक्का जाम का कार्यक्रम जारी रखेंगे।

### चक्का जाम आंदोलन में थे शामिल

चक्का जाम आंदोलन में मुख्य रूप से महानंद महतो विकास महतो अशोक रजक प्रकाश रजक अमृतलाल महतो उमेश कुमार रजक प्रदीप कुमार चौहान कृष्ण प्रसाद राम मूलचंद महतो वासुदेव राम अरुण रजवार विकास लोहार मधुसूदन लोहार बलराम रवानी मंटू रजवार जितेंद्र राय महेंद्र राय आदि मौजूद थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर, बाघमारा में हर्षोल्लास से मना विजय दिवस

**बाघमारा।** शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बाघमारा में विजय दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्राचार्य संतोष कुमार झा द्वारा दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन किया गया। प्राचार्य महोदय ने भैया-बहनों के समक्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की जीत का वर्णन करते हुए उन वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जो इस युद्ध में शहीद हो गए और कहा आप सभी किसी भी रूप में देश की सेवा कर सकते हैं,आप जिस भी क्षेत्र में काम करो पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करो। यह भी देश भक्ति ही है। विद्या भारती के विद्यालयों मे इस प्रकार के कार्यक्रमों से भैया-बहनों में देशभक्ति का भाव विकसित किया जाता है।

एक नजर में

## विश्वविद्यालय की टीम ने किया बाघमारा कॉलेज का निरीक्षण



बाघमारा। शनिवार को बाघमारा कालेज बाघमारा में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद की एक टीम सात विषयों का दिर्घीकरण हेतु निरीक्षण करने के लिए पहुंची। टीम में मुख्य रूप से डॉ रिता शर्मा हेड ऑफ डिपार्टमेंट मानविकी, डॉ नमिता गुप्ता पीजी विभाग, डॉ डीके चौबे हिंदी विभाग, शामिल थे। बताते चलें कि जूलॉजी, ज्योग्राफी, साइकोलॉजी, फिलासफी, इंग्लिश, संस्कृत,एवं उर्दू की पढाई पहले से मान्यता के तहत हो रही है । दूसरे बार उसे रिनुअल करने के लिए विश्वविद्यालय की टीम निरीक्षण करने के लिए पहुंची है। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रंजन कुमार प्रोफेसर प्रताप नारायण पांडे, जूलॉजी के हेड नीरज कुमार सिंह, और प्रो मोहम्मद जाकिर हुसैन, प्रो अजय कुमार श्रीवास्तव ,प्रो सुजीत पाठक आदि मौजूद थे।

## अन्नू, पल्लवी, शाहिल, अंशु को मिला ब्लैक बेल्ट



**बेरमो।** शीतोरयु कराटे डू स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में क्योशी उमेश नायडू की देखरेख में अन्नू कुमारी एपल्लवी कुमारीएसाहिलएअंशु को ब्लैक बेल्ट दिया गया। कलर बेल्ट प्राप्त करने वाले में सुमन कुमारी प्रीत कुमार काजल कुमारी इशिका कुमारी आकाशी कुमारी अंशिका कुमारी लक्मी कुमारी सान्वी कुमारी प्रतिभा कुमारी वृति मिश्रा मयंक सिंह मोहित कुमार रिशु कुमार अंश कुमार दिपकृति सिंह दिव्यांशु कुमार महतो सवार सिंह उत्सवश्री दीक्षा कुमारी ने सफलता पाई।

# आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया परिसंपत्तियों का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कसमार प्रखंड के मंजूरा पंचायत में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न योजनाओं के कुल लगभग 1471 आवेदन पत्र लिये गये। झारखंड सरकार समन्वय समिति के सदस्य सह दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने सभी स्टालों का निरीक्षण किया और आवश्यक जानकारी लेकर निर्देश दिया। नोडल अधिकारी मनीषा वत्स एवं सीडीपीओ ममता शाह की अनुपस्थिति पर उपायुक्त से दूरभाष पर बात कर नाराजगी जताया। वहीं अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश बीडीओ अनिल कुमार को दिया। इसके बाद श्री महतो ने विभिन्न योजनाओं का स्वीकृति पत्र व चेक एवं महिला सदस्यों के बीच 23 लाख 50 हजार रुपए का लोन राशि का वितरण किया। कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक सीधे पंहुचाएं। मौके पर कसमार प्रखंड नियोति कुमारी जिप सदस्य अमरदीप महाराज बीडीओ अनिल कुमार सीओ सुरेश कुमार सिन्हा मुखिया ममता देवी पंसस प्रतिनिधि शिशुपाल महतो पंचायत सचिव राजकिशोर मिश्रा रोजगार सेवक आदि कर्मी मौजूद थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में मनाया गया विजय दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** को विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में विजय दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय सैनिक संतोष कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। दीप प्रज्वलन के पश्चात संतोष कुमार महतो ने अपने 13 वर्षों के सैनिक जीवन के संबंध में अपनी बातें भैया-बहन से साझा किया और कहा कि भारतीय सैनिकों का संपूर्ण जीवन भारत माता को समर्पित है। उन्होंने भैया -बहनों से अपील की कि यदि आपके अंदर अनुशासन है, तभी आप अपने सपने को साकार कर सकते हैं। कोई भी कार्य अनुशासन के बिना पूर्णतया संभव नहीं है। अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि आज विजय दिवस है,अतः मैं संपूर्ण देशवासियों को विजय दिवस की शुभकामना देता हूं और सभी छात्र-छात्राओं से अपील करता हूं कि आप हमेशा अनुशासित रहे एवं अपने कर्तव्यों का पालन करते रहें। मौके पर विद्यालय के उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा, आचार्य धर्मेन्द्र तिवारी, अशोक कुमार सिंह, नवल किशोर झा, मानिक सेन, राजीव कुमार सिंह के साथ-साथ सभी आचार्य- आचार्या मौजूद रहे।

## डीपीएस बोकारो के पांच विद्यार्थी आईएनएमओ के लिए चयनित



बोकारो। डीपीएस बोकारो के पांच विद्यार्थी 10वीं के कुमार अनमोल व आयुष राज 11वीं के अभिनीत शरण नौवीं के आयुष लच्छीरामका तथा 12वीं के सौम्यदीप मंडल ने रीजनल मैथमेटिकल ओलंपियाड में सफलता प्राप्त कर भारतीय राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड के लिए क्वालीफाई किया है। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए आईएनएमओ के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि दि इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलंपियाड एक हाई स्कूल गणित प्रतियोगिता है जो वर्ष 1989 से प्रतिवर्ष आयोजित की जा रही है। होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन द्वारा नेशनल बोर्ड ऑफ हायर मैथमेटिक्स के तत्वावधान में यह परीक्षा आयोजित की जाती है।

## हीरापुर पार्क में भजन संध्या में झूमेंगे श्री श्याम प्रभु के प्रेमी

**धनबाद।** 132वां माह, गौरवशाली 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर श्री श्याम ध्वजा पद यात्रा, हीरापुर के तत्वाधान में आगामी 22 दिसम्बर को हीरापुर पार्क मार्केट स्थित पार्क प्रांगण में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इस आशय की शनिवार को अग्रसेन भवन, हीरापुर में मीडिया को जानकारी देते हुए कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि उक्त भजन संध्या कार्यक्रम में पूरे देश भर में विख्यात सुप्रसिद्ध भजन गायिका बरेली निवासी अंजलि द्विवेदी,अमृतसर पंजाब से तेजी ब्रदर्स एवं धनबाद के स्थानीय भजन गायक विवेक अग्रवाल अपनी अपनी भजनों से कोयलांचल के समस्त श्याम प्रेमियों को भाव भिभोर कर श्रीश्याम प्रभु को रिझाने का प्रयास करेंगे। उक्त निशान शोभा यात्रा में लगभग 2000 श्याम प्रेमियों के शामिल होने की संभावना है,शोभा यात्रा के आगे आगे 21 स्कूटी में नारी शक्ति आगे आगे भगवा साफा, पट्टी या झंडा लिए आगे आगे चलेंगी, भजनों की वर्षा में भींगेते हुए श्याम प्रभु की आराधना करते करते सभी निशान यात्री पैदल ही धनबाद झरिया मुख्य मार्ग से श्याम मंदिर झरिया तक जाएंगे। भजन संध्या कार्यक्रम के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल,सचिव विनय अग्रवाल होंगे।

# ग्रामीणों के बीच धोती-साड़ी, कंबल का वितरण

### पंचमोहली पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** सरकार द्वारा 15 नवम्बर से 29 दिसंबर तक चलाये जा रहे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार का कार्यक्रम शनिवार को एग्यारकुंड प्रखंड अंतर्गत पंचमोहली पंचायत भवन में आयोजित की गयी। वही इस कार्यक्रम शिविर में कई विभागों का स्टॉल लगा कर लाभुकों को सरकार द्वारा दिए जा रहे योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। ताकि राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। वही एगयारकुंड प्रखंड के पंचमोहली पंचायत भवन में ग्रामीणों की भारी भीड़ देखी गई। शिविर का शुभारंभ मुख्यतिथियों में सीओ कृष्णा मरांडी,प्रमुख संगीता महतो, उप प्रमुख बिनोद दास,मुखिया पारुल पांडे, जीप सदस्य गुलाम कुरैशी,व बादल चंद्र बाउरी, डूंमरकुंडा मुखिया रंजीत पासवान, सांसद प्रतिनिधि धीरज सिंह,कार्तिक महतो एवंम प्रमोद झा सहित सभी लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।वही कार्यक्रम के सम्बंध में सीओ कृष्णा मरांडी ने बताया कि राज्य सरकार की उन सभी योजना को जो धरातल पर है जिसे क्षेत्र के हर व्यक्ति को सीधे लाभ मिल सके। बिजली, पेंशन, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास आदि जैसे का स्टॉल लगाया गया है। लोग बढ़चढ़ कर भाग ले रहे है। वही पचमोहली पंचायत की मुखिया पारुल पांडे के द्वारा सभी मुख्य अतिथियों को फूल बुके देकर सम्मानित किया गया। पंचमोहली पंचायत भवन में राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम में लाभुकों की भारी भीड़ देखी गई।वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों व मुखिया, उप मुखिया व जिप सदस्य मुखिया प्रतिनिधि द्वारा ग्रामीणों को धोती साड़ी व कंबल का भी वितरण किया गया। वही कार्यक्रम में पहुंचे पत्रकार लोगों को भी मुखिया व मुख्य अतिथि द्वारा फुल बुके देकर सम्मानित किया गया।

## दर्जनों महिलाओं ने थामा भाजपा का दामन



**बेरमो।** भारतीय जनता पार्टी बोकारो जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष गिरिजा देवी के नेतृत्व मे शुकवार को फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत शारदा कालोनी मे दर्जनों महिला शक्ति ने भाजपा जॉइन की है। इनलोगो को ज्वाइन करवाने में गिरिजा देवी ने विशेष योगदान दिया। गिरिजा देवी ने भाजपा जॉइन करने पर सभी का स्वागत किया। वही कहा कि इनके आने से महिला मोर्चा और ज्यादा मजबूत होगा और जिले में पार्टी का जनादर और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि जिले में महिला सशक्तिकरण को लेकर महिला मोर्चा मजबूती से सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी को कहा कि हमें केंद्र सरकार की विकासशील नीतियों को घर-घर लेकर जाना है और इसके लिए हमें अपने .अपने क्षेत्र में इसके लिए पूरी मेहनत से कार्य करना है। गिरिजा देवी ने सभी महिलाओं का भाजपा में शमिल होने पर हार्दिक बधाई दी है।

# डीएवी स्कूल सेक्टर-4 में खेल महाकुंभ का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** नगर के सेक्टर- 4 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में चल रहे खेल महाकुंभ के समापन समारोह में विद्यार्थियों ने आकर्षक ड्रिल व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुति की। नेशनल स्पोर्ट्स स्टेट लेवल के अंतिम दिन के मुख्य अतिथि वाइस चेयरमैन बीएस जायसवाल ने झारखंड के विभिन्न जोन से आए खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट भविष्य हेतु उन्हें इस सुअवसर का लाभ उठाने की सलाह दी। विभिन्न श्रेणी के 1500 मीटर दौड़ में अनीश कुमार कीर्ति कुमारी स्वर्ण पदक के दावेदार बने। इसी स्पर्धा में अमर कुमार प्रीति कुमारी 400 मीटर दौड़ में अमरदीप मरांडी नैना सिंह जितेंद्र उरांव और कृपा कुमारी यादव विजय यादव और विद्या डिस्कस में अबू जफर स्नेहा कुमारी महेंद्र कुमारी नीति कुमारी शॉटपुट में सुमित कुमार अदिति कुमारी प्रेम कुमार और अलका कुमारी हाई जंप में एमडी सईद अली फराह आराधना नदीम हुसैन और प्रियांशी कुमारी स्वर्ण पदक जीत नेशनल लेवल में पहुंचे। ओवरऑल चैंपियनशिप जोन एफ विनर और जोन डी रनर रहा। अंडर 17 लड़कों में जोन ई विजयी रहा और लड़कियों में जॉन सी ने अपना परचम लहराया। अंडर 19 लड़कों और लड़कियों दोनों में जोन एफ ने विजयी होकर चैंपियनशिप अपने नाम की। विद्यालय प्राचार्य एके झा ने सभी के प्रति आभार जताया।

## सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कोयला व रेल मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**बोकारो।** आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष व गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रहलाद जोशी से मिलकर विस्थापित ट्रिब्यूनल का गठन करने का आग्रह किया है। उन्होंने नई दिल्ली में कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद एवं सीसीएल के सीएमडी बी वीरा रेड्डी की मौजूदगी में केंद्रीय मंत्री को बताया कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र एवं राज्य के अन्य क्षेत्रों में कोयला खदान की स्थापना के लिए इस क्षेत्र के लोगों की आजीविका पर ध्यान दें।

# कांग्रेस ने लिया प्रत्येक बूथ, 10 यूथ का संकल्प

### धनबाद जिला युवा कांग्रेस कार्यकारिणी की समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शनिवार को धनबाद परिषदन में राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी शेष नारायण ओझा एवं झारखण्ड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज की उपस्थिति में धनबाद जिला युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी सह समीक्षा बैठक की धनबाद जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव के नेतृत्व में सम्पन हुआ। बैठक में धनबाद जिला युवा कांग्रेस का संगठन विस्तार किया गया। बैठक के दौरान प्रखंड अध्यक्षों का चयन किया गया। झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी शेष नारायण ओझा ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दिया। साथ ही धनबाद जिला के सभी विधानसभा कमिटी नगर/प्रखंड कमेटी तथा प्रत्येक बूथ 10 यूथ के लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी के हित में युवाओं तथा जनहित के मुद्दों पर मजबूती से कार्य करना धनबाद जिला युवा कांग्रेस की प्राथमिकता एवं दायित्व है। जिस पर धनबाद जिला युवा कांग्रेस खरा उतरेगी। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा लगातार हमारे नेता राहुल गांधी को सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर परेशान कर रहें हैं। पर शायद भाजपा भूल गई है की ये देश के लिए अपना जीवन की बलिदान देने वाले का लहू है डरेगा नहीं। आज जिस तरह से राहुल गांधी भाजपा की दमनकारी नीतियों का विरोध कर रहे हैं लोगों तक अपनी बात पहुंचा रहे हैं उससे भाजपा डरी हुई है।

### समीक्षा बैठक में ये लोग थे मौजूद

मौके पर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कुमार गौरव, सोशल मीडिया कोर्डिनर्टर सन्नी सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक सौरव, शशिकांत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनुज चौहान, तबरेज खान, जिला महासचिव विक्की कुमार, सोनू यादव, गुलाम मुतका, राजा खान, खुर्शीद अंसारी, मजहर आलम, विधानसभा कोऑर्डिनेटर विक्की कुमार अरुण दास, विधानसभा अध्यक्ष टिंकू अंसारी, विशाल महतो, रवि सिंह, कैलाश दास, रवि सिंह, सूरज कुमार पासवान, मंजूर आलम, शमशेर अंसारी, मदन गोप,गोपाल बावरी, आयुष वेद, विकास सिंह, शमशेर अंसारी, योगेंद्र महतो, विकास कुमार बरनवाल अजहरुद्दीन सद्दाम मानिक कुमार बावरी युसूफ अंसारी गोलू पासवान मंजूर खान सरफराज, मानिक कालिंदी, विद्युत मुखर्जी आदि युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों उपस्थित थे।

## डीटीओ ने बस संचालकों संग की सीएम ग्रामगाड़ी योजना पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो की जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने अपने कार्यालय में जिले के सभी बस संचालकों के साथ बैठक कर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री ग्रामगाड़ी योजना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र की मार्गो का चयन करने को लेकर एमवीआई व बस संचालकों संग विचार विमर्श किया। मौके पर डीटीओ ने कहा कि ग्रामीण और सुदुर क्षेत्र में रह रहे लोगों को शहर से जोड़ने व आवागमन की बेहतर व्यवस्था करने के उद्देश्य से रूट निर्धारण इस तरह से किया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शहर के स्कूल कॉलेज साप्ताहिक हाट रेलवे स्टेशन व अस्पताल आने में कोई परेशानी नहीं हो। डीटीओ ने बताया कि इस योजना के तहत सभी वरिष्ठ नागरिकों झारखंड आंदोलनकारी दिव्यांग और विधवा को बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी। निर्धारित रूटों पर बस संचालकों को वाहन खरीद पर सब्सिडी भी दी जाएगी। बताया कि परमिट और फिटनेस शुल्क पर भी रियायत मिलेगी। इस योजना के तहत वित्तीय प्रोत्साहन के तहत मात्र एक रुपये के शुल्क में मार्ग कर परमिट शुल्क वाहन निबंधन शुल्क देना होगा। बैठक में परिवहन विभाग के कर्मी मोटरयान निरीक्षक समेत कई बसों के संचालक उपस्थित थे।

# अब खेतों में उगेगी वैक्सीन

**समय संवाद**

अमेरिका की नेशनल साइंस फाउंडेशन से पांच लाख डॉलर के अनुदान से शुरू किए गए प्रोजेक्ट के तीन मुख्य उद्देश्य हैं। पहला, क्या एमआरएनए से युक्त डीएनए को पौधे की कोशिकाओं के उस हिस्से में पहुंचाया जा सकता है जहां वह रिप्लीकेट कर सके। दूसरा, यह सिद्ध करना कि पौधे एक पारंपरिक वैक्सीन की बराबरी करने के लिए समुचित एमआरएनए उत्पन्न कर सकते हैं और तीसरा, पौधा आधारित वैक्सीन की सही खुराक का निर्धारण। यूसीआर में वनस्पति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर जुआन पाब्लो गिराल्डो ने कहा कि एक पौधे द्वारा उत्पादित एमआरएनए से एक व्यक्ति को वैक्सीन की खुराक दी जा सकेगी। गिराल्डो इस शोध का नेतृत्व कर रहे हैं। इस शोध में सेन डियागो स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय और कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय के विज्ञानी शामिल हैं।

**मुकुल व्यास**



चौंकिए मत। वैज्ञानिक ऐसी वैक्सीन बना रहे हैं जिन्हें खेतों में उगाया जा सकेगा और खाद्य वस्तुओं की तरह खाया जा सकेगा। अमेरिका में रिवरसाइड स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (यूसीआर) के वैज्ञानिक यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या लेटस (सलाद) पत्तों को एमआरएनए वैक्सीन की फैक्टरियों में बदला जा सकता है। कोविड वैक्सीनों में प्रयुक्त मैसेंजर आरएनए या एमआरएनए टेक्नोलॉजी में मुख्य रूप से कोशिकाओं को रोगाणुओं को पहचानने और संक्रामक रोगों से बचाव करने के बारे में शिक्षित किया जाता है। इस टेक्नोलॉजी के प्रयोग में सबसे बड़ी चुनौती इसे परिवहन और स्टोरेज के दौरान ठंडा रखने की है। वैक्सीन के स्थायित्व के लिए निम्न तापमान जरूरी है। यदि विज्ञानियों का नया प्रोजेक्ट सफल हो जाता है तो पौधों पर आधारित खाने योग्य एमआरएनए वैक्सीन इस समस्या को दूर कर सकती है। इस तरह की वैक्सीनों को कमरे के तापमान पर स्टोर किया जा सकता है।

भविष्य में किसान भी अपने सारे खेत में वैक्सीन वाले पौधे उगा सकते हैं। इस टेक्नोलॉजी में सबसे अहम भूमिका पौधे की कोशिकाओं में पाए जाने वाले क्लोरोप्लास्ट की है। क्लोरोप्लास्ट सूरज की रोशनी को ऊर्जा में बदल देते हैं, जिसका प्रयोग पौधा करता है। ये दरअसल सौर ऊर्जा से चलने वाली सूक्ष्म फैक्टरियां हैं जो शुगर और दूसरे मॉलिक्यूल उत्पन्न करती हैं, जिनसे पौधे का विकास होता है। इन फैक्टरियों का प्रयोग वांछित मॉलिक्यूल उत्पन्न करने के लिए भी किया जा सकता है। पिछले अध्ययनों में गिराल्डो यह दर्शा चुके हैं कि क्लोरोप्लास्ट ऐसे जीनों को अभिव्यक्त कर सकता है जो स्वाभाविक रूप से पौधे का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने और उनके सहयोगियों ने पौधों की कोशिकाओं में बाहरी आनुवंशिक सामग्री भेज कर ऐसा कर दिखाया। अपने प्रोजेक्ट के लिए उन्होंने नैनो इंजीनियरिंग की प्रोफेसर निकोल स्टीनमट्ज से सहयोग लिया। स्टीनमट्ज और उनके सहयोगियों ने आनुवंशिक सामग्री को क्लोरोप्लास्ट में पहुंचाने के लिए नैनो टेक्नोलॉजी विकसित की है। स्टीनमट्ज ने बताया कि हम पौधों में जीन पहुंचाने के लिए पौधों के वायरसों का प्रयोग करना चाहते हैं जो कुदरती रूप से पाए जाने सूक्ष्म कण अथवा नैनो पार्टिकल हैं। इन वायरसों को क्लोरोप्लास्ट में पहुंचाने और उन्हें पौधों के प्रति असंक्रामक बनाने के लिए कुछ तकनीकी फेरबदल की जरूरत पड़ती है।

कुछ वैज्ञानिकों का ख्याल है कि हमें पौधों पर आधारित वैक्सीन विकसित करने के लिए अधिक प्रयास करने चाहिए। कनाडा में क्यूबेक स्थित लवाल विश्वविद्यालय के दो शोधार्थियों, फास्टर-बोवेंडो और गेरी कोबिंगर का कहना है कि इस तरह की वैक्सीन ह्यमॉलिक्यूलर फार्मिंगह्व के जरिए बनाई जा सकती है। इस विधि में पौधे की कोशिका में डीएनए रखा जाता है जो प्रोटीन बनाता है। इस कोशिका का उपयोग वैक्सीन बनाने के लिए किया जाता है। वैज्ञानिक मान्यता प्राप्त वैक्सीनों के अलावा और अधिक प्रभावी वैक्सीन की तलाश में जुटे हुए हैं। उनकी कोशिश एक ऐसी समग्र वैक्सीन विकसित करने की है जो सभी तरह के कोरोना वायरसों के खिलाफ प्रभावी सिद्ध हो।

वैक्सीनें आम तौर पर बैक्टीरियाई सिस्टम में उत्पन्न की जाती हैं और वे बहुत असरदार साबित हुई हैं। ऐसे सिस्टम को बायोरिएक्टर भी कहा जाता है। ऐसी वैक्सीनों की उत्पादन लागत बहुत ज्यादा होती है। वैक्सीन की बायोमैन्युफैक्चरिंग के विकल्प के तौर पर वैज्ञानिकों ने 1986 में मॉलिक्यूलर फार्मिंग का प्रस्ताव रखा था। इसके लिए वैज्ञानिकों को सिर्फ ग्रीनहाउस सेटअप की आवश्यकता पड़ती है जो बायोरिएक्टरों की तुलना में बहुत सस्ते पड़ते हैं। रिसर्चरों का कहना है कि पौधों पर आधारित वैक्सीन बनाना सस्ता पड़ेगा और इसके दूसरे लाभ भी होंगे। एक बहुत बड़ा फायदा यह है कि इस तरह की वैक्सीन बनाने के लिए संसाधनों की तलाश पर अधिक ध्यान नहीं देना पड़ेगा। वैक्सीनों को बायोरिएक्टरों में तैयार करने के बजाय खेतों की फसलों में उत्पन्न किया जा सकता है। दूसरा बड़ा फायदा यह है कि पौधे मानव रोगाणुओं द्वारा संक्रमित नहीं हो सकते। इसके अलावा पिछली रिसर्च से पता चलता है कि पौधों पर आधारित वैक्सीन दूसरी विधियों से तैयार वैक्सीनों की तुलना में ज्यादा मजबूत इम्यून रेस्पांस उत्पन्न करती हैं। सामान्य विधियों की तुलना में पौधों पर आधारित वैक्सीन का उत्पादन ज्यादा होता है। इस समय गौशे रोग के इलाज के लिए इस तरह की वैक्सीन का उत्पादन किया जा रहा है। लीवर और स्प्लीन जैसे शरीर के कुछ अंगों में वसायुक्त पदार्थों के जमाव से गौशे रोग उत्पन्न होता है। इन पदार्थों के जमा होने से इन अंगों का आकार बढ़ जाता है, जिसकी वजह से उनके कार्यों पर असर पड़ता है। वसायुक्त पदार्थ हड्डियों के ऊतकों में भी जमा होने लगते हैं, जिनसे हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और फ्रैक्चर का खतरा बढ़ जाता है। गौशे रोग के इलाज में प्रयुक्त होने वाला ग्लूकोसेरिब्रोसिडेस नामक एंजाइम गाजर की सेल कल्चर में उत्पन्न होता है।

अमेरिका के सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के अनुसार फ्लू वैक्सीनों के निर्माण के लिए सबसे ज्यादा प्रचलित विधि में अंडा-आधारित विधि का प्रयोग किया जाता है। यह विधि 70 साल पुरानी है। दुनिया में कोरोना महामारी फैलने से पहले इन्फ्लुएंजा की वनस्पति-आधारित वैक्सीन का तीसरे चरण का ट्रायल शुरू हो चुका था और उसके उत्साहवर्धक नतीजे सामने आए थे। इस समय एक रिसर्च टीम कोविड-19 के लिए वनस्पति आधारित वैक्सीन पर काम कर रही है।

# राम अपने जीवन के सभी स्थितियों में धर्यवान बने रहें

**स्वामी सत्यांनदजी सरस्वती**



**किसी** भी निर्माण की प्रकिया छोटे से आंरभ होती है। धीरे-धीरे आंरभ होकर वह प्रकिया बड़ा रुप ले लेती है। काई भी प्रकिया में आंरभिक तेजी हार का कारण भी बनती है। व्यवहार जगत में मैराथन दौड़ वही जीतता है जो आंरभ में अपनी उर्जा बचाता है और अंतिम में अपनी पूरी उर्जा लगा देता है। धर्य से ही निमार्ण होता है। भक्ति का निमार्ण भी जीवन में धर्य से ही होता है। राम के जीवन में भी धर्य असीम था। वे शिक्षा प्राप्त करने के बाद पूरे देश के तीर्थो का भ्रमण करने के बाद भी चिंतन में ही थे। ब्रंह्त ज्ञान के लिए मिला जीवन किस ओर जा रहा है। कोई तो मिले जो हमें इस बात को बताये। इसी बीच गुरु विश्वमित्र यज्ञ की रक्षा के लिए उनसे मिलने आये तब उन्होंने उन्हें ज्ञानी मानकर अपनी समस्या बतायी। तब विश्वमित्र ने कहा कि गुरु वशिष्ठ के होते मैं क्या समझा सकता हूं। वे हमारे भी गुरु हैं और हमने जो कुछ ज्ञान हासिल किया है वे उनकी कृपा से हो सकी है।

**जिज्ञासा का परिपक्व होना**

राम समझते थे कि वशिष्ठ तो उनके कुल के गुरु हैं एक सामान्य पूजा-पाठ करने वाले व्यक्ति है। लेकिन जब उन्हें मालूम हुआ कि वशिष्ठ ब्रह्य ज्ञानी है तब वे वशिष्ठ के पास गये और पूछा की आप ब्रंह्म ज्ञानी है यह बात हमें पता नहीं था। विनम्रता पूर्वक श्री राम ने पूछा कि आपने उस स्तर का ज्ञान मुझे क्यों नहीं दिया।

वशिष्ठ ने कहा आपकी जिज्ञासा आज परिपक्व हुई है इसलिए आज मैं आपको ज्ञान दूंगा। आदमी जो भी जप-तप-ज्ञान करता है उससे जिज्ञासा पैदा होना चाहिए। यह जिज्ञासा ज्ञान का होगा। ज्ञान के लिए गुरु स्थान और गुरु की भूमिका होगी। यही ज्ञान हर काल में रहा है सिर्फ स्थान और व्यक्ति बदल गये हैं। राम के काल में गुरु वशिष्ठ, कृष्ण के काल में दुर्वासा और आधुनिक काल में स्वामी रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद, स्वामी परमहंस दयाल जी और स्वामी जी ने ज्ञान को संरक्षित किया प्रचार और प्रसार किया। योग्य पात्र को खोजा और उन्हें प्रदान किया। धन से ज्ञान खरीदा नहीं जा सकता है। ब्रंम्हचर्य, गृहस्थ,वानप्रस्त और सन्यास चार अवस्था से मनुष्य गुजरता है।

गृहस्थी के लिए भी सन्यास की अवस्था है। जीवन के सभी जवाबदेही निभाते हुए सन्यासी का जीवन भरत ने जीया था। योग्य, अतियोग्य व्यक्ति का मिलने का क्रम जारी रहता है। पूर्ण समर्पण से ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रकृति में भी इसका उदाहरण है। यमुना का गंगा में समर्पण के बाद यमुना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। गंगा सागर में मिलकर समर्पित हो जाती है। इसी प्रकार पूर्ण समर्पण से ही ज्ञान मिल सकता है जिसके बाद कुछ भी पाना शेष नहीं रह जाता है।

**(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर बिहार।)**

# क्या बसपा को खत्म करके मानेंगी मायावती?

**रमेश सर्राफ धमोरा**

उत्तर प्रदेश की स्थिति देखें जहां से बसपा का जन्म हुआ था। वहां 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी महज एक सीट ही जीत सकी थी। वहां बसपा को सिर्फ 12.88 प्रतिशत मत मिले थे। वहीं 2017 के विधानसभा चुनाव में 19 सीट व 22.31 प्रतिशत वोट मिले थे।

हाल ही में संपन्न हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम विधानसभा के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का ग्राफ तेजी से गिरा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ जैसे हिंदी पट्टी वाले प्रदेशों में बहुजन समाज पार्टी एक तीसरे विकल्प के रूप में अपनी ताकत का एहसास कराती आई थी। मगर इस बार के विधानसभा चुनाव में बसपा का पूरी तरह सूपड़ा ही साफ हो गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में राजस्थान में बसपा को 4 प्रतिशत वोट व 6 सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार यहां बसपा 1.82 प्रतिशत वोटों के साथ मात्र दो सीटों पर ही सिमट गई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में बसपा को मात्र 721037 वोट मिले हैं। मध्य प्रदेश में पिछली बार बसपा को दो सीट व 5.01 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि इस बार के चुनाव में वहां बसपा को 3.40 प्रतिशत यानी 14,77,202 वोट तो मिल गए मगर सीट एक भी नहीं मिली।

इसी तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पिछली बार बसपा को दो सीटों के साथ 552313 यानी 3.9 प्रतिशत वोट मिले थे। मगर इस चुनाव में वहां बसपा को सीट तो एक भी नहीं मिली उसके साथ ही वोटों में भी गिरावट दर्ज हुई है। वहां बसपा को 319903 यानी 2.05 प्रतिशत वोट ही मिले हैं। तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला। वहां पार्टी को 321074 यानी 1.37 प्रतिशत वोट मिले हैं।

मिजोरम में तो वैसे ही बसपा का कोई नाम लेवा नहीं है। 2022 में हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बसपा 53 सीटों पर चुनाव लड़ी मगर एक भी प्रत्याशी नहीं जीत पाया था। वहां पार्टी को 14613 यानी 0.35 प्रतिशत मत मिले थे। पिछले गुजरात विधानसभा के पिछले चुनाव में वहां बसपा ने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें 100 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के जमानत जप्त हो गई थी। वहां पार्टी को मात्र 158123 यानी 0.5 प्रतिशत मत मिले थे। उतराखंड में बसपा के दो व पंजाब में एक विधायक है।

उत्तर प्रदेश की स्थिति देखें जहां से बसपा का जन्म हुआ था। वहां 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी महज एक सीट ही जीत सकी थी। वहां बसपा को सिर्फ 12.88 प्रतिशत मत मिले थे। वहीं 2017 के विधानसभा चुनाव में 19 सीट व 22.31 प्रतिशत वोट मिले थे। 2012 की विधानसभा चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 80 सीटों के साथ 25.91 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने 30.43 प्रतिशत वोटो के साथ 206 सीट जीतकर अपने दम पर सरकार बनाई थी। 2002 के चुनाव में बसपा को 98 सीट व 23.6 प्रतिशत वोट मिले थे। 1996 के चुनाव में 67 सीट व 19.64 प्रतिशत वोट मिले थे। 1993 के चुनाव में 67 सीट व 11.12 प्रतिशत वोट, 1991 के चुनाव में 12 सीट व 9.44 प्रतिशत वोट मिले थे। 1989 के चुनाव में पहली बार बसपा ने उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़कर 13 सीट तथा 9.41 प्रतिशत वोट पाए थे।

उपरोक्त आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि बहुजन समाज पार्टी का जनाधार लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है। लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देख तो 2019 के चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 10 सीटें व 3.67 प्रतिशत वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि पार्टी को 4.19 प्रतिशत वोट मिले थे। 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में 20 व मध्य प्रदेश में एक कुल 21 सीट व 6.56 प्रतिशत वोट पाए थे। 2004 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 19 सीट जीतकर 5.33 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे।

1999 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 14 सीट जीती थी तथा 4.16 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 1998 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में चार व हरियाणा में कुल पांच सीट जीती थीं तथा 4.67 प्रतिशत वोट पाए थे। 1996 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 6 पंजाब से तीन व मध्य प्रदेश से दो यानि कुल 11 सीट जीती थी तथा 4.02 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1991 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने मध्य प्रदेश में एक पंजाब में एक व उत्तर प्रदेश में एक कुल तीन सीट जीती थी वहीं 1.61 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1989 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा था और पार्टी ने उत्तर प्रदेश में तीन व पंजाब में एक कुल चार सीटे जीत कर 2.07 प्रतिशत वोट पाये थे।

पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी से समझौता होने के चलते 10 सीटों पर जीत जरूर हासिल कर ली थी। मगर उसके बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने समाजवादी पार्टी से अपना चुनावी गठबंधन समाप्त कर दिया था और एकला चलों की नीति पर ही 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा का चुनाव लड़ा था। जिसमें पार्टी का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा था। 2022 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां से बसपा एक ताकत बनकर उभरी थी और चार बार सरकार बना चुकी है। वहां मात्र एक सीट पर सिमट जाना पार्टी के नेताओं के लिए बड़े शर्म की बात है।

कांशीराम के जमाने में बसपा का पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे कई प्रदेशों में बड़ा प्रभाव रहता था। लेकिन अब धीरे-धीरे बसपा सिमटने लगी है। बसपा से जीते हुए बहुत से सांसद, विधायक दल बदल कर दूसरे दलों में शामिल हो जाते हैं। जिससे बसपा दिनोंदिन कमजोर होने लगी है। राजस्थान विधानसभा के 2008 व 2018 के चुनाव में बसपा से 6-6 विधायक चुनाव जीते थे। मगर दोनों ही बार सभी विधायकों ने कांग्रेस में विलय कर गहलोत सरकार में मंत्री व अन्य लाभकारी पदों को हासिल कर लिया था।

कभी बसपा में कैडर पार्टी का मुख्य आधार होता था। मगर आज पार्टी में कैडर नाम मात्र का भी नहीं बचा है। पार्टी के अधिकांश बड़े पदों पर पुराने नेताओं के स्थान पर दलबदलुओं का कब्जा हो गया है। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती का अकेले चलो की सोच ने पार्टी को रसातल में पहुंचा दिया है। मायावती ना तो केन्द्र में सत्तारुढ़ भाजपा के साथ जाना चाहती है और ना ही इंडिया गठबंधन में शामिल होना चाहती है। ऐसे में एकला चलो की नीति बसपा के लिए आत्मघाती साबित हो रही है।

बसपा सुप्रीमो मायावतीने अपने भतीजे आकाश आनंद को विधिवत अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है ताकि पार्टी को एक युवा नेता मिल सके। अब आगे उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड कि राजनीति स्वयं मायावती देखेंगी बाकी के प्रदेशों में संगठन का काम आकाश आनंद संभालेंगे। यदि मायावती को अपनी पार्टी का राजनीतिक अस्तित्व बचाना है तो उन्हें भाजपा नीत एनडीए या कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन में से किसी एक का साथ भी लेना होगा। बिना किसी गठबंधन में शामिल हुए बसपा का जनाधार बचना मुश्किल लग रहा है।

केंद्र सरकार के विरोधी इंडिया गठबंधन में शामिल अधिकांश दलों के नेता भी चाहते हैं कि मायावती उनके गठबंधन में शामिल होकर भाजपा के खिलाफ विपक्ष की एकता को मजबूत करें। अब इस बात का फैसला तो खुद मायावती को ही करना है कि वह किसी गठबंधन में शामिल होंगी या फिर अपना एकला चलो का राग ही अलापती रहेंगी।

# रात में न सोने का परिणाम

**सोनी शर्मा**

आज के युवा रात में सो नहीं रहे क्योंकि वे नौकरी ही दूसरे देश की करते हैं या फिर सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं।

सेहत को लेकर यह नसीहत पुरानी है कि नींद अच्छा तो स्वास्थ्य भी अच्छा। मौजूदा जीवनशैली तनाव बढ़ाने वाली है। साथ ही खानपान को लेकर भी लोग ज्यादा सतर्क नहीं रहते है। साथ ही अपेक्षित शारीरिक श्रम का भी लोगों के जीवन में अभाव है। इस कारण लोग तेजी से कई गंभीर बीमारियों के भी शिकार हो रहे हैं। अच्छी नींद के लिए हमें सबसे पहले अपनी जीवनशैली में सुधार करना होगा और कुछ बातों का सख्ती से नियमित पालन करना होगा। इसी तरह शाम होने के बाद ज्यादा चाय-कॉफी से दूर रहें तो बेहतर होगा। सोने जाने के एक घंटे पहले रात का खाना जरूर खा लें। रात को हल्का और सुपाच्य भोजन लें। नींद की समस्या ज्यादा परेशान कर रही है तो डॉक्टरी सलाह जरूर लें क्योंकि यह किसी और बीमारी का भी लक्षण हो सकता है।

बिस्तर पर जाने के बाद सोशल मीडिया के किसी बहस में उलझ जाना। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है। बिस्तर पर सोने जाने के एक घंटा पहले किसी भी तरह के स्क्रीन और सोशल मीडिया से दूरी बना लें।

# खुजराहो में इन पांच खूबसूरत जगहों की जरूर करें सैर

## जिंदगी भर याद रखेंगे ये एक्सपीरियंस

**अनन्या मिश्रा**

जब लोग खुजराहो घूमने के लिए जाते हैं, तो यहां स्थित मंदिरों को जरुर देखना चाहते हैं। मंदिरों के अलावा भी खुजराहो में घूमने के लिए कई जगहे हैं। ऐसे में आप खुजराहो में इन चीजों का एक्सपीरियंस ले सकते हैं।

भारत के मध्य प्रदेश राज्य के छतरपुर जिले में स्थित खुजराहो एक बेहद शानदार शहर है। यह शहर अपने प्राचीन मंदिरों के लिए जाना जाता है। खुजराहो के मंदिरों के आर्टवर्क से लेकर आर्किटेक्चर तक सब कुछ पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करने का काम करता है। देश के मध्यकालीन हिंदू और जैन मंदिरों का सबसे बड़ा समूह भी आपको खुजराहो में देखने को मिलेगा। इसके अलावा सात अजूबों में से एक अजूबा खुजराहो में भी है।

इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि खुजराहो में आप किन चीजों का एक्सपीरियंस ले सकते हैं।

## साउंड और लाइट शो

खुजराहो जाने के दौरान आप साउंड और लाइट शो का आनंद लेना न भूलें। यह रात के समय करने लायक चीजों में से एक है पश्चिमी मंदिर ग्रुप द्वारा आयोजित किया जाता है। साउंड और लाइट शो के माध्यम से विभिन्न ऐतिहासिक और धार्मिक तथ्यों के अलावा वहां की संस्कृतियों का चित्रण किया जाता है। इस शो को देखने के बाद आप इसे कभी भूल नहीं सकते हैं। यह शो अंग्रेजी और हिंदी दोनों में आयोजित किया जाता है। इस शो के माध्यम से पर्यटकों को मंदिर की नक्काशी, कला और आकर्षक कहानियों के बारे में जानकारी मिलती है।



## पन्ना नेशनल पार्क

इसके अलावा आपको यहां पर पन्ना नेशनल पार्क भी जरूर घूमना चाहिए। पन्ना नेशनल पार्क को इस राज्य का 5वां और देश का 22वां टाइगर रिजर्व कहा जाता है। यहां पर आपको सियार, लंगूर, जंगली सूअर, चिंकारा और चीता सहित अन्य वन्यजीव प्रजातियों को देखने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही जंगल सफारी का आनंद लेते हुए वाइल्ड लाइफ को करीब से एक्सपीरियंस कर सकते हैं। आप चाहें तो जंगल कॉटेज में भी रह सकते हैं।

## अजयगढ़ किला

अगर आपको ऐतिहासिक चीजों में रुचि है, तो आप अजयगढ़ किला भी घूम सकते हैं। यह किला खुजराहो से 80 किमी दूर एक खूबसूरत पहाड़ी पर 688 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इस किले को चंदेल राजाओं के किले के तौर पर जाना जाता था। कहते हैं कि उनके शासनकाल में चंदेल राजाओं का गढ़, किलों ने अहम भूमिका निभाई थी।

## स्टेट म्यूजियम ऑफ ट्राइबल एंड फोक आर्ट

खजुराहो में चंदेला कल्चरल कॉम्पलैक्स में स्थित स्टेट म्यूजियम ऑफ ट्राइबल एंड फोक आर्ट में बेहतरीन प्राचीन अवशेष और कलाकृतियां मौजूद हैं। इस म्यूजियम में आप कारीगरों के शानदार ट्राइबल वर्क को देख सकते हैं। यहां पर आपको कई संस्कृतियों, परंपराओं और कलाकृतियों और धर्मों के अवशेषों के बारे में जान सकते हैं। यहां पर आकर आपको एक अलग एक्सपीरियंस होगा।

## पांडव वॉटरफॉल

जब आप पन्ना नेशनल पार्क घूमने के लिए जाएं, तो इसके पीछे 30 मीटर की ऊंचाई से पांडव वॉटरफॉल गिरता है। इस वॉटरफॉल का पानी नीचे एक तालाब में गिरता है। बताया जाता है कि इस झरने के नीचे से पांडव होकर गुजरे थे। जिस कारण इसे पांडव वॉटरफॉल कहा जाता है। आपको यहां एक बार जरूर आना चाहिए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## रिश्तों की पहेली



**डॉ.प्रियंका कुमारी**

आ जाओ हमारे पास में तुम
नहीं तो हो जाओगे दुनियां में गुम।
अच्छा होता कर देते एक-दूसरे को माफ
नहीं हुए हैं सारे रास्ते साफ।

इतनी भी बेगैरत जिंदगी नहीं थी हमारी,
फिर भी गलती नहीं थी तुम्हारी।
न रिश्तों में चिखमचिली थी,
ना हीं दरियादिली थी,
वश संदेह के घेरे में 'रिश्तों की पहेली' थी।
मानती हूँ तुम इतने सरल नहीं हो,पर इतने भी कठोर नहीं हो।
मुझे तुमसे नहीं है कोई परेशानी,
फिर मिलने में क्यों करते हो आनाकानी?
हर बार मैं ही मनाऊँ ?या मैं भी कभी गुस्साऊँ।
तुम्हारे एक सौरी से सब बात बन जाती है।
इस बात से गुरूर मुझे हर बार आती है । **(एसओपी डोरंडा)**

## कर्म करें निर्मल



**अरबिंद तिवारी**

बिना पँख के उड़ू गगन में अरमानों के संग।
तू जब संग हमारे होती मैं दुनियां में दबंग।
मेरे हौसले बुलंदियों को छूते हैं हर पल।
धर्म अर्थ की बोध कराते कर्म करें निर्मल।
साथ तुम्हारा मुझे मिला तब जीवन है मुस्काया।
जब भी तेरी ओर देखा तो एक भरोषा पाया।
इस जीवन में सात जन्म का आनंदित पल भर दूँ।
तेरे मेरे उपलब्धि को तुम्हें समर्पित कर दूँ।
अगले जन्म में फिर से होगा हम दोनों का साथ।
हम विखरेंगे वैसे हि हर खुशियों की शौगात।
सजे हमारा बाग बगीचा पुष्पों की लाली से ।
खिले हमारा गली मोहल्ला हर पल खुशहाली से।
अपनों की मुस्कान बने हम अपनों की पहचान।
हर जन्म में देश मिले हमें अपना प्यारा हिंदुस्तान।
सीचें देश कि धरती ऐसे प्यार का फूल उगाना है।
लो संकल्प अब अपने देश को विश्व गुरु बन जाना है।
**(वरिष्ठ महासचिव कोल्हान झारखण्डअन्तर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद)**

## बदलता पर्यावरण और विनाश की घंटी



स्पीड न्यूज

## वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि, 1971 के भारत-पाक युद्ध के शहीदों को नमन



**गुमला।** भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन ने भारत-पाक के ऐतिहासिक युद्ध 1971 में भारत को मिले जीत पर शनिवार को विजय दिवस का आयोजन परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम परिसर में किया गया। युद्ध में जीत के नायक रहे शहीद जवानों के शौर्य को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। 1971 के युद्ध में अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मनों के खेमे में खलबली मचा देने व उनके इरादों को नेस्तनाबूद कर देने वाले गुमला के लाल लांस नायक परमवीर चक्र विजेता अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन के सदस्यों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर संगठन के अध्यक्ष विनोद मिंज, इमलियानी एक्का, तैरेसा कुजूर, अगाथा कुजूर, मीला उरांव, भिखा उरांव, रंथू उरांव सहित काफी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

## एलआइसी ने लगाया प्रशिक्षण शिविर



**गुमला।** भारतीय जीवन बीमा निगम गुमला शाखा ने शनिवार को अभिकर्ता प्रशिक्षण शिविर स्थानीय परिषदन भवन में लगायी। इसमें गुमला शाखा में प्रशिक्षु नये विकास अधिकारियों का स्वागत बुके देकर मुख्य शाखा प्रबंधक त्रिलोकी चंद्र गोयल ने किया। प्रशिक्षक रूप कुमार ने सभी को प्रशिक्षित किया। इस प्रशिक्षण सत्र में अभिकर्ताओं ने अपने ग्राहकों को अच्छा प्लान उनके वित्तीय स्थिति को ध्यान में रख दिशा निर्देशित करने के गुण सीखे। मौके पर मुख्य शाखा प्रबंधक त्रिलोक चंद्र गोयल, सहायक शाखा प्रबंधक अश्विनी दास, प्रशिक्षु विकास अधिकारी ममता कुमारी, प्रीति मिंज, संध्या कुमारी, अनिता कुमारी, पूजा कुमारी, शबाना परवीन, शैलेश कुमार, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

## आयुक्त ने किया पुस्तकालय का भ्रमण



**गुमला।** दक्षिणी छोटनागपुर प्रमंडल के प्रभारी आयुक्त दशरथ चंद्र दास ने गुमला जिला भ्रमण के क्रम में जिला प्रशासन की पहल से संचालित पुस्तकालय का निरीक्षण किया। उन्होंने देर शाम कोर्ट परिसर में बने नव निर्मित बिरसा मुंडा पुस्तकालय एवं सावित्री बाई फुले किशोरी पुस्तकालय पहुंचकर बच्चों से बात की। उन्होंने पुस्तकालय की उपलब्ध व्यवस्थाओं को देखा एवं अन्य जरूरी जानकारी को प्राप्त किया तथा एक एक कर पुस्तकालय अंतर्गत सभी कमरों एवम उपलब्ध पुस्तकों को भी देखा। उन्होंने पुस्तकालय में पढ़ रहे छात्रों से मुलाकात की एवं उन्हे जीवन में सफलता हासिल करने के संबंध में उचित मार्गदर्शन भी दिया। इस दौरान अपर समाहर्ता गुमला, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## बलदेव साहू कॉलेज में 19 से 23 दिसंबर तक होगा इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट

**लोहरदगा।** रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट पुरुष का आयोजन पहली बार बलदेव साहू कॉलेज को मिला है। आयोजन के लिए विभिन्न स्तर पर कमेटियां बनी हैं। तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। जिला प्रशासन भी सहयोग कर रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 19 दिसंबर को होगा, जिसमें रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत सिन्हा मुख्य अतिथि होंगे। जानकारी देते हुए बीएस कॉलेज के प्रबंधन ने बताया कि यह कार्यक्रम 19 से 23 दिसंबर तक चलेगा। इसमें लगभग 12 टीमों के भाग लेने की संभावना है। प्रतियोगिता कॉलेज के मुख्य स्टेडियम में ही होगा। कुछ मैच बाहर के ग्राउंड में होंगे।

## सेना के शौर्य और पराक्रम की याद दिलाता है विजय दिवस : परमेश्वर राम



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में विजय दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि एवं प्रधानाचार्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। आगत अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन दास ने कराया। मुख्य अतिथि अवकाश प्राप्त सूबेदार परमेश्वर राम महली थे। इन्हें विद्यालय के आचार्य श्यामसुंदर कुमार द्वारा श्रीफल एवं अंगवस्त्र अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कहा कि इसी दिन दुनिया के राजनीतिक नक्शे पर एक नये राष्ट्र बांग्लादेश का उदय हुआ। यह भारतीय सेना के पराक्रम का अनूठा उदाहरण है। धन्यवाद ज्ञापन राजीव कुमार सिंह ने किया।

## कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ : जिप सदस्य



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के नंदगांव फार्म के समीप जिप सदस्य की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर प्रखंड जेएमएम महिला मोर्चा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेएमएम जिला अध्यक्ष मोजमिल अहमद उपस्थित थे। वहीं जिप सदस्य राधा तिर्की के नेतृत्व में जेएमएम के महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष तथा सभी सदस्यों को बुके देकर तथा माला पहनाकर सभी को सम्मानित किया गया। वही सभी को बधाई देते हुए कहा कि कार्यकर्ता संगठन का रीढ़ होते हैं। जिसे आप सभी के माध्यम से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

# प्रभु यीशु मसीह शांति और प्रेम के प्रतीक : बिशप लिनुस

- झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के द्वारा क्रिसमस शोभायात्रा सह क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन
- लुथरन स्कूल परिसर से निकाली गयी भव्य शोभयात्रा, सांता क्लोज ने शोभायात्रा में बांटी चाकलेट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के तत्वाधान में शनिवार को क्रिसमस शोभायात्रा सह क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। क्रिसमस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में खीस्त विश्वासी नाचते एवं झूमते शामिल हुए। शोभा यात्रा लुथरन चर्च से शुरू होकर ऑडिटोरियम तक चली। इस शोभा यात्रा में मुख्य आकर्षण के रूप में लाइव गाना क्रिसमस कैरोल रही। साथ में सांता क्लॉज भी लोगों को चॉकलेट बांट कर क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। क्रिसमस कैरोल के बाद पूरा जुलूस बख्तर साय मुंडल सिंह स्मृति भवन में सभा में तब्दील हो गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बिशप फादर लिनुस पिंगल एक्का ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह शांति और प्रेम का प्रतीक हैं और हमें भी शांति का प्रतीक बनना है। नफरत हिंसा से लोग दूर रहे। यीशु त्याग का प्रतीक है। क्रिश्चयन यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत कुमार ने सभी को आने वाली क्रिसमस एवं नव वर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम किया कि उसने अपना एकलौता पुत्र को धरती पर भेज दिया। यीशु मसीह किसी जाति, धर्म, समुदाय का निर्माण करने नहीं किसी धर्म का प्रचार करने के लिए नहीं परंतु समस्त मानव जाति का उद्धार करने पाप से क्षमा एकता प्रेम और शांति का संदेश देने के लिए आये थे। इसलिए हम सभी मसीह भी अपने जीवन से मसीही एकता प्रेम और शांति एक दूसरे को मानवता का संदेश देकर मसीह का गवाह बने। अब जरूरत है हम सब को एक होने की ताकि हम समाज में उदाहरण बन सके। झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन सभी मसीह समाज को लेकर चल रही है। संगठन के संरक्षक अमित एक्का ने कहा क्रिसमस हमारे लिए ढेर सारा प्यार और खुशियों को लेकर आता है। इस क्रिसमस के त्यौहार में आप इस तरह खुशियां मनाएं की आपकी खुशी किसी के लिए परेशानी का सबब न बने। हर किसी के साथ प्यार बांटते हुए इस क्रिसमस को मनायें। इस सभा में 22 चर्च के मसीह विश्वासियों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किया।






शोभायात्रा में शामिल क्रिश्चयन यूथ एसोसिएशन के पदाधिकारी व अन्य और क्रिसमस गैदरिंग में शामिल लोग।

**ये भी रहे उपस्थित :** मौके पर रोबर्ट टोप्पो, उत्तम बेक, सजीत पन्ना, अन्थोनी लकड़ा, होसियाना तिर्की, सेत कुमार एक्का, जयमनीता एक्का, अतुल तिग्गा, सुनील कुमार, सौरभ एक्का, अर्पित टोप्पो,, अनीस, अभिषेक करकेरट्टा, विनय करकेरता, अमृत तोपनो, मेरी किरण टोप्पो, कुलदीप उरांव, जासिंता बेक, रेव निष्ठार, विनोद वरवा, शंकर दयाल बिरजिया, रोबर्ट टोप्पो भी मौजूद थे।

गड़रपो : सरकार आपके द्वार में समस्याओं के निष्पादन के लिए आवेदकों की उमड़ी भीड़

# कार्यक्रम का उद्देश्य समस्याओं का समुचित निदान: जिप सदस्य

फोटो कैप्शन3 कार्यक्रम को संबोधित करते जिप सदस्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड क्षेत्र के गड़रपो पंचायत के सेमरा स्कूल मैदान में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिप सदस्य राजमनी उरांव, मुखिया सुमित उरांव, पीएचडी के जिला समनव्यक परवेज अंसारी, जेएमएम अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सचिव मंसूर अंसारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, पशुपालन, आवास, बाल विकास, मनरेगा, अंचल समेत कुल 19 विभागों के स्टॉल लगाये गये। जिसमें समस्याओं के निष्पादन के लिए आवेदकों की भारी भीड़ उमड़ी रही। बताते चलें कि शिविर में ग्रामीणों ने सर्वाधिक आवेदन अबुआ आवास, पशुपालन, पेंशन व धोती, साड़ी व लुंगी वितरण में देखा। मौके पर जिप सदस्य राजमनी उरांव ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि यह कार्यक्रम का आयोजन जन समस्याओं के निष्पादन के लिए किया गया है। वहीं उन्होंने लोगों से अपील की है कि सभी जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठायें।



कार्यक्रम को संबोधित करते जिप सदस्य।

**खास बातें :** पीएचडी के परवेज अंसारी ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से देते हुए ग्रामीणों को पंचायत स्तरीय आयोजित शिविर का लाभ उठाने की बात कही उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार आपको लाभ देने पहुंची है। सरकार कि जन कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ शिविर के माध्यम से प्राप्त करें। मुखिया सुमित उरांव ने कहा कि सरकार द्वारा बहुत सारी योजनाएं चलायी जाती है।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया गजराज प्रभावित गांवों का भ्रमण, सुनी समस्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उरांव शनिवार को गजराज प्रभावित क्षेत्र कामडारा प्रखंड के रामतोलया पंचायत का दौरा किये। इस दौरान ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। कामडारा प्रखंड के केनालोया, चितापिड़ी, झोराटोली, रामतोलया गांवों में हाथियों ने अधिक क्षति पहुंचाया है। इन गांवों के ग्रामीण शाम होते ही घरों में प्रवेश कर जाते हैं। क्योंकि ये डर के माहौल में जीवन गुजार रहे हैं।

रामतोलया पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि बीते साल गजराज के द्वारा घर का नुकसान किया गया था परन्तु अभी तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। सभी समस्याओं से अवगत होकर चैतु उरांव ने कहा कि समय-समय पर ग्रामीणों को एक साथ बैठकर अपने एवं गांव के विकास हेतु चर्चा परिचर्चा करना चाहिए। ग्राम सभा के माध्यम से अपने ग्राम के विकास हेतु कार्य योजना तैयार कर संबंधित विभाग को एवं पदाधिकारी को समर्पित किया जाना चाहिए। तरकि ग्रामीणों की समस्या को निराकरण हेतु आवश्यक पहल हो सके। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजीत केरकेट्टा, जिला सचिव तरुण गोप, सुनीता तोपनो, प्रखंड महासचिव पतरस होरो, पं अध्यक्ष ईशरविया तोपनो, इमरेशिया तोपनो, सिलास पहान, एमानुएल टोपनो, अशोक टोपनो, शनिचर झोरा,विरसा झोरा, भाकु झोरा, शनीयारो, देवी, मोनिका देवी, बसंती देवी, असरिता देवी, वुधवा झोरा, ननका झोरा, सोमारी देवी समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।



ग्रामीणों के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष।

# देशभक्ति का जुनून पैदा करती है सेना की वर्दी : शिवदयाल उरांव

- >> सबसे बड़ी सेवा, देश की सेवा है : कृष्णा प्रसाद
- >> मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मनाया गया विजय दिवस
- >>16 दिसंबर विजय दिवस पर 16 सैनिक हुए सम्मानित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में शनिवार को विजय दिवस समारोह आयोजित हुआ। विजय दिवस समारोह पर मुख्य रूप से 16 पूर्व सीआरपीएफ जवान व आर्मी जवान सहित कार्यरत आर्मी जवान सम्मानित किये गये। जवानों में कृष्णा भगत, बसंत उरांव, सहदेव तिग्गा, सुनील उरांव, तिवारी उरांव, मंजित कुजूर, दशरथ उरांव, महावीर भगत, चंद्रशेखर भगत, सुमन उरांव, धर्मदेव भगत, करण कुजूर, दिलीप भगत, दीपक कुजूर, बिरसू उरांव और सुखनाथ खेस को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

# शिवराजपुर गांव में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** प्रखंड के शिवराजपुर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार, थाना प्रभारी अमित चौधरी, मुखिया विनोद उरांव शामिल हुए। कार्यक्रम में अबुआ आवास, पेंशन, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग, बाल विकास बिभाग, मनरेगा, वन विभाग, मत्स्य विभाग, सहित कई अन्य विभागों के स्टॉल लगाये गये। जिसमें ग्रामीणों ने आवश्यकतानुसार अपने आवेदन भर संबंधित स्टाल में कर्मियों को जमा किया। इस क्रम में सावित्रीबाई फुले योजना, पेंशन पीपीओ, कल्याण विभाग से साइकिल की राशि, जॉब कार्ड सहित कई परिसंपत्तियां बांटी गयी। साथ ही असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण हुआ। वहीं घाघरा पुलिस ने भी स्टॉल लगाकर लोगों को साइबर ठगी नशापन डायन बिसाही जैसे कई मामलों को लेकर थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी ने लोगों को जागरूक किया।



## विभिन्न थानों ने चलाया जागरूकता अभियान



**गुमला।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिले की विभिन्न पंचायतों में लगे शिविर में एसपी हरविंदर सिंह के निर्देश पर विभिन्न थानों ने जागरूकता कार्यक्रम चलाया। शिविर में थाना प्रभारियों ने ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा, डायन कुप्रथा, साइबर ठगी, शक्ति एप, डॉयल 112, झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति, नशामुक्ति अभियान के बारे में बताया और उन्हें जागरूक किया। थाना प्रभारियों ने डायन कुप्रथा पर जागरूक करते हुए कहा कि किसी को डायन कहना ही कानून अपराध है। डायन-बिसाही कुछ नहीं होता है। ये सब भ्रम हैं। उन्होंने वाहन चलाते वक्त लोगों से हेलमेट का प्रयोग करने व सावधानी पूर्वक वाहन चलाने की अपील की। आज के शिविर में सिसई थाना, घाघरा थाना और भरनो थाना के द्वारा लोगों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

## प्रतिमा अनावरण की तैयारी पूरी, कार्यक्रम आज



**लोहरदगा।** रविवार को पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की दूसरी पुण्यतिथि पर प्रातः 10 बजे लोहरदगा आजसू प्रधान कार्यालय ब्लॉक मोड में आंदोलनकारी सह पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की प्रतिमा का अनावरण आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो करेंगे। मौके पर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विधायक लंबोदर महतो, विधायक सुनीता चौधरी, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, रांची जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, वरीय उपाध्यक्ष हरेलाल महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष तिवारी महतो एवं लोहरदगा विधानसभा प्रभारी सह पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत सहित अन्य केंद्रीय पदाधिकारी उपस्थित होंगे। इस कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है। कमल किशोर भगत स्मारक समिति ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, व्यवसायिक संगठन के लोगों को आमंत्रित किया है। साथ ही आम जनता से भी कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। नीरू शांति भगत ने कहा कि कल का दिन लोहरदगा के लिए ऐतिहासिक होगा; क्योंकि पूर्व विधायक कमल किशोर भगत के विभिन्न कार्यों के लिए आज भी लोग उनको याद करते हैं।

## जेंडर सेंसेटिव एप्रोच टू चाइल्ड प्रोटेक्शन विषय पर कार्यशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** मिशन वात्सल्य की विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयनक एवं जेंडर सेंसेटिव एप्रोच टू चाइल्ड प्रोटेक्शन विषय पर स्वैच्छिक संगठन (टीडीएच) के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। कार्यशाला में टीडीएच की स्मिता द्वारा विषय के संबंध में जानकारी दी गई और बताया गया कि जब हम बचपन रहता तो उस समय की सोच अलग होती है। स्कूल जाते हैं और कॉलेज जाते हैं तो मानसिकता अलग हो जाती हैं। नौकरी करते हैं या समाज में रहते हैं या सीनियर सिटीजन के रूप में हमारी सोच महिला या पुरूष के लिए अलग-अलग हो जाती है। लिंग के आधार पर हमारी सोच अलग हो जाती हैं। हमें इसी नजरिये को एक करने की जरूरत है।

## विद्यालय खोल घर चली जाती हैं शिक्षिका

**जारी।** प्रखंड के सीकरी पंचायत के ग्राम अंवराटोली के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में स्कूल खोल के शिक्षक अपने घर के कामो में व्यस्त रहते हैं। जिससे बच्चों की शिक्षा पर व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षिका उषा लकड़ा ग्राम अंवराटोली की है। वह हाजरी बनाकर अपने घर के काम में प्रतिदिन चली जाती है। शिक्षिका के नहीं रहने के कारण बच्चे भी बिना अध्ययन किये ही घर वापस चले जाते हैं। विद्यालस में बच्चों की संख्या 20 है। बच्चे स्कूल में नहीं ठहरते हैं।

## 375 लाभुकों ने अबुआ आवास के लिए दिया आवेदन

- चैनपुर के मालम पंचायत में सरकार आपके द्वारा के तहत शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड के मालम पंचायत में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर शिशिर कुमार सिंह, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में कुल 375 लाभुकों ने अबुवा आवास के लिए आवेदन दिया। वहीं मनरेगा, कृषि, पशुपलन, सर्वजन पेंशन योजना, स्वस्थ विभाग, कल्याण विभाग, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, समेत अन्य सभी विभागों ने स्टॉल लगाये। मौके पर बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आप लोग भरपूर लाभ उठायें। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन जमा करें।

# बच्चों ने बाइक चालकों को दिये गुलाब बोले- अंकल... हेलमेट पहनकर चलें

- जिले में बढ़ती दुर्घटनाओं को लेकर बचपन स्कूल के बच्चों ने निकाली रैली
- जिले में सड़क दुर्घटनाओं में प्रति वर्ष हम सैकड़ों को खो देते हैं : चंद्रशेखर गिरि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिले में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए शनिवार को बचपन प्राइमरी स्कूल के बच्चों ने अपने सोशल सर्विस कैंपेन के तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान बच्चे हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर जागरूकता रैली निकाली। रैली थाना चौक आरंभ होकर टावर चौक, पटेल चौक होते हुए वापस थाना चौक पहुंचकर समाप्त हुई। रैली के दौरान बच्चों ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सड़क पर वैसे चालकों को जो सीट बेल्ट या हेलमेट नहीं पहने थे। उन्हें गुलाब का फूल देकर नियम पालन करने की अपील की। विद्यालय के डायरेक्टर चंद्र शेखर गिरी ने बताया गुमला जिले में सड़क दुर्घटना के कारण हर वर्ष कमोवेश सैकड़ों लोगों को हम खो देते हैं और इससे भी ज्यादा लोग अपाहिज होकर अपनी पूरी जिंदगी बदतर स्थिति में जीने को मजबूर हो जाते हैं।



जागरूकता रैली में शामिल स्कूली बच्चे व शिक्षक-शिक्षिकाएं।

**खास बातें :** इससे परिवार की आर्थिक और मानसिक स्थिति ज्यादा खराब हो जाती है। माता-पिता, समाज और सरकार बच्चों का पालन-पोषण कर पढ़ा लिखा कर उन्हें डॉक्टर-इंजीनियर्स बना देती है। लेकिन 25 से 30 वर्षों की सारी तपस्या यातायात नियमों की अनदेखी और अज्ञानता से 2 मिनट में त्रासदी के रूप में अपूरणीय क्षति में बदल जाती है। न केवल हम अपने परिजनों को असमय खो देते हैं बल्कि परिवार, समाज और संसाधनों की भी हमें क्षति होती है।

किसान गोष्ठी सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में निःशुल्क नैनो यूरिया वितरित

# नैनो यूरिया से किसान कम लागत में कमा सकते हैं अच्छा मुनाफा: उपमुखिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** जिला कृषि विभाग सह कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा ने प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत अंतर्गत खरता टंगरा में शनिवार को किसान गोष्ठी सह प्रशिक्षण एवं वितरण कार्यक्रम आयोजित की। गोष्ठी में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सह प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रामज्ञान साहू ने किसानों को कृषि की नई नई तकनीक के बारे में जानकारी देते हुए, बीजोपचार, टपकन बिधि, मिनी स्प्रिंकलर, सेड नेट, ग्रीन सेड का निर्माण, अनुदानित राशि पर मिलने वाली सामग्री लेने का नियम, केंचुआ खाद बनाने और उसके उपयोग करने का तरीका, निशुल्क वितरण नैनो यूरिया के प्रयोग करने की विधि, जैविक खाद का प्रयोग करने की विधि, गोमूत्र से बनने वाली जीवामृत निर्माण करने की बिधि सहित खेत में लगे फसल से लेकर उसके रख रखाव के बारे में विस्तृत रूप से प्रशिक्षण के माध्यम से जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में पंचायत के उपमुखिया जगबन्धन भगत द्वारा किसानों के बीच निशुल्क नैनो यूरिया का वितरण करते हुए कहा कि विभाग द्वारा किसानों को आने वाले दिनों में कम लागत में छोटा सा बोतल में एक बोरी यूरिया के बराबर काम करने वाली नैनो यूरिया का वितरण किया जा रहा है ताकि अपने फसलों को कम लागत और कम मेहनत कर अच्छा उपजाऊ बना सकते हैं।




कार्यक्रम में मौजूद किसान।

## स्पीड न्यूज

### तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक सवार युवक को कुचला, मौत

**चतरा।** चतरा-इटखोरी मुख्य पथ स्थित आमीन गांव के पास शुक्रवार की शाम एक तेज रफ्तार हाईवा ने युवक को कुचल दिया। जिससे युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। उसकी पहचान सदर थाना क्षेत्र के डमडोईया गांव निवासी मनु कुमार (26) के रूप में की गई, जो चंद्रिका यादव का पुत्र था। युवक को चपेट मे लेने के बाद चालक तेज गति से हाईवा लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी गिद्धौर पुलिस को दी गई। सूचना पाकर थाना प्रभारी गुलाम सरवर घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। जानकारी के अनुसार मनु कुमार बाईक से इटखोरी की ओर से घर लौट रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार हाईवा ने उसे अपने चपेट में लेते हुए फरार हो गया। वहीं घटना से परिजनों का रो रोकर बूरा हाल है। थाना प्रभारी ने कहा कि वाहन की पहचान की जा रही है। मालूम हो कि 11 दिसंबर को चतरा-इटखोरी पथ स्थित भेडीफॉर्म के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई थी। इस तरह उक्त पथ में चार दिनों में दो लोगों की मौत हुई है। जिला परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा नियमो का अनुपालन कराने में विफल साबित हो रही है। जिसके कारण घटना घट रही है।

### गौरक्षणी में योजनाओं का शिलान्यास व भूमि पूजन

**चतरा।** जिले के मयूरहंड प्रखंड के फुलांग पंचायत स्थित गौरक्षणी में रहने वाली गाय को सुरक्षित रखने को लेकर शुक्रवार को चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के मद से कई योजनाओं का भूमि पूजन के साथ शिलान्यास किया गया। योजनाओं का शिलान्यास हरिद्वार के संत स्वामी प्रशान्तानंद महाराज, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना के साथ नारियल फोड़ कर किया। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि लगभग पंद्रह लाख की लागत से गाय को रखने को शेड का निर्माण किया जाएगा। वही डीवीसी के द्वारा पांच लाख की लागत से हाई मास्टर लाइट व साधु संतों को रखने को लेकर सभी सुविधाओं से लैस कुटिया का निर्माण किया जाना है। उन्होंने बताया कि गाय शेड के निर्माण से लगभग तीन सौ गाय आसानी से शेड में रह पाएगी। वही स्वामी जी ने बताया कि शेड के निर्माण व मास्टर लाइट के लग जाने के बाद गौरक्षणी को एक नई पहचान मिल पाएगी। उन्होंने बताया कि ठंड व बरसात में गायों को खुले आसमान के नीचे रहने पर मजबूर होना पड़ता है। वही अंधेरे में गाय जंगल की ओर भटक जाती है। इस मौके पर अभियंता धनजंय ओझा, सांसद प्रतिनिधि पिंटू सिंह,जिला महामंत्री मृत्यंजय सिंह, पूर्व जिप सदस्य बबलू सिंह सहित उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने फीता काट कर किया कान्हा फूड्स का शुभारंभ



**इटखोरी।** इटखोरी-चौपारण रोड पर हीरो शोरूम के पास कान्हा फूड्स का उद्घाटन शुक्रवार को पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने फीता काट कर किया। इस रेस्टोरेंट के संबंध में रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर भानू प्रताप सिंह ने बताया कि इस रेस्टोरेंट मे वेज और नॉनवेज व्यंजनों की उत्तम व्यवस्था है। इस रेस्टोरेंट में इंडियन, चाइनीज और तंदूर की उत्तम सुविधा उपलब्ध है। उद्घाटन अवसर पर पूर्व विधायक सिमरिया योगेंद्र नाथ बैठा , सुजीत भारती , जगदीश यादव, अनिल कुमार सिंह, दिलीप सिंह, उदय सिंह, मकसूद आलम, मो फयाज के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे। अब इटखोरी में इस रेस्टोरेंट के खुल जाने से स्थानीय लोगों को बेहतरीन व्यंजन का लुफ्त उठाने के लिए इधर उधर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। रेस्टोरेंट्स के संचालक भानू प्रताप सिंह ने क्षेत्र वासियों से एक बार सेवा का अवसर देने की अपील की है।

### अतिक्रमण से इटखोरी में जाम की समस्या, लोग परेशान



**इटखोरी।** इटखोरी का मुख्य चौराहा संकरा होने तथा बाजार में बडे. वाहनों के ज्यादा आवागमन ने इटखोरी चौक में जाम की समस्या बढ़ा दी है। यहाँ प्रतिदिन जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है।झंडा चौक से हजारीबाग, चतरा और चौपारण की तरफ जाने वाली सड़क किनारे ऑटो ड्राइवर आपनी गाड़ियों को सड़क पर कहीं भी खड़ी कर रहे हैं। इसके अलावा सड़क के दोनों तरफ बने फुटपाथ पर दुकानदारों ने कब्जा जमा लिया है। जिससे पैदल चलने वाले लोग भी परेशान होते है। बाजार में व्यापारियों दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों के बाहर तक सामान फैला रखा है। वहीं हाथ ठेले वाले भी अपने ठेले रोड पर ही खड़े रहते हैं। जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो गई है। इस कारण से आए दिन ट्रैफिक जाम हो रहा है। इस समस्या पर स्थानीय प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा इटखोरी में न तो पार्किंग की व्यवस्था है और न ही ट्रैफिक की। पुलिस बल को जाम हटाने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। मुख्य सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतारें खड़ी हो जाती है। लोग जाम में परेशान रहते है। मुख्य बाजार झंडा चौक पर रुक-रुक कर जाम से लोग पूरे दिन जूझते रहे। मिनटों का सफर घंटों में तय करने को स्थानीय लोग मजबूर हो रहे हैं। जाम से बचने के लिए लोग दूसरा रास्ता ढ़ंढते है।फुटपाथ पर अतिक्रमण व बड़े वाहनों के चलते जाम की समस्या खड़ी हो जाती है। लंबा जाम देखकर लोग अपना रास्ता बदल लेते है। बाइक सवार लोगों को अन्य गलियों का सहारा लेना पड़ता है।

# नाबालिक का अपहरण कर दुष्कर्म के आरोपी को 22 वर्ष सश्रम कारावास

## अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर की आदालत ने सुनाई सजा

- 15 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया
- जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** तिलैया डैम ओपी कांड संख्या 68/2022, 13 पोक्सो/2022 की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर की अदालत ने आरोपी रोहित उपाध्याय उर्फ राहुल उपाध्याय 35 नया महादेव राजघाट वाराणसी यूपी निवासी को नाबालिक का अपहरण करने एवं दुष्कर्म करने के मामले में दोषी पाते हुए 22 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने 04(2) पोक्सो एकट के तहत दोषी पाते हुए 22 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 15 हजार रुपए जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने 366 भा.द.वि. के तहत दोषी पाते हुए 7 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 3 हजार रुपए जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वही न्यायालय ने 363 भा.द.वि. के तहत दोषी पाते हुए 5 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 2 हजार रुपए जुमार्ना लगाया, जुमार्ना की राशि नहीं देने पर दो माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाऐं साथ-साथ चलेगी।

### क्या है मामला

मामले को लेकर नाबालिक के पिता ने 27 अप्रैल 2022 को तिलैया डैम ओपी थाना में एक आवेदन देकर मामला दर्ज कराते हुए कहा था कि उसकी पुत्री दिन के करीब 11 बजे स्कूल एडमिट कार्ड निकालने जा रही थी। इसी दौरान रास्ते से उसका अपहरण कर लिया गया। पता करने पर पुरानी खटाल के पास उसका साइकिल बरामद किया गया। मगर उसका पता नहीं चल सका और अधिक पता करने पर पता चला कि अपहरण शेखर भारती पिता अरुण भारती ग्राम गरायडीह तिलैया डैम ओपी कोडरमा निवासी जो वाराणसी के अपने साथी रोहित उपाध्याय पिता सोमनाथ उपाध्याय पता ए11/43 नया महादेव राजघाट वाराणसी यूपी निवासी के पास मेरी पुत्री को पहुंचने में सहयोग किया है। साथ ही उन्होंने आरोपी पर उचित कार्रवाई करने की गुहार लगाई थी। वहीं अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी पीके मंडल ने किया। इस दौरान सभी 8 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी पीके मंडल ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सूरज बिहारी ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुमार्ना लगाया।

### शिविर में सखी मंडल की दीदियों को मिला आर्थिक सहयोग



**कोडरमा।** जिले के विभिन्न पंचायतों में आयोजित हो रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविरों में सखी मंडल की दीदियों को चेक प्रदान कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में मरकच्चो प्रखंड के देवीपुर पंचायत में आयोजित ह्लआपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारह्ल कार्यक्रम के तहत कैश क्रेडिट लिंकेज के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को 1 करोड 47 लाख रुपये का सामुदायिक निवेश निधि हेतु चेक सौंपा गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी कोडरमा द्वारा सखी मंडल के महिला सदस्यों को चेक प्रदान किया गया। जिसके पश्चात दीदियों द्वारा इस पैसे से रोजगार के रूप में उपयोग में लाने की बात कही गई।

## जरगा एवं बेंदी पंचायत में दो दिवसीय पोषण शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** समर्पण एवं आरएमआई की ओर से ग्राम जरगा, कुंभियातरी एवं बेंदी में कुल 66 गर्भवती एवं धात्री माताओं के साथ पोषण शिविर आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रशिक्षक मेरियन सोरेन के द्वारा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के बीच व्यक्तिगत साफ-सफाई को लेकर विस्तार रूप से बताया गया, तत्पश्चात महिलाओं का सम्पूर्ण टीकाकरण, प्रसवपूर्व चार जांच, आई.एफ.ए की गोलियां लेने के महत्व, गर्भावस्था और प्रसव के दौरान होने वाले संकेत पड़ने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने, सहिया दीदी के संपर्क स्थापित बनाए रखना आदि पर जागरूक किया गया। वहीं एएनएम मंजू कुमारी के द्वारा समय-समय पर कई तरह के खाद्य पदार्थों से मिलकर बना संतुलित आहार को लेकर विस्तार से बताया गया। वहीं सहिया कविलाश देवी के द्वारा बताया गया कि नवजात शिशु को बेहतर देखभाल कैसे करते है, साथ ही नवजात शिशु को स्तनपान कराने के तरीके, पूरक आहार एवं बच्चे की संपूर्ण टीकाकरण को लेकर विशेष रूप से जागरूक किया गया। इस शिविर के दौरान गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को सूजी का हलवा एवं खिचड़ी बना कर खिलाया गया एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए सभी माताओं को न्यूट्रीमिक्स फूड दलिया वितरण किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में सेविका संजू देवी, माधुरी देवी, राहुल कुमार भुइयां की अहम भूमिका रही।

### ग्रिजली विद्यालय में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा के लिए सेमिनार का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय तिलैया डैम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्रों का मार्गदर्शन और ज्ञानवर्धन करने के उद्देश्य से एक व्यापक सेमिनार का आयोजन किया। प्रतिष्ठित संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से आयोजित इस सेमिनार में राम रतन अवधिया, निदेशक सावित्रीबाई फुले चाइल्ड साइकोलॉजी रिसर्च इंस्टीट्यूट, एवं शिल्पी सिंह, चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट मुख्य वक्ता के तौर पर शमिल हुए। जिन्होंने उत्सुक छात्रों के साथ अमूल्य अंतर्दृष्टि और अनुभव साझा किए। राम रतन अवधिया के व्यापक ज्ञान और प्रत्यक्ष समझ ने इस आयोजन को महत्वपूर्ण बना दिया। सत्र की शुरूआत यूपीएससी की तैयारी के बुनियादी पहलुओं की खोज के साथ हुई, जिसमें प्रमुख विषयों, परीक्षा पैटर्न और प्रभावी अध्ययन पद्धतियों को शामिल किया गया। मुख्य वक्ता राम रतन अवधिया ने वैचारिक स्पष्टता, निरंतर अभ्यास और रणनीतिक समय प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए यूपीएससी परीक्षाओं की बारीकियों पर प्रकाश डाला। वहीं वक्ता शिल्पी सिंह ने छात्रों को बताया कि प्रतियोगि परीक्षाओं के लिए छात्रों को कैसे मानसिक और शारीरिक रूप से स्वयं को अति उत्तम तरीके से तैयार रहना चाहिए। वहीं ग्रिजली विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने सेमिनार की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की इस तरह के सेमिनार से संघ लोक सेवा आयोग के द्वारा संचालित प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए जरूरी रोडमैप मिलने से छात्रों की तैयारी में मदद मिलेगी।

### विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में स्लो साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन



**कोडरमा।** चाराडीह चेचाई स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में सीसीए ने अंतर्गत अंतर वर्गीय स्लो साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन की गई। जिसमें कक्षा तृतीय से कक्षा नवम तक के छात्र-छात्राओ ने भाग लिया। स्लो साइकिल रेस में बच्चों को अपना शरीर व साइकिल का संतुलन बनाकर स्लो चलते हुए सबसे देर में विनिंग पॉइंट पहुंचना था। जिसमें कई राउंड के रेस के बाद इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा चतुर्थ के अविनित कुमार द्वितीय स्थान कक्षा नवम की आस्था कुमारी एवं तृतीय स्थान कक्षा तृतीय से सुभाष साव ने प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाडियों को पुरुस्कृत किया गया। वहीं निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि स्लो रेस बहुत ही कठिन प्रतियोगिता होता है। इसमें संतुलन बनाकर आगे बढ़ना आसान नही होता है। इस तरह के प्रतियोगिता से बच्चों के अंदर खेल कूद की भावना बढ़ता है। यह प्रतियोगिता को शिक्षक चंदन कुमार चौधरी के देख रेख में सम्पन्न हुआ। मौके पर प्राचार्य राधेश्याम पंडित सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### पंजीकृत किसानों के बीच सरसो बीज का वितरण

**केतार।** प्रखंड मुख्यालय में फसल विस्तर योजना के तहत परती कुशवानी पंचायत के 55 किसानों के बीच बीटीएम राकेश कुमार रजक ने सरसो का बीज वितरण किया। मौके पर बीटीएम ने कहा कि रवि फसल के लिए पंजीकृत किसानों के बीच सरसो का बीज वितरित किया जा रहा है। प्रति एकड़ दो किलोग्राम के हिसाब से किसानों के बीच सरसो का बीज वितरित किया गया। साथ ही कहा कि कम समय में कम लागत में किसानों को अधिक उपज लाभ मिल सकेगा। बीटीएम ने किसानों को बताया कि समय समय पर खेतो में बदल बदल कर फसल लगाने से भूमि का उर्वरक क्षमता बढ़ता है। उन्होंने बताया कि अगले दो चार दिन में गेंहू का बीज भी वितरित किया जाएगा। मौके पर किसान राधेश्याम सिंह चैरो, फंसती देवी, उपदेश चैरो, रामबरत गुप्ता, फागू साह, गरीब साह, दीनदयाल पाठक आदि किसान उपस्थित थे।

### कूप निर्माण योजना के प्राक्कलन में आंशिक संशोधन के लिए जिपस रंजनी ने सीएम को सौंपा मांग पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी ने मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ को आवेदन सौंपकर जिले के बिरसा सिंचाई संवर्धन योजना के मानक प्राक्कलन में आंशिक संशोधन करते हुए आरसीसी रिंग से कूप निर्माण करने की। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम में यह मांग पत्र सौंपी। सौंपे गए मांग पत्र में उल्लेख किया गया है कि झारखंड सरकार ने बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत सिंचाई कूप निर्माण के लिए राज्यादेश पारित की है। उक्त सिंचाई कूप निर्माण के लिए बोल्डर एवं ईंट का प्रावधान किया गया है। भौगोलिक रूप से गढ़वा जिला के भवनाथपुर में उक्त प्रावधानित प्राक्कलन के अनुरूप कूप का निर्माण कराना असंभव है। आवेदन में कहा गया है कि स्थानीय स्तर पर बोल्डर लीज नहीं होने के कारण पत्थर प्राप्त होने मे कठिनाई होगी साथ ही काफी महंगा होगा। प्राकृतिक रूप से नदीतटीय एवं बलुई मिट्टी का होने के कारण कूप निर्माण के समय धसने का डर होगा। जिससे कार्य के दौरान मजदूरों के साथ अप्रिय घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। परंपरागत रूप से भवनाथपुर मे आरसीसी रिंग कूप निर्माण का प्रचलन है। वर्षों से सभी योजनाओं मे आरसीसी रिंग कूप का निर्माण होता आया है। जिससे यहां के मिस्त्री एवं मजदूर इस कार्य में दक्ष हैं। पूर्व मे इस प्रकार के कूप में 35 से 50 फिट तक खुदाई कर आरसीसी रिंग कूप का निर्माण किया गया है।

## खबर एक नजर में

### गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन



संबोधित करते मदन प्रसाद केशरी

**गढ़वा।** गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार को गोविंद हाई स्कूल के मैदान में डीडीसी राजेश कुमार राय, संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा ने दीप प्रज्जवलित कर व डीडीसी ने बैटिंग कर किया। मौके पर डीडीसी ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर सही कैरियर चुनने का उचित समय है, आप सभी लोग अभी नौनिहाल हैं। आप अपना लक्ष्य को तय कर कड़ी मेहनत शुरू कर दें तभी सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि खेल न सिर्फ स्वस्थ्य शरीर के लिए जरूरी है, बल्कि आप इसे कैरियर के रूप में भी अपना सकते हैं। संरक्षक ने कहा कि डीपीएससीसी द्वारा बच्चों को न सिर्फ पढ़ाने का बल्कि उनके अंदर की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए भी खेल का एक प्लेटफार्म तैयार किया है। उन्होंने कहा कि खेल हमको अनुशासन सिखाता है। अध्यक्ष ने कहा कि यह प्रतियोगिता गढ़वा जिले के लिए नहीं बल्कि राज्य के लिए गर्व की बात है, सभी के सहयोग से लगातार 22 वर्षों से संचालित हो रहा है। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा कि यह पूरे झारखण्ड में क्रिकेट का सबसे बड़ा मुकाबला है। जिसमें 50 टीमें भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ी ही जेएससीए द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में गढ़वा जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



फुटबॉल खिलाड़ी

**गढ़वा।** शहर के रामासाहू स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन डीसी शेखर जमुआर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को किक मारकर किया। इस दौरान जिला खेल पदाधिकारी उमेष लोहरा ने डीसी को पुष्पगुच्छ भेंट किया। मौके पर डीसी श्री जमुआर ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि सरकार के निर्देश के अनुरूप प्रतियोगिताओं का आयोजन हो, उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेल खेलने की बात कही। उन्होंने कहा कि समय के अनुसार खेल एवं खिलाड़ियों दोनों का महत्व काफी बढ़ा है। आज खेल के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर खिलाड़ी एक नई मुकाम हासिल कर सकते हैं। पुरी पावर, स्पीड एवं स्टैमिना के साथ खिलाड़ी खेल भावना के साथ अपने खेल को खेलें। गढ़वा जिले में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने मेरिट के आधार पर खिलाड़ियों का चयन बिना किसी भेदभाव के करने की भी बात कही। ज्ञात हो कि जिला स्तर पर मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन 16 दिसंबर से 18 दिसंबर तक रामासाहू स्टेडियम में किया जाएगा।

### जरूरतमंदों को नहीं मिल पा रहा सरकारी कंबल

**सिमरिया।** प्रखंड के बानासाडी पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जरूरतमंदों को सरकारी कंबल नसीब नहीं हुआ। जिससे जरूतमंदो में रोष है। जरूरतमंद लोगों ने कड़ाके के ठंड को लेकर स्थानीय प्रशासन से भी गुहार लगाई और कंबल का मांग किया। लेकिन उन्हें नही मिल सका। कड़ाके की ठंड को देखते हुए पंचायत के उपमुखिया मनीष कुमार सिंह ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को मामले से अवगत कराया। बीडीओ ने उपमुखिया को बताया कि आवंटन के अनुसार 150 कंबल मुखिया को उपलब्ध करा देने की बात कही। इसी बीच उन्होंने पत्रकारों को सवालों पर कहा की आप विशेष जानकारी मुखिया से ले लीजिए। उन्हें 150 कंबल उपलब्ध करा दी गई है। बीडीओ ने कहा कि जरूरत मंद अधिक संख्या में रहते है, जिसके कारण सभी को कंबल दे पाना संभव नहीं है। इधर जरूरत मंदो को कंबल नही मिल पाने के कारण उपमुखिया मनीष कुमार ने अपने निजी खर्च से 20 जरूरत मंद लोगो के बीच कंबल का वितरण किया।साथ ही उन्होंने कहा है कि यदि कोई जरूरतमंद छूट गए होंगे तो संपर्क करें मैं उनके सेवा में हमेशा तत्पर रहूंगा। मालूम हो की प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चल रहा है। कार्यक्रम के दौरान कुछ चंद लोगो को कंबल वितरण कर सिर्फ खानापूर्ति किया जा रहा है। जबकि जनप्रतिनिधि लोग अपने चहेते को कंबल देकर खाना पूर्ति काम कर रहे हैं। जिन्हे इस ठंड में कंबल की आवश्यकता उन्हे नसीब नहीं हो पा रहा है और जो संपन्न लोग है उन्हे दिया जा रहा है। कंबल नहीं मिलने से गरीब असहाय लोग प्रखंड विकास पदाधिकारी के प्रति नाराजगी जता रहे है।

### झारखण्ड राज्य ओलम्पियाड 2023 परीक्षा के आयोजन की तैयारी पूर्ण

**कोडरमा।** झारखण्ड रांची के प्राप्त मार्गदर्शन के आलोक में झारखण्ड राज्य ओलम्पियाड 2023 परीक्षा का आयोजन कोडरमा में 17 दिसम्बर को एक पाली में, 18 दिसम्बर को 2 पालियों में तथा 19 दिसम्बर 2023 को 2 पालियों में आयोजित किया जाएगा। परीक्षा का समय प्रथम पाली पूर्वाह्न 9:30 बजे से तथा द्वितीय पाली अपराह्न 12:30 बजे से होगी। परीक्षा कदाचारमुक्त एवं सफल संचालन हेतु जिला शिक्षा विभाग द्वारा पुरी तैयारी कर ली गई है। बी.पी.ओ., बी.आर.पी एवं सी.आर.पी. के माध्यम से बच्चों का परीक्षा प्रवेश पत्र विद्यालय तक पहुंचा दी गई है। परीक्षा के आयोजन हेतु जिला में 5 परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया गया है, जहां परीक्षा संचालित होगी। राजकीय +2 उच्च विद्यालय कोडरमा, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा, सी.डी. मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, गांधी उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, सी.एच. +2 उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया के संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक को केन्द्राधीक्षक बनाया गया है। संबंधित परीक्षा केन्द्र में क्रमशः 1214, 884, 500, 691 तथा 403 कुल 3693 बच्चें परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के कदाचारमुक्त एवं सफल संचालन हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार द्वारा क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी जयनगर, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कोडरमा एवं सतगावां को प्राधिकृत किया गया है।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता बना टड़हे पंचायत

खबर मन्त्र संवाददाता



विजेता टीम को शील्ड प्रदान करते अतिथि

**मझिआंव।** मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र के पंचायत स्तरीय फुटबॉल खेल खेला गया। बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र में कुल 9 पंचायत है। जिसमें खरसोता एवं मोरबे पंचायत के खिलाड़ियों ने फुटबॉल प्रतियोगिता कार्यक्रम में भाग नहीं ले सके। बाकी 7 पंचायत के खिलाड़ियों ने पूरी जोश खरोश के साथ बारी-बारी से अपना रोचक प्रदर्शन दिखाएं। शनिवार को अंतिम दिन कुल 4 टीम भाग ली थी। जिसमें पहला सेमीफाइनल मैच में पुरहे बनाम बोदरा पंचायत के खिलाड़ियों के बीच मैच हुई। इस दौरान पुरहे पंचायत के खिलाड़ियों ने दो गोल से बोदरा पंचायत के खिलाड़ियों को हराया और फाइनल में पहुंची। दूसरी पाली में तलशबरिया बनाम टड़हे पंचायत के खिलाड़ियों के बीच मैच शुरू हुआ। इस दौरान टड़हे पंचायत के खिलाड़ियों ने प्लांटी मार कर एक गोल से तलशबरिया पंचायत के खिलाड़ियों को हराई और फाइनल में पहुंची। वहीं फाइनल टड़हे बनाम पुरहे पंचायत के खिलाड़ियों के बीच मैच हुआ। अंत में टड़हे पंचायत के खिलाड़ियों ने एक गोल से फाइनल मैच जीत गई। इधर मुख्य अतिथियों द्वारा विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों के बीच शील्ड प्रदान किया गया। जबकि जीते हुए विजेता टीम प्रखंड स्तरीय जिला में खेलने जाएगी। इधर रेफरी की भूमिका सुनील चौहान का भूमिका सराहनीय रहा। इधर खेल प्रतियोगिता के दौरान बोदरा बनाम पुरहे पंचायत के फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच मैच खेला जा रहा था। इस दौरान पुरहे पंचायत के टीम के खिलाड़ियों के साथ किसी ने नोक झोंक एवं विवाद कर दिया। जिसके कारण 20 तक खेल स्थगित करना पड़ा। मौके पर फुटबॉल प्रतियोगिता का अध्यक्ष प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत, प्रखंड प्रभारी सुनील कुमार चौहान, प्रखंड समन्वयक सह नोडल पदाधिकारी कार्तिक कुमार, एएसआई आलोक कुमार,उप प्रमुख सह टड़हे बीडीसी प्रतिनिधि फुलेश्वर राम, पुरहे पंचायत के मुखिया शंभू पासवान, तलशबरिया पंचायत के मुखिया महताब आलम, बोदरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि इंदल कुमार सिंह, पुरहे उप मुखिया धर्मेन्द्र कुमार एवं रामपुर पंचायत के कप्तान अब्बास अंसारी, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने सरकार को बताया किसान विरोधी

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में शनिवार को भाजपा किसान मोर्चा के गढ़वा जिलाध्यक्ष रामलाला दुबे व मीडिया प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने प्रेस कॉफ्रेंस कर हेमंत सरकार को किसान विरोधी बताया। श्री दुबे ने सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि झारखण्ड सरकार किसानों के प्रति लापरवाह है। लगातार सुखाड़ व अकाल की मार झेल रहे तथा बेमौसम बरसात में बर्बाद हुए धन व दलहन के बाद भी किसानों को तीन साल से आपदा राहत से एक भी पैसा नहीं मिला।

स्पीड न्यूज

### औषधालय में शिविर का आयोजन कई मरीजों की हुई जांच

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत भवन स्थित होम्योपैथिक औषधालय भवन परिसर में डॉक्टर नौशाद आलम द्वारा शिविर लगाकर कई ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच किया गया। जांच के क्रम में विभिन्न रोगियों को ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर सहित अन्य सामान्य रोगों की जांच की गई। उपचार के क्रम में डॉक्टर नौशाद ने सभी को नियमित समय पर भोजन और दवा लेने का परामर्श दिया। वहीं सिबला, मकरा, भाटचतरा सहित अन्य कई गांव के रोगी पहुंचे जिन्हे नि:शुल्क जांच व दवा उपलब्ध किया गया। मौके पर ग्रामीण के अलावे आस-पास के कई स्वास्थ्य सहिया भी मौजूद थे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विजय दिवस समारोह

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को वंदना सभा में विजय दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम एवं आचार्य शशि कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, ओउम, एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया। इसके पश्चात प्रधानाचार्य राम ने थाना प्रभारी चौधरी को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। वहीं बहनों ने स्वागत गीत एवं भजन के साथ उपस्थित अतिथियों को स्वागत किया। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य राम ने कई अहम जानकारी दिया। मुख्य अतिथि चौधरी ने राष्ट्र सेवा को सर्वोच्च स्थान देते हुए उपस्थित भैया, बहनों को राष्ट्रीयता, राष्ट्रवाद की सीख दी और आगे कहा कि आप सभी भी पढ़कर एक उच्च अधिकारी बनकर अपने माता-पिता एवं अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। उन्होंने कक्षा चतुर्थ की बहन सुधा कुमारी को जन्मदिन के अवसर पर अंग वस्त्र प्रदान किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य नीतीश कुमार, बसंत कुमार, आचार्य खुशबू कुमारी, मधुबाला कुमारी, सपना कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

### ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र के बड़काडीह पंचायत स्थित कुमंडीह रेलवे स्टेशन के समीप दिन शुक्रवार की रात्रि में रेलवे लाइन पार करने के दौरान एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया जिसके कारण युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। युवक का पहचान गोविंद सिंह उम्र 25 वर्ष घर मुर्वे जंक्शन बरवाडीह के रूप में बताया गया। वहीं घटना के सूचना पर मनिका प्रभारी थाना प्रभारी राजकुमार तिगा अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया।

### अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विहिप द्वारा की गई बैठक



बैठक करते लोग।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय सहित टोटी हेसला शिव मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद महामंत्री चंदन कुमार के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। बैठक में चंदन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान रामलीला की नवनिर्मित मंदिर अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। जिसको लेकर तैयारी जोरों पर किया जा रहा है। साथ ही बताया कि अयोध्या से अक्षत व फुल के माध्यम से जन-जन तक आमंत्रण के लिए भेजा गया है। प्राण प्रतिष्ठा के दिन सत्संग हवन के साथ रात्रि में दीपावली मनाया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से चंद्रदीप प्रसाद, अरविंद प्रसाद उर्फ गुड्डल, राजन कुमार, किशोर प्रसाद, दिनेश्वर प्रसाद, मनोज मनोज, भुइयाँ, नरेश साहू, राजेश कुमार, श्रवण विश्वकर्मा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# साइबर क्राइम के मामले में ठग गिरफ्तार, गया जेल

## ठगी का शिकार होने पर एनसीसीआरपी पोर्टल 1930 पर दर्ज करा सकते है शिकायत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह पुलिस ने साइबर क्राइम के मामले में एक अपराधी को गिरफ्तार कर भेज दिया हैं। मामले को लेकर बरवाडीह थाना में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा और थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ साइबर अपराधी बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत रह कर साइबर क्राइम कर रहें है। जिनके विरुद्ध एनसीसीआरपी प्रोटल 1930 पर शिकायत दर्ज हुई है कि तमिलनाडु के एक व्यक्ति से धनी एप के माध्यम से लोन दिलाने के नाम पर ठगी की गई है। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश पर एसडीपीओ दिलु लोहरा के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर साइबर ठगों के खिलाफ छापामारी किया गया। जिसमें रेलवे क्वाटर नंबर 157/सी रेलवे कर्मचारी विवेक कुमार के घर पर विधिवत छापामारी किया गया। जहां रेलकर्मी विवेक कुमार से पूछे जाने पर बताया कि मेरे बेटे के जन्मदिन पर मेरा भाई ऋषिकेश कुमार पंकज उम्र 31 पिता सुखदेव राम, ग्राम लुटीत, पो. छठियारा, थाना करडे, जिला शेखपुरा बिहार से आए हुए हैं। वहीं ऋषिकेश कुमार पंकज ने पूछताछ में साइबर क्राइम के जुर्म को कबूल किया। वह एक साइबर ठगी गिरोह से जुड़े हुए थे। जिस गिरोह का मुख्य काम फेसबुक पर धनी एप के माध्यम से लोन उपलब्ध कराने के लिए एड देते थे और जो इनके द्वारा दिए गए लिंक पर क्लिक करता था उसको ये लोग अपना शिकार बनाते थे और प्रोसेसिंग फीस इंसुरेंस चार्ज, लेट फाइन इत्यादि बहना बनाकर लोगों को ठगने का काम करते थे। इस संबंध में बरवाडीह थाना कांड संख्या 96/2023 दिनांक 15.12.2023, धारा 419/420/ 34 भा.द.वि. एवं 66 (उ) /66(ऊ) आई.टी.एक्ट दर्ज किया गया है। वहीं इस काण्ड में संलिप्त और लोगो के विरुद्ध छापामारी किया जा रहा है। वहीं बरवाडीह थाना प्रभारी ने आम लोगों से अपील की है कि साइबर क्राइम का शिकार होने पर अविलंब 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा दें।



जानकारी देते एसडीपीओ और थाना प्रभारी।

## बेतला में राजद का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेतला।** 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के कई वरिष्ठ नेता बेतला में दो दिवसीय प्रशिक्षण में पहुंचे हैं इसके लिए संगठन को कैसे मजबूती के साथ आने वाले लोकसभा विधानसभा में काम करना है इसके साथ ही पार्टी कार्यकताओं में जोश भरने का काम किया जा रहा है। इसको लेकर के शनिवार से प्रारंभ हुए दो दिवसीय प्रशिक्षण में कई दिग्गज नेता व पूर्व मंत्री बेतला पहुंचे। इस शिविर में मुख्य रूप से प्रशिक्षण शिविर के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश प्रभारी सह भारत सरकार के पुव मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, पुर्व मंत्री श्याम रजक, राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, पुर्व मंत्री सह पुर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर, घुरना राम, कामेश्वर बैठा युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद यादव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनिता यादव, राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम दास सिंह यादव, प्रदेश सचिव कमलेश यादव, दलित प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष धनंजय पासवान, प्रदेश महासचिव अजय कुमार चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव, मोहन विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष सुरज सिंह, रघुपाल सिंह, गिरजान्दन सिंह, बली यादव, सुरेश राम, दिलेश्वर यादव, जितेन्द्र यादव, रामनाथ चन्दरवंशी, दामोदर यादव, नेशार अहमद, जगनारायण माली, आदित्य यादव, मदन यादव, रविन्द्र प्रसाद, कन्हाई प्रसाद यादव, बालकुमार, प्रितलाल यादव, मनोज यादव समेत सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

## राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि ने कहा धीरज साहू को बदनाम करने की, हो रही है साजिश

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित अपने आवास पर राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार साहू ने प्रेस वार्ता के माध्यम से जानकारी दिया कि अभी तक आयकर विभाग के अधिकारियों का कोई बयान नहीं आया है फिर भी राज्यसभा सांसद धीरज साहू के खिलाफ षड्यंत्र रच कर उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। बलदेव साहू ग्रुप ऑफ कंपनी में धीरज साहू सहित 6 भाई उनके परिजन और मित्र जनों का फॉर्म है। उन्होंने कहा कि धीरज साहू का यह अकेला फॉर्म नहीं है उनका अकेला नाम लेना भाजपा के लोगों के गलत मानसिकता को दशार्ता है यह फॉर्म और अन्य कई व्यापार दशकों से चल रहा है रिटेल के सैकड़ो शराब

➲ भारत और चीन युद्ध के समय अधिक मात्रा में सोना दान कर बलदेव साहू ने देश का किया था मदद: रंजीत कुमार साहू



दुकान होने के कारण अधिकांश पैसा नगद बिक्री से प्राप्त होता है यह मामला आयकर विभाग से संबंधित है इसलिए फाइनेंशियल स्टेटमेंट बैलेंस शीट और प्रॉफिट लॉस अकाउंट देखा जा सकता है जबकि लोगों को मालूम होना चाहिए कि जब भारत और चीन युद्ध हो रहा था तब बलदेव साहू ने भारत को बहुत ज्यादा मात्रा में सोना दान देकर देश की मदद करने का काम किए थे आज भी वही परंपरा चलते आ रहा है धीरज साहू के घर पर जनता दरबार लगाई जाती है जहां पर लोगों को हर संभव मदद करने का प्रयास किया जाता है। ऐसे में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को सामाजिक और राजनीतिक रूप से बड़े पैमाने पर बदनाम करना सरासर गलत है जिसे कांग्रेस परिवार कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। मौके पर आनंद सिंह, रंजन कुमार, चंदन कुमार,रौशन प्रसाद, आदित्य कुमार साहू, सुजीत कुमार साहू, समेत कई लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

### मशीन से कार्य होने के कारण मजदूर हो रहे है पलायन

**लातेहार।** सदर प्रखंड के डेमु पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी ने शनिवार को उपविकास आयुक्त को आवेदन देकर मांग किया है। जलछाजन योजना से चल रहे कार्यों में जेसीबी मशीन का उपयोग हो रहा है। जिसके कारण मजदूर पलायन कर दूसरे राज्यों में काम की तलाश में जा रहे हैं। यह कार्य मशीन के द्वारा ना कर मजदूरों से कराया जाए तो मजदूर को दूसरे राज्य में जाना नहीं पड़ेगा अपने ही गांव में काम मिलेगा। जेसीबी से काम होगा तो लोग पलायन करेंगे। इसलिए छोटे-छोटे कामों में मानव मजदूर के द्वारा कार्य किया जाना चाहिए। वही डेमु मुखिया प्रमिला देवी ने उप विकास आयुक्त से गुहार लगाई की जेसीबी मशीन से कम ना कर कर मजदूरों से काम करवाया जाए।

### अभाविप ने बरवाडीह नगर इकाई का किया पुर्नगठन

**लातेहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् लातेहार के बरवाडीह नगर इकाई का पुर्नगठन शुक्रवार को किया गया। जिसमे नगर अध्यक्ष अमित कुमार, नगर मंत्री रूपेश यादव को बनाया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पुर्नगठन कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश जनजातीय कार्य प्रमुख व राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य रमेश उरांव उपस्थित रहे। साथ में प्रदेश कार्यकारणी सदस्य कमलेश उरांव, सागर कुमार अनेकों कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें। मौके पर उपस्थित रमेश उरांव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हर परिसर में अब नजर आने लगा हैं। विद्यार्थी परिषद का संकल्प है की सशक्त भारत और समृद्ध भारत हो।

### जिप उपाध्यक्ष ने शौचालय का किया उद्घाटन



उद्घाटन करते जिप उपाध्यक्ष।

**बालूमाथ।** लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने शनिवार को बालूमाथ बस स्टैंड में जिला परिषद मद से बने शौचालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। वहीं पूजा अर्चना पंडित देवांश पांडे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया गया। मौके पर बोलते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष ने कहा की बस स्टैंड में आने जाने वाले यात्रियों को पूर्व में बने शौचालय की खराब स्थिति होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि शौचालय के रखरखाव नहीं होने के कारण कई शौचालय बेकार हो जाते हैं। इसलिए किसी जिम्मेवार व्यक्ति या एजेंसी को इसके रखरखाव का जिम्मा दिया जाएगा। ताकि शौचालय की स्थिति अच्छी बनी रहे। आगे उन्होंने बताया कि बस स्टैंड के सुंदरीकरण के लिए किनारे-किनारे नली का निर्माण, सोकपीट का निर्माण कराया जा चुका है। साथ ही कई नए दुकानों का निर्माण, चबूतरा निर्माण और रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था भी जल्द कराई जाएगी। मौके पर उप-मुखिया अमित गुप्ता, दिवाकर प्रसाद, मो.शमद, मो.जहूर, बशदेव साव, मो.झमन, बिगन पांडे, बालेश्वर साव, रंजीत गुप्ता, सोनू सिन्हा, अर्जुन साव समेत कई लोग उपस्थित रहे।

### गोदाम से कांटा कर पूरी राशन दे एमओ : उप प्रमुख

➲ ग्रामीण शिकायत के बाद डीलरों का रोना कि आगे से कम मिलता है

➲ उप-प्रमुख ने इसकी शिकायत डीएसओ लातेहार रश्मि लकड़ा से भी की है



**चंदवा।** उप प्रमुख अश्वनी मिश्रा ने चंदवा के एमओ रामनाथ यादव को सही माप-तौल के साथ राशन वितरण करने का आदेश दिया है। उप-प्रमुख ने कहा कि आये दिन ग्रामीणों की शिकायत कम राशन मिलने को रहता है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान जब मैं इस बाबत एक डीलर से जानकारी लेनी चाहिए तो डीलर का जवाब था ऊपर से कम मिलता है। तो हम लोग कहां से देंगे। इस संबंध में जब उप-प्रमुख ने एमओ से वार्ता कि तो उनका जवाब आया कि पहले से जो व्यवस्था चली आ रही है हम उसे कैसे बदले। उप-प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने स्पष्ट कहा कि वितरण प्रणाली में सुधार लाना होगा,गरीबों की हकमारी बर्दाश्त नही की जायेगी। उप-प्रमुख ने इसकी जानकारी लातेहार डीएसओ रश्मि लकड़ा को भी देते हुए सुधार करने की मांग की है। राशन कम तौलने के मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिला प्रशासन द्वारा राशन डीलरों को ऑनलाइन तौल कांटा दिया गया है। डीलर इस तौल कांटा में अनाज चढ़ाते हैं और ताल कांटा को ई पाश मशीन से जोड़ा जाता है। जब तक सही तौल नहीं होता मशीन राशन वितरण करने का अनुमति नहीं देती है। वहीं गोदाम में ऑफलाइन तौल कांटा उपलब्ध है, इसे ऑनलाइन मशीन से नहीं जोड़ा गया है। जिसके कारण गोदाम में अनाज कम तौलने का खेल अब भी पहले की तरह जारी है।

## जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण महिला-पुरुष फुटबॉल कप प्रतियोगिता का उद्घाटन आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप महिला-पुरुष प्रतियोगिता 2023-24 का विधिवत उद्घाटन 17 दिसंबर को किया जाएगा। जिला खेल पदाधिकारी लातेहार संजीत कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता 17 और 18 दिसंबर को जिला स्टेडियम लातेहार में आयोजित किया गया है। 19 दिसंबर को लातेहार जिला की महिला और पुरुष टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु रांची रवाना होगी। इससे पहले 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे प्रतियोगिता का उद्घाटन किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंडों के महिला पुरुष टीम भाग लेगी। जिनके अवसान और भोजन की व्यवस्था विभागीय स्तर पर किया गया है। जिला खेल पदाधिकारी कार्यालय में शनिवार को डीएसओ श्री कुमार के द्वारा प्रतियोगिता की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें लातेहार खेल कार्यालय कर्मी आशीष कुमार समेत लातेहार जिला में संचालित आवासीय एवं डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र के सभी प्रशिक्षक उपस्थित हुए। डीएसओ श्री कुमार ने सभी प्रशिक्षकों को उनकी जवाबदारी दी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी टीमों का रजिस्ट्रेशन सरिता एक्का, अमिता रंजना मिंज, रूपांति कुमारी और तरसीयूस कुजूर के द्वारा किया जाएगा। वहीं मैदान के व्यवस्था और प्रतियोगिता संचालन में सुमित उरांव, सुरेश उरांव, राज किशोर पासवान, दीपक टाना भगत, सुधीर खाखा, जीवन किशोर मिंज, कमलेश उरांव, मुकेश उरांव कौसर खान, के अलावे आवासन और भोजन में अंकित तिर्की, वाहिद अंसारी, सचिन गुंडुवा, शंभू कुमार को दी गई।



## भाजयुमो छिपादोहर मंडल कमेटी के अध्यक्ष बने बृजमोहन सिंह



नवमानोनित अध्यक्ष को पट्टा पहनाकर स्वागत करते।

**बरवाडीह।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने शनिवार को छिपादोहर मंडल में युवा मोर्चा की नई कमेटी का गठन किया हैं। इसे लेकर छिपादोहर मंडल में युवा मोर्चा के कार्यकताओं की बैठक आहूत की गई। जिसमें मंडल अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह और सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी के साथ-साथ भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सुमंत यादव, जिला मंत्री अजय प्रसाद और मंडल महामंत्री मुन्ना गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे। जहां कमेटी गठन को लेकर जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने बताया कि वर्तमान भाजयुमो अध्यक्ष दिलीप सिंह कुछ दिनों पूर्व पार्टी के सभी दायित्वों से इस्तीफा दे दिए है। जिस कारण संगठन का कार्य प्रभावित हो रहा था। जिसे देखते हुए इस बैठक में सर्वसम्मति से बृजमोहन सिंह को भाजयुमो छिपादोहर मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं उपाध्यक्ष इन्द्रनाथ सिंह और राजेंद्र सिंह, महामंत्री पवन कु.गुप्ता और चंद्रदीप सिंह, मंत्री आयुष कुमार और जितेंद्र यादव को बनाया गया है। वहीं छोटू राजा ने युवा मोर्चा के सभी नव मनोनित पदाधिकारियों को भाजपा के नीति और सिद्धांतों पर चलकर संगठन के दायित्वों को पूरी ईमानदारी से पूरा करने की बात कही है। उन्होंने छिपादोहर मंडल में युवा मोर्चा के संगठन का विस्तार करते हुए मोर्चा को मजबूत बनाने का निर्देश दिया है। वहीं इस मौके पर मदन सिंह और अरुण सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**गारू।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड के बारेसांढ़ पंचायत सचिवालय में आयोजित शिविर में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने एवं इन योजनाओं का लाभ संभावित लाभुकों को देते हुए शत प्रतिशत आच्छादन प्राप्त करने के उद्देश्य से भारत सरकार के तत्वावधान मे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे जिला परिषद अध्यक्षा पूनम देवी, जिलापरिषद सदस्य जीरा देवी, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजधानी यादव, प्रखंड प्रमुख सीता देवी, बीडीओ शम्भु राम, मुखिया रूपमनी नागेसिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात विकसित भारत निर्माण हेतु सभी के द्वारा संकल्प लिया गया।

### स्क्रैप लोड ट्रक पकड़े जाने के मामले में ट्रक मालिक व चालक-उप चालक गए जेल

**चंदवा।** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर चंदवा शहर से सटे तिलैयाटाड़ मे एक कबाड़ी दुकान में छापामारी के दौरान स्क्रैप लोड ट्रक के साथ 3 लोगो को पकड़े जाने के मामले में कार्रवाई करते हूए चंदवा पुलिस ने हिरासत में लिए तीन लोग ट्रक मालिक अमनदीप सिंह, चालक टेक सिंह उर्फ सोखा सिंह और उप चालक राजवीर सिंह को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। घटना के संबंध में थाना प्रभारी शुभम कुमार ने बताया कि मामले को लेकर चंदवा थाना कांड संख्या 228/23 के तहत मामला दर्ज किया गया है। वाहन से लगभग 7 टन बरामद हुआ है। कबाड़ी दुकान संचालक मो नशिम भी इस कांड में अभियुक्त है, जो फरार है। मामले जांच जारी है। छापामारी अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक कुंदन कुमार व चंदवा पुलिस के जवान शामिल थे।

## लोगों से दुर्व्यवहार कर रही है पुलिस : महेंद्र साहू

➲ पुलिस को चालान काटने और प्राथमिकी का है अधिकार, दुर्व्यवहार का नहीं

➲ पुलिसिया व्यवहार आम जनता और पुलिस के बीच के सम्बंध को करेगी खराब

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद साहू ने हाल के दिनों में हो रही वाहन चेकिंग के नाम पर पुलिसिया व्यवहार पर तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की है। श्री साहू ने कहा कि पुलिस को वाहन जांचने और फाइन काटने का अधिकार है। किसी के साथ दुर्व्यवहार करने का नहीं। आये दिन पुलिसिया अत्याचार देखने को मिल रहा है। मामला चाहे चंदवा को हो या फिर बालूमाथ का। बालूमाथ में आम जनता को बीच सड़क में पीटा गया, ये कहां तक न्यायोचित है। सांसद प्रतिनिधि ने आगे कहा कि अबुआ राज में बाबुओं का राज हो गया है। प्रशासन को सिर्फ एक पहलू नही देखना चाहिए, आम लोगों की परेशानी को भी समझना चाहिए। महेंद्र साहू ने कहा कि पुलिसिया दुर्व्यवहार की शिकायत सांसद सुनील कुमार सिंह से करते हुए इसमें सुधार करने की मांग करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में पुलिस का जो व्यवहार है वह भविष्य में आम जनता के बीच संबंध में खटास पैदा करेगा। जोकि निकट भविष्य में भरपाई भी संभव नही है।



जानकारी देते महेंद्र साहू।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत डुमारो पंचायत के काली खेल मैदान में लगा विकास शिविर



◻ ग्रामीणों को दी गयी राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं की जानकारी

वृद्ध को कंबल देते अधिकारी।

**चंदवा।** प्रखण्ड के डुमारो पंचायत अंतर्गत काली कुमीटीला खेल मैदान परिसर में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि चंदवा सीओ जयशंकर पाठक, बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, मुखिया सुनीता खलखो, झामुमो प्रखण्ड सचिव मो. इजहार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में सीओ श्री पाठक ने राज्य सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों के बीच साझा की। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टॉल का सीओ व अन्य अतिथियों ने निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं के बाबत आवेदन जमा किए। ग्रामीणों के द्वारा दिए गए आवेदन की जांच कर अग्रतार कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस दौरान कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया व विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसम्पत्तियों का भी वितरण किया गया। साथ हीं गरीब असहायों के बीच कम्बल बांटे गए। मौके पर सभी अंचल व प्रखंड कर्मी के अलावे अंचल निरीक्षक ऋषि देव कमल कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# जीवन मे पढ़ाई के साथ खेल भी बेहद महत्वपूर्ण : दीपक लेंका

➲ ग्रीन फील्ड विद्यालय में 4 दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

➲ बालक-बालिका दोनो वर्ग ने विभिन्न स्पधाओं में भी दिखाया दम

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** सरोज नगर स्थिति ग्रीन फील्ड एकेडमी सीनियर विंग परिसर में चल रहे 4 दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शनिवार को गया। बतौर मुख्य अतिथि हिंडाल्को के चकला कोल माइंस यूनिट हेड दीपक लेंका, एचआर अंकित कुमार, विद्यालय के संचालक अरविंद सिंह, चेयरमैन आनंदी सोरेंग, प्राचार्य उदय नारायण कपूर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समापन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान अतिथियों ने विभिन्न स्पधाओं में विजेता, उप विजेता हाउस को पुरस्कृत किया। कबड्डी प्रतियोगिता बालिका वर्ग में ग्रीन हाउस प्रथम स्थान, येलो हाउस उप विजेता रही, बालक वर्ग वॉलीबॉल में ग्रीन हाउस विजेता व येलो हाउस उप विजेता, खो-खो बालिका वर्ग में रेड हाउस विजेता व ग्रीन हाउस उपविजेता, टग ऑफ वॉर बालक वर्ग में येलो हाउस विजेता, रेड हाउस उपविजेता, बालिका वर्ग में रेड हाउस विजेता व ग्रीन हाउस की टीम उपविजेता रही। जिन्हें अतिथियों ने ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दीपक लेंका ने कहा कि जीवन में पढ़ाई के साथ खेल बेहद महत्वपूर्ण कड़ी है। विद्यालय प्रबंधन विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ बच्चों में छिपी प्रतिभा व कौशल को निखारकर मंच देने का कार्य कर रही है। इस का परिणाम है कि विद्यालय के बच्चे पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी अव्वल हैं। वहीं विद्यालय के प्राचार्य उदय नारायण कपूर, अध्यक्ष आनंदी सोरेन व संचालक अरविंद सिंह ने सभी खिलाड़ियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि खेल में हार जीत लगी रहती है, सभी खिलाड़ियों ने अपने स्तर से शत प्रतिशत योगदान दिया है। किसी भी प्रतिभागी को हार से हताश होने की जरूरत नहीं है बल्कि हार से सीख लेकर जीवन में आगे बढ़ाने की जरूरत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक धनंजय कुमार, अमर कुमार, राहुल मिश्रा, रंजन शर्मा, राजीव मिश्रा, विवेक सहाय, रिपु कुमार, शिक्षिका अनुराधा सिंह, ज्योति कुमारी, सुनीता गुप्ता, सचिता पुष्पा समेत अन्य ने अहम भूमिका निभाई।



समापन के दौरान मौजूद लोग।

# मोदी का विकास 'हरि अनंत हरि कथा अनंता' की तर्ज पर : गिरिराज सिंह



एजेंसी

**बेगूसराय।** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलते हुए देश को नई ऊंचाई पर ले जा रही है। विकास का जो सपना देशवासियों ने देखा था, वह सपना नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में पूरा हो रहा है। शनिवार को दो दिवसीय प्रवास पर बेगूसराय पहुंचे। इस दौरान हुए मंसूरचक प्रखंड के बहरामपुर एवं बछवाड़ा प्रखंड के बछवाड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के विभिन्न योजना के लाभार्थियों से उनके उपलब्धि पर बातचीत किया। जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मोदी के विकास का लक्ष्य हरि अनंत हरि कथा अनंता वाली है। गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को समृद्ध करने का सपना देखा, उस सपने को पूरा कर रहे हैं। किसानों पर आज तक किसी ने ध्यान नहीं दिया था। लेकिन नरेन्द्र मोदी की सरकार प्रत्येक वर्ष छह हजार रुपए उनके हाथ में दे रही है। जिससे किसानों को ताकत मिलती है। खाद पर सब्सिडी दिया जा रहा है। गरीबों को घर दिया, शौचालय दिया, नल का जल दिया, उज्जवला से गैस दिया। उन्होंने कहा कि पहले गैस सिर्फ अमीरों के घर में जलता था, लेकिन आज हर झोपड़ी में जल रहा है। विकास की रोशनी समाज के अंतिम वर्ग के लोगों तक पहुंच रही है। नरेन्द्र मोदी ने जितनी योजनाएं चलाई, उसको मूर्त रूप दिया, वह कांग्रेस के लिए सोचना भी मुश्किल था। मोदी सरकार ने जीविका के माध्यम से महिलाओं को नई दिशा दी की दशा बदल दी। क्योंकि मोदी हर किसी को सहारा दे रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि बेगूसराय में 2014 तक मात्र 28 हजार महिलाएं जीविका से जुड़ी थी। आज करीब साढ़े तीन लाख महिलाएं जीविका जुड़ चुकी है। महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है, आर्थिक रूप से समृद्ध हो रही है। आज 14 हजार करोड़ रूपया इनके पास है। मोदी का सपना है लखपति दीदी बनाना और हम सब इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

## संगठन का विस्तार समाज का विकासः ज्ञान शंकर

### अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**पलामू।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर, महामंत्री संजय चौधरी, प्रदेश संगठन मंत्री अरविंद गुप्ता ने सामूहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए प्रदेश कमेटी का विस्तार किया और कहा कि संगठन में पहले ही 25 संरक्षक, सलाहकार मंडल 14, उपाध्यक्ष 20, प्रदेश मंत्री 12, मीडिया प्रभारी 1, महामंत्री, संगठन मंत्री एवं कोषाध्यक्ष घोषणा कर दी गई थी। और शनिवार को भी इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए परिवार में सदस्य जोड़े जा रहे हैं। साथी 14 जनवरी के बाद प्रदेश समिति का कुछ और विस्तार किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने बताया मुझे निम्न लोगों के नाम घोषणा करते हुए खुशी हो रही है यह समाज के धरोहर हैं इनका सहयोग हमेशा मिलता रहेगा और समाज की मजबूती के लिए सदैव काम करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष राजकिशोर भगत, गोड्डा अमिताभ रक्षित, दुमका विनोद गुप्ता, देवघर तरुण गुप्ता, जामताड़ा प्रदीप साहू, हजारीबाग सुरेंद्र वर्मा, गिरिडीह गोविंद मेवाड़, रामगढ़ सुरेंद्र साहू, गिरिडीह महेश प्रसाद साहू, कोडरमा मधु गुप्ता, अर्चना गुप्ता, मनोज प्रसाद, रांची उमा प्रसाद, सिमडेगा रामानंद साहू, गुमला उमेश प्रसाद, लोहरदगा देवेंद्र गुप्ता, डाल्टनगंज अविनाश देव, डाल्टनगंज सुशील अग्रवाल, लातेहार रामदास साहू, हेमंत गुप्ता रांची।

**प्रदेश मंत्रीः** अजीत गुप्ता, पांकी अरुण साहू, गोड्डा नीलम देवी, गोड्डा श्याम प्रसाद, सुंदर रांची राम लखन साहू, टंडवा विजय अग्रवाल, धनबाद राम मनोज साहू, हटिया राहुल चौधरी, रांची प्रमोद साहू, रांची गोपाल सोनी, रांची रमेश अग्रवाल, रांची राजकुमार मद्धेशिया, गढ़वा सह मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा।

**सलाहकार मंडलः** डॉ विजय प्रकाश, प्रमोद कटुर, बलराम साहू, डीआर युगल प्रसाद, डॉक्टर दिलीप सोनी, ललित चौधरी राजीव, चौधरी संजय साहू, सुबोध जायसवाल, जायसवाल जैन, राजकुमार अग्रवाल, पुनीत पोद्दार, उदय प्रसाद साहू, दिनेश साहू।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं ने बच्चों के बीच किया स्वेटर वितरण



स्वेटर वितरण करते सेविका।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के टोंटी पंचायत अंतर्गत हेसला ग्राम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-2 व इटके ग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 02 में शनिवार को नन्हें-मुन्ने बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। स्वेटर वितरण का कार्य पंचायत के मुखिया शांति देवी, उप मुखिया जितेंद्र साव, वार्ड सदस्य रिजवान खातुन, काशिनाथ उरांव, मौलाना मुर्शिद नदवी, समाज सेवी निलु सिंह, सेविका शक्लमणी देवी, नन्दनी देवी, सहायका रोकशाना खातुन सरोज मसोमात ने संयुक्त रूप से आंगनबाड़ी केन्द्र के पोशक क्षेत्र के नन्हें मुन्हे बच्चों के बीच ठंड को देखते हुए वितरण किया गया। उप मुखिया साव ने बच्चों को उज्वल भविष्य का कामना करते हुए कहा कि सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को बुनियादी शिक्षा दी जाती है और केन्द्र की सेविकाओं के माध्यम से शिक्षा के अलावा गर्भवती, धात्री महिलाओं को गृह भ्रमण कर पूरक पोषाहार लेने और खान पान के बारे में विशेष जानकारी के साथ ही साथ केंद्र में वितरण किए जाने वालें पोषाहार का जायजा भी लिया। मौके पर संगिता देवी, पुनम देवी, आशा देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## रेल के ठहराव को लेकर क्षेत्र के नागरिकों ने सांसद निशिकांत दुबे के प्रति आभार जताया

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए क्षेत्रीय सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे के अथक प्रयास से मिर्जा चौकी रेलवे स्टेशन में गया हावड़ा एक्सप्रेस और साहिबगंज दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस दो ट्रेन के ठहराव की मंजूरी मिल चुकी है। जल्द ही ये दोनों ट्रेन मिर्जा चौकी रेलवे स्टेशन पर रुकेगी। भगैया के बुनकर विष्णु राम, मोनू कुमार, मुकेश राम, सूरज कुमार सहित कई अन्य बुनकरों ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने इस ट्रेन के ठहराव कराने संबंधी आवेदन जिला परिषद सदस्य निरंजन पोद्दार को दिया था। बुनकरों की मांग को देखते हुए जिला परिषद सदस्य निरंजन पोद्दार ने क्षेत्रीय सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे को पत्र भेज कर इस दोनों ट्रेन मिर्जा चौकी रेलवे स्टेशन में ठहराव कराने के लिए आग्रह किया था। इसी आलोक में क्षेत्रीय सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे द्वारा त्वरित कार्रवाई कर सुधी लेते हुए मिर्जा चौकी रेलवे स्टेशन पर गया हावड़ा एक्सप्रेस और साहिबगंज दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस दोनों ट्रेनों के ठहराव की स्वीकृति रेलवे मंत्रालय और रेलवे विभाग द्वारा दिलवाया गया।बताते चलें कि इसके पूर्व ठाकुर गंगटी प्रखंड और निकटवर्ती कई प्रखंड के ग्रामीण, बुनकर, मजदूर, किसान, व्यापारी, राहगीरव अन्य सफर करने वाले पड़ोसी राज्य बिहार के पीरपैंती रेलवे स्टेशन और साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर जाकर ये दोनों ट्रेन पकड़ा करते थे। बुनकर विष्णु राम ने यह भी बताया कि ये दोनों ट्रेन के मिर्जा चौकी रेलवे स्टेशन में ठहराव होने से सभी बुनकर आसानी से अपने कार्यों के लिए सफर कर सकेंगे। क्योंकि बुनकरों को कोकून लाने के लिए गया, कादीरगंज आदि जगहों पर जाना पड़ता है। अब भगैया व ठाकुरगंगटी आदि प्रखंड क्षेत्र के तमाम बुनकरों को गया,कादीरगंज सहित अन्य जगहों पर ये दोनों ट्रेन के माध्यम से आवागमन करने में आसानी होगा। ठाकुर गंगटी भाजपा मंडल अध्यक्ष इंद्रदेव चौबे, जिला उपाध्यक्ष संतोष आनंद सहित तमाम भाजपाइयों, समर्थकों, ग्रामीण, किसान, मजदूर, शिक्षाविद, समाजसेवी, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी आदि ने सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे को बधाई देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

## दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 साल की सजा

**पटना।** बिहार में पटना स्थित बच्चों का लैंगिक अपराध से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की एक विशेष अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में आज दोषी को 20 वर्षों के सश्रम कारावास के साथ ही 25 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (षष्ठम) सह विशेष न्यायाधीश कमलेश चंद्र मिश्रा ने मामले में सुनवाई के बाद पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र स्थित पूर्वी लोहानीपुर के रेलवे हंटर रोड मुहल्ला निवासी ज्ञान विष्णु को पॉक्सो अधिनियम की धारा छह के तहत दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को दो माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। इसके अलावा अदालत ने पीड़िता को चार लाख रुपए मुआवजे के तौर पर दिए जाने का आदेश जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया है।

## कार्मेल स्कूल करगली में मनाया गया अभिभावक दिवस

**बेरमो।** करगली के कार्मल स्कूल में शनिवार को वार्षिक अभिभावक दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह, विशिष्ठ अतिथि बीएड़के क्षेत्र के जीएम के रामाकृष्णा, बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह और विघालय समिति के अध्यक्ष और प्रिंसिपल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने कहा कि बच्चों को सौहार्दपूर्ण वातावरण देने की शुरूआत हमें अपने घर और परिवार से करनी चाहिए और बच्चों को उनके कोमल मन में नैतिक मूल्यों को बिठाने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम बेहद जरूरी हैं। यह समारोह न केवल बच्चों के लिए बल्कि बड़ों के लिए भी प्रेरणादायी है और हमें एक स्वस्थ, समृद्ध और खुशहाल विश्व समाज के लिए योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चो ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर लोगों का दिल जीत लिया।

## झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा का आज होगा अनावरण

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** आजसू पार्टी कार्यालय, लोहरदगा में रविवार को (आज) सुबह 10 बजे झारखंड आंदोलनकारी सह लोहरदगा के पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा का अनावरण पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो करेंगे। इस मौके पर पार्टी के कई केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय समिति सदस्य, जिला पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे। आजसू पार्टी के उपाध्यक्ष रहें कमल किशोर भगत की छवि जुझारू और ईमानदार नेता की थी। उन्होंने झारखंड आंदोलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वर्ष 2009 से 2015 तक उन्होंने लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की जनता का बतौर विधायक सेवा की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र एवं क्षेत्रवासियों के हित के लिए कई काम किए थे जिनके लिए आज भी लोहरदगा की जनता के दिल में वो जीवित हैं। कमल किशोर भगत लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे, उनकी व्यवहार कुशलता ही उनकी पहचान थी। उन्होंने आजीवन जमीनी स्तर पर काम करते हुए अपनी अंतिम सांस तक जनता की सेवा की।

## 13 साइबर ठग गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

गिरिडीह। गिरिडीह पुलिस ने शनिवार को एक बार फिर एक साथ 13 साइबर ठगों को दबोचा है। पुलिस ने इनके पास से एक ब्रेजा कार, 43 सिम कार्ड, एक पासबुक, एक लाख नकदी, दो बाइक, दो पैनकार्ड, 28 मोबाइल और पांच एटीएम कार्ड जब्त किये हैं। जब्त सिम कार्ड में पांच फर्जी हैं। एसपी दीपक कुमार शर्मा और साइबर डीएसपी संदीप सुमन ने पत्रकार वार्ता कर शनिवार को बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में अहिल्यापुर थाना इलाके के जमजोरी गांव निवासी सफरुदीन है, जो अपने गिरोह के साथियों को सिम उपलब्ध कराता था। अन्य अपराधियों में जामताड़ा के नारायणपुर थाना इलाके के लटिया गांव निवासी विकास मंडल के इसी नाम का एक और अपराधी के साथ अहिल्यापुर थाना इलाके के देवपुर निवासी सुनील रवानी, मुकेश वर्मा, गांडेय के चंपापुर गांव निवासी इरफान अंसारी, दानिश अंसारी, तनवीर अंसारी, देवघर के मागोमुंडा थाना के बंसिमी गांव निवासी सोएब अख्तार, चम्पापर निवासी सैयद अंसारी उर्फ अली हसन, अहमद अंसारी, अबुल हसन और गांडेय के आशनबेनी गांव निवासी मनोज मंडल शामिल हैं। एसपी ने बताया की गिरफ्तार सारे अपराधी इतने शातिर हैं जो गूगल पर कोरियर सर्विस का ऐड बनाकर लोगो को झांसे में लेते और बैंक खाते में सेंधमारी करते। एसपी ने कहा कि अब गिरिडीह पुलिस इन्हें सिर्फ जेल भेजने तक सीमित नहीं रहकर इनके अवैध कमाई और संपत्ति को खंगालने और जब्त करने के लिए आयकर विभाग को लिखेगी।

## पेज 1 का शेष

### अब गांव से चलेगी...

सरकार बच्चियों की पढ़ाई को कृतसंकल्प है। उन्हें बैंकों के भरोसे नहीं छोड़ सकते। श्री सोरेन शनिवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला के मंझारी प्रखंड स्थित रोलाडीह पंचायत के हाई स्कूल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। **सरकार गांव-गांव तक जायेगी :** सीएम ने कहा, हम लोग गांव-गांव जाना चाहते हैं। पूर्व में राज्य सरकार की योजना और आवाज गांवों तक नही पहुंचती थी। पर अब गांव-गांव सरकार की योजना भी पहुंच रही है। हमारी सरकार गांव से चलेगी। राज्य सरकार ने यहां के किसानों, श्रमिकों, नौजवानों, बुजुर्ग समेत सभी वर्ग के लिए योजनाएं बनायी है। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ परिवार की सभी बेटियों को देने का फैसला हो गया है। सरकार ने सभी बाध्यता को समाप्त कर दिया। वहीं स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के जरिये छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। सरकार उन्हें 15 लाख रुपए तक का आर्थिक सहयोग देगी। राज्य सरकार अब बच्चों को उच्च शिक्षा में आर्थिक सहयोग के लिये बैंक के सहारे नहीं छोड़ेगी। मानकी मुंडा द्वारा मानदेय बढ़ाने की मांग पर भी सरकार की नजर है। आपकी सरकार सभी के लिए कार्य करेगी। पर्यटन स्थल विकसित होंगे तो स्थानीय लोगों के बीच प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन होगा। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, जोबा माझी, विधायक दीपक बिरुआ, निरल पूर्ती, दशरथ गागराई, सुखराम उरांव, सोनाराम सिंकू, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, आयुक्त कोल्हान प्रमंडल के अलावे आला अधिकारी उपस्थित थे।

### छोटे-छोटे शहरों की...

**कोरोना काल में हर संभव मदद की :** पीएम मोदी ने करोना काल का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने उस दौरान जनता की मदद करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। उस दौरान 20 करोड़ महिलाओं के बैंक खातों में हजारों करोड़ रुपये की मदद भेजने, मुफ्त टीका और राशन कार्यक्रम का उल्लेख किया। अमृत मिशन हो या स्मार्ट सिटी मिशन इनके तहत छोटे शहरों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। गरीब हो, नव मध्य वर्ग हो या सम्पन्न वर्ग का परिवार हो सभी को बढ़ी हुई सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

### इडी कोर्ट ने...

ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी ने अदालत को बताया कि मुकेश मित्तल बीरेंद्र राम की अवैध कमाई को निवेश करने में सबसे बड़ा मददगार है। ऐसे में अग्रिम जमानत नहीं दी जानी चाहिए। मालूम हो कि मुकेश मित्तल पर आरोप है कि वह निलंबित चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम के काले धन को विभिन्न खातों से सफेद बनाकर उसके पारिवारिक सदस्यों के खाते में जमा करवाता था।

### सदन में आत्मदाह...

**साजिश की योजना में था शामिल :** पुलिस ने बड़ा खुलासा किया कि महेश पिछले 2 साल से दूसरे आरोपियों से जुड़ा हुआ था। वह साजिश का हिस्सा था। वह लगभग सभी बैठकों में भाग लिया था। वह मुख्य आरोपी ललित झा के साथ मोबाइल फोन और साक्ष्य नष्ट करने के कृत्य में सक्रिय रूप से शामिल है। **सभी छह आरोपी पुलिस गिरफ्त में :** संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में अबतक 6 लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। मास्टरमाइंड ललित झा समेत पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की हिरासत में भेज दिया गया है। पटियाला हाउस कोर्ट ने सभी आरोपियों को 7 दिनों की हिरासत में भेजने का फैसला लिया। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो हिरासत की अवधि को और आगे भी बढ़ाया जायेगा। इस मामले में अबतक सागर शर्मा (26), मनोरंजन डी (34), अमोल शिंदे (25), नीलम देवी (37) और मास्टरमाइंड ललित झा की गिरफ्तारी हो चुकी है।

## सारण में सड़क दुर्घटना में वृद्ध व्यक्ति की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में शनिवार को सड़क दुर्घटना में वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया किलोहरी गांव निवासी अमावस राम (65) अपने घर से खाद लेने के लिए निकला थे। इसी दौरान मेहियां फ्लाई ओवर के समीप अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी।

## अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती पर आयोजित महिला क्रिकेट चैंपियनशिप में 107 खिलाड़ी होंगे शामिल

**पटना।** पटना के राजकीय संस्कृत कॉलेज मैदान में भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती पर आयोजित महिला क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन 2 दिवसीय ट्रायल के तहत किया गया। खिलाड़ियों का चयन प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश राजू एवं क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश राजू ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती पर 20 से 25 दिसंबर तक आयोजित 6 दिवसीय महिला क्रिकेट चैंपियनशिप में खिलाड़ियों के चयन के लिए दो दिवसीय ट्रायल का आयोजन किया गया था। जिसमे आज पूरे बिहार से लगभग 200 खिलाड़ियों ने शामिल होकर अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। इनमें 107 खिलाड़ियों का चयन चैंपियनशिप के लिए किया गया है।

## एटीएम से रूपया चोरी करने वाला अपराधी गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के जनता बाजार थाना क्षेत्र से पुलिस ने एटीएम से रूपया चोरी करने वाले एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने शनिवार को यहां बताया कि जिले के कोपा थाना क्षेत्र के बसडीला गांव निवासी रामजन्म यादव का पुत्र राम प्रेम कुमार जनता बाजार थाना क्षेत्र के एक एटीएम से रुपया चोरी कर भाग रहा था, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## ड्यूटी के दौरान दिल का दौरा पड़ने से सीसीएल कर्मी का निधन

- **ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों के दबाव से ही मृतक आश्रित को मिला प्रोविजनल नियुक्ति पत्र**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र अंतर्गत माइंस रेस्क्यू कार्यालय में वायरलेस ऑपरेटर के पद पर कार्यरत संजय कुमार का शुक्रवार देर रात्रि डियूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से उनका निधन हो गया। वह अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री एवं भरापूरा परिवार छोड़ गए। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मृत सीसीएल कर्मी संजय कुमार द्वितीय पाली डियूटी पूरा कर दूसरे रात्रि पाली कर्मी को टेक ओवर देने की प्रक्रिया कर रहे थे कि इसी बीच अचानक दिल का दौरा पड़ने से वह कार्यालय में गिर पड़े और बेहोश हो गए। विभागीय कर्मियों द्वारा उन्हें तत्काल कथारा स्थित क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। इधर शनिवार सुबह प्रबंधन द्वारा नॉर्मल डेथ कहकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास किया जा रहा था कि मौके पर अस्पताल पहुंचकर ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों ने इसका विरोध करते हुए शव पोस्टमार्टम जाने से रोक दिया एवं अस्पताल परिसर में मृतक कर्मी के आश्रित को तत्काल नियुक्ति पत्र देने का मांग करने लगे बाद में प्रबंधन एवं ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों के बीच लंबी चली वार्ता के बाद क्षेत्रीय कार्यालय में समझौता हुई जिसमें प्रबंधन द्वारा मृत कर्मी के आश्रित पुत्र लुईस कुमार को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र दिए जाने के बाद ही कथारा क्षेत्रीय अस्पताल से शव को पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट भेज दिया गया। तत्पश्चात अस्पताल परिसर में मृत कर्मी के आत्मा शांति के लिए एक मिनट मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया। मौके पर प्रबंधन की ओर से क्षेत्रीय सहायक कार्मिक प्रबंधक गुरुप्रसाद नोडल अधिकारी चंदन कुमार,डॉ एमएन राम, प्रबंधक आरके सिंह, जबकि ट्रेड यूनियन में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस,आशीष चक्रवर्ती, जेसीएमयू के इकबाल अहमद, भामसं के दिलीप कुमार, रामेश्वर कुमार मंडल, राजू स्वामी, एचएमकेयू के शमसुल हक,जमसं के कामोद प्रसाद, एटक के मथुरा सिंह यादव, सीटू के तस्लीम समाजसेवी सत्येंद्र कुमार, उप मुखिया प्रमोद कुमार, दशरथ महतो, विजय यादव, विजय कुमार, राजीव कुमार पांडेय,संजय दत्ता, रामेश्वर चौधरी, रमेश पासवान, महेश कुमार,कन्हैया कुमार, छोटन राम, शिव कुमार राम, पुषोत्तम महतो सहित कई वहीं प्रशासन की ओर से कथारा ओपी प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह,बोकारो थर्मल थाना के एएसआई विक्रांत मुंडा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के तरैया थाना क्षेत्र में अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत इलाज के दौरान हो गई है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि थाना क्षेत्र के बेलहरी गांव निवासी मकुरधन राय का पुत्र राकेश कुमार राय (25) शुक्रवार की शाम में मुख्य मार्ग से जा रहा था। इस दौरान किसी अनियंत्रित वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इसकी जानकारी मिलने पर परिजन उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई।

### पिकअप सहित भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त

**पूर्वी चंपारण।** जिले के मेहसी थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को चकिया डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने वीमलपुर मोड के समीप स्थित रविदास टोला से एक पिकअप पर लदा भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त किया है। वही पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया है कि गिरफ्तार पिकअप चालक मधुबन थाना क्षेत्र का दिनेश गिरि है, जिससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस को शराब तस्करी को लेकर गुप्त सूचना मिली थी जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए में मेहसी, चकिया व मधुबन थाना को अलर्ट किया गया था। एसपी ने बताया कि जब्त शराब की मात्रा 802 लीटर बताई गई है।

### रंगदारी के आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा

**गोड्डा।** गोड्डा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के देवेंद्र प्रसाद सिंह पिता स्व. सुखदेव सिंह ने आवेदन देकर छोटू यादव पिता साधु उर्फ सहदेव यादव ग्राम चिलौना थाना मुफस्सिल गोड्डा जिला गोड्डा पर आरोप लगाया कि छोटू यादव और कई अन्य लोगों ने उनके साथ मारपीट की और रंगदारी की मांग की साथ उनसे कुछ रुपए छीन लिए। थाना प्रभारी मुफस्सिल गजेंद्र कुमार और उनके सहयोगियों ने जांच कर प्राथमिक अभियुक्त छोटू साह को अपने कब्जे में लेते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया साथ ही अन्य अभियोगियां की तलाश की जा रही है।

### एक ही परिवार के तीन बच्चों के डूबने से मौत

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी थाना क्षेत्र के माल मंडरो गांव के बभनी तालाब में डूबने से शनिवार को माल मंडरो ग्राम निवासी अमीर अंसारी का मारूफ अंसारी छह वर्ष, साफिक अंसारी चार वर्ष का दो पुत्र और उम्मेहानि तीन वर्ष की एक पुत्री की मृत्यु हो गई। स्वजनों व ग्रामीणों ने बताया की तालाब के पाटाल पर खेलने के क्रम में ये घटना हुई। मुहल्ले के सभी बच्चे इसी जगह खेलने जाते हैं। घटना की सूचना मिलते हैं थाना प्रभारी रफीक आलम सहायक और अन्य पुलिसकर्मी के साथ अंचलाधिकारी आलोक मरण केसरी के निर्देश पर प्रभारी अंचल निरीक्षक महेश कुमार अमीन ताकि अनवर पंचायत सचिव कृष्ण चंद्र मंडल घटनास्थल पर पहुंचे और जायजा लिया बच्चों के सुजनों ने पोस्टमार्टम नहीं करने की बात कही घटना के संबंध में पंचनामा तैयार कर दिया गया बच्चों के सब को दफनाने की तैयारी की जा रही है। अब आमिर अंसारी का 13 बार और 11 वर्ष की सिर्फ दो पुत्री रह गई।

### बच्ची के अपहरण मामले में दोषी को कठोर कारावास की सजा

**पटना।** बिहार में पटना व्यवहार न्यायालय स्थित अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम की विशेष अदालत ने बेचने की नीयत से एक पांच वर्षीय दलित बालिका के अपहरण मामले में आज दोषी को चार वर्षों के कठोर कारावास की सजा के साथ 15 हजार रुपए का जुमार्ना भी किया। विशेष न्यायाधीश पंकज चौहान ने मामले में सुनवाई के बाद पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र स्थित शोभी रामपुर गांव निवासी नेपाली उर्फ बौना को भारतीय दंड विधान और अनुसूचित जाति एवं जनजाति उत्पीड़न निवारक अधिनियम की अलग अलग धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को एक माह 15 दिन के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी।

# दो करोड़ दीदी बनेंगी लखपति

## सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की मोदी गारंटी : अमित शाह

एजेंसी

**अहमदाबाद।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को साणंद में विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित किया। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लक्ष्य रखा है कि देश में 2 करोड़ लखपति दीदी बनानी हैं। यह योजना अगर देश के हर गांव तक सफलता के साथ पहुंच जाये, तो भारत में सही मायने में परिवर्तन आ जायेगा। उन्होंने कहा कि देश की गरीब बहनों की आमदनी में वृद्धि होने से उनके जीवन की अनेक छोटी-छोटी समस्याएं समाप्त हो जाएंगी और इसी प्रकार की व्यवस्था की कल्पना विकसित भारत संकल्प यात्रा में की गई है। उन्होंने कहा कि



सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की मोदी गारन्टी है। इस अवसर पर शाह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा 2047 में जब देश की आजादी के 100 साल पूरे करे तब भारत पूर्ण विकसित हो उसका संकल्प लेने की यात्रा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में पिछले 10 सालों में सुरक्षा, अर्थव्यवस्था सहित हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। मोदी सरकार ने देश की सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का स्वप्न प्रधानमंत्री मोदी ने पूरा किया। मोदी जी के नेतृत्व में भव्य राममंदिर भी बनने जा रहा है। मोदी जी के ही शासनकाल में हमारा चंद्रयान चांद पर पहुंचा और चांद पर तिरंगा फहराया गया। उन्होंने कहा कि केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार होने से गुजरात को तो डबल फायदा हुआ है। केन्द्र की मोदी सरकार और गुजरात में भूपेन्द्र पटेल की सरकार के रूप में डबल इंजन सरकार का लाभ गुजरात में देखने को मिला है। गुजरात में अच्छी सड़कें बनाने और 24 घंटे बिजली देने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में शांति, विकास, समृद्धि और गरीब से गरीब व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की जो परंपरा बनाई है, ये विकसित भारत संकल्प यात्रा उसी परंपरा को आगे बढ़ाने वाली है।

शाह ने कहा कि आजादी के बाद 75 सालों में पहली बार देश की अर्थव्यवस्था इतनी सुदृढ़ हुई है और औद्योगिक विकास सबसे ज्यादा हुआ है। देश के करोड़ों गरीबों के जीवनस्तर को उठाने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। मोदी ने हर गांव को सड़क से जोड़ने, हर घर में बिजली पहुंचाने, हर घर में बैंक खाता पहुंचाने और हर गरीब को प्रति माह पांच किलो अनाज मुफ्त देने की व्यवस्था की है। पिछले 75 सालों में देश ने अनेक क्षेत्रों में बहुत प्रगति की है, लेकिन जिन भी लोगों ने आजादी के लिए बलिदान दिया, उन्होंने भारत को दुनिया में हर क्षेत्र में सर्वप्रथम बनाने की लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने कहा कि देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों के सपनों का भारत बनाने का समय अब आ गया है। जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे, तब देश में कोई व्यक्ति ऐसा ना हो जिसके घर में गैस सिलेंडर, शौचालय, खाना, बिजली ना हो, कोई अशिक्षित ना हो, ये कार्यक्रम एक ऐसे विकसित भारत की रचना का संकल्प लेने का कार्यक्रम है।



राष्ट्रपति भवन में ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक का स्वागत करते राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री।

## सदन की सुरक्षा की जिम्मेदारी सामूहिक

**स्पीकर ने सांसदों को लिखा पत्र कहा- सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करें**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसदों को पत्र लिखकर कुछ सदस्यों के सदन से निष्कासन को 13 दिसंबर को हुई घटना से जोड़ने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। साथ ही उन्होंने कहा कि सदन की सुरक्षा की जिम्मेदारी सबकी सामूहिक है।

उन्होंने सांसदों से सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग की भी अपील की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पत्र में कहा है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ राजनीतिक दल और कुछ सांसद सदन द्वारा लिये गए सांसदों के निलंबन के फैसले को संसद में हुई घटना से जोड़ रहे हैं। यह सर्वथा अनुचित है। सांसदों के निलंबन और सदन में 13 दिसंबर को हुई घटना का परस्पर कोई संबंध नहीं है। सांसदों का निलंबन विशुद्ध रूप



से संसद भवन में श्रेष्ठ संसदीय परंपराओं के अनुपालन से जुड़ा है। बिरला ने सदन की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में सदस्यों को अब तक उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए कहा है कि संसद की सुरक्षा संसद के क्षेत्राधिकार में आती है। सबसे प्राप्त विचार-विमर्श और सुझावों के आधार पर कार्य योजना बनेगी और संसद सचिवालय उसे क्रियान्वित करेगा। पूर्व में तत्कालीन अध्यक्षों और सदन ने ऐसी घटनाओं का संज्ञान लेते हुए उन पर आवश्यक कार्रवाई की है। अध्यक्ष ने कहा कि वे सदस्यों से अनुरोध करते हैं कि समर्पण भाव के साथ देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभायेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि देश की जनता सदन की कार्यवाही को बाधित करने और अनुचित व्यवहार की सराहना नहीं करेगी। इसी संदर्भ में आज केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि पत्र के माध्यम से लोकसभा अध्यक्ष ने अपनी व्यथा आगे रखी है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों से सदन की सुरक्षा और कार्यवाही के संबंध में सुझाव मांगे हैं। सांसद के रूप में यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम संसद की गरिमा को ठेस न पहुंचायें। अध्यक्ष किसी एक पक्ष के नहीं बल्कि पूरे देश का होते हैं और संविधान की गरिमा के संरक्षक के रूप में सदन की सेवा करते हैं।

## ओमान में ऊर्जा सुरक्षा, अंतरिक्ष और डिजिटल पेमेंट पर साझीदारी करेगा भारत

**ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बैठक में बनी सहमति**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और ओमान ने अपने सदियों पुराने संबंधों को नयी ऊर्जा देते हुए सूचना प्रौद्योगिकी, संस्कृति, वित्तीय अपराधों से निपटने के क्षेत्रों में परस्पर सहयोग बढ़ाने के साथ ऊर्जा सुरक्षा, हरित ऊर्जा, अंतरिक्ष, डिजिटल भुगतान प्रणाली को अपनाने के लिए साझीदारी करने का शनिवार को फैसला किया। छब्बीस साल के अंतराल के बाद भारत की यात्रा पर आये ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच हैदराबाद हाउस में हुई प्रतिनिधि मंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक में ये निर्णय लिये गये। दोनों देशों ने परस्पर व्यापक आर्थिक साझीदारी समझौते (सीईपीए) को शीघ्र अंजाम पर पहुंचाने का भी संकल्प व्यक्त किया। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन में इस यात्रा की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने अभी ओमान के सुल्तान के साथ बैठक संपन्न की है जो वर्तमान में भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। उनके साथ रक्षा मामलों के उपप्रधानमंत्री, सात कैबिनेट मंत्री और 4 उप मंत्रियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी आया है। उन्होंने कहा कि पिछले 26 वर्षों में ओमान से भारत की यह पहली राजकीय यात्रा है। वार्ता प्रतिबंधित प्रारूप में थी और इसमें कई क्षेत्रों एवं विषयों को शामिल किया गया जो भारत-ओमान द्विपक्षीय संबंधों को भी दशार्ता है क्वात्रा ने कहा कि ओमान के सुल्तान की यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि यह जी-20 में ओमान की भागीदारी के बाद हो रही है। ओमान भारत द्वारा जी-20 में आमंत्रित नौ देशों में से एक था। भारत ओमान के साथ एक विशेष संबंध साझा करता है और आज ये संबंध एक रणनीतिक साझीदारी में विकसित हुए हैं। ओमान और भारत हिंद महासागर में साझीदार हैं , दोनों के बीच बहुत अच्छे रक्षा संबंध हैं, भारतीय ओमान को अपना घर कहते हैं। विदेश सचिव ने कहा कि बैठक में दोनों देशों ने ओमान में सूचना प्रौद्योगिकी, संस्कृति, वित्तीय अपराधों से निपटने, ओमान में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद में हिंदी की पीठ स्थापित करने के बारे में करारों पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में समुद्री, आतंकवाद पर साझा चिंता, हरित ऊर्जा सुरक्षा सहयोग, क्रिकेट के माध्यम से लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के बारे में व्यापक और रचनात्मक चर्चा हुई। ओमान के सुल्तान ने जी20 की सफलता के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने भारत-ओमान संयुक्त दृष्टिकोण-ओमान 2040 के तहत द्विपक्षीय जुड़ाव स्थापित किया और प्रधानमंत्री मोदी के अमृत काल विजन को अपनाया। विजन दस्तावेज में समुद्री, ऊर्जा सुरक्षा, हरित ऊर्जा, अंतरिक्ष, डिजिटल भुगतान में साझीदारी बनाने पर केंद्रित है। श्री क्वात्रा ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को लेकर चर्चा चल रही है। हालांकि सीईपीए पर बातचीत हाल ही में शुरू हुई है।

## संसद में हुई घटना का संबंध बेरोजगारी और महंगाई से है : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद की सुरक्षा में हुई चूक को गंभीर मुद्दा बताया लेकिन कहा कि इस घटना का संबंध युवाओं में फैली बेरोजगारी और महंगाई है। श्री गांधी ने कहा कि संसद सुरक्षा में हुई चूक का कारण बेरोजगारी और महंगाई है। नौकरियां कहां हैं। युवा हताश हैं -हमें इस मुद्दे पर फोकस करना है और युवाओं को नौकरी देनी है। सुरक्षा चूक जरूर हुई है, मगर इसके पीछे कारण है देश का सबसे बड़ा और ज्वलन्त मुद्दा बेरोजगारी। उन्होंने कहा कि संसद सुरक्षा में हुई घटना के पीछे सबसे बड़ा कारण बेरोजगारी और महंगाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के कारण युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा संसद की सुरक्षा में चूक एक गंभीर मामला है। संसद में बार-बार इस बात की मांग की जा रही है कि गृह मंत्री यहां आकर बताएं कि क्यों हुआ और कैसे हुआ लेकिन गृह मंत्री संसद में आना ही नहीं चाहते। गृह मंत्री के पास टीवी शो में जाकर घंटों बैठने का समय है, लेकिन उनके पास संसद आने के लिए पांच मिनट का समय नहीं है।

## तीन इजरायली बंधकों की मौत

**आईडीएफ ने गाजा में अपने ही नागरिकों पर की फायरिंग**

एजेंसी

**तेल अवीव।** इजराइली सुरक्षा बलों ने गाजा पट्टी में छिड़े युद्ध के दौरान अपने ही देश के तीन लोगों को मार डाला। इनको हमास ने बंधक बना लिया था। इनकी मौत शुजाया में लड़ाई के दौरान हुई। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने मारे गए बंधकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घटना की पारदर्शी जांच कराने की घोषणा की है। इजराइल के प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, आईडीएफ ने मारे गए तीनों बंधकों की पहचान का खुलासा करते हुए एक्स हैंडल पर उनके फोटो जारी किए हैं। आईडीएफ से यह भूल युद्ध के 70वें दिन शुक्रवार को हुई। इजराइली सेना के मुख्य प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि अभी यह साफ नहीं है कि तीनों बंधक हमास के चंगुल से भाग निकले थे या उन्हें छोड़ दिया गया था।

उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं की जांच कराई जाएगी। गलत पहचान के चलते की गई गोलीबारी में इन तीनों की मौत हुई है। आईडीएफ ने एक्स हैंडल पर कहा है कि इस घटना से सबक लेकर युद्ध क्षेत्र के सभी सैनिकों को जरूरी



दिशा-निर्देश दिए हैं। आईडीएफ ने तीन बंधकों को मार देने की बात स्वीकार करते हुए उनकी पहचान 28 वर्षीय योतम हैम, 25 वर्षीय समर तलाल्का और 26 वर्षीय अलोन लुलु शमरिज के तौर पर की है। हमास ने सात अक्टूबर को इन तीनों युवकों का अपहरण किया था। उल्लेखनीय है कि फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास ने सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर भीषण हमला किया था। हमले के दौरान हमास के आतंकवादियों ने 250 लोगों को बंदी बना लिया था और करीब 1,200 लोगों को मार डाला था। इसके बाद इजराइल ने गाजा में बमबारी शुरू कर दी। इजराइल के हमलों में अब तक 18,700 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। आईडीएफ प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा है कि शुक्रवार सुबह हुई दुखद घटना की आईडीएफ पूरी जिम्मेदारी लेता है।

## एक नजर में

### कतर के पीएम से मिलेंगे मोसाद प्रमुख



**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया को कतर के प्रधानमंत्री के साथ बंधक समझौते पर बातचीत के लिए यूरोप भेजने का फैसला किया है। यह जानकारी इजराइल के अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल ने शनिवार को अपनी वेबसाइट पर साझा की। द टाइम्स ऑफ इजराइल ने एक्सियोस की रिपोर्ट के हवाले से कहा है कि नेतन्याहू ने बंधक सौदे की दिशा में बातचीत फिर से शुरू करने के लिए मोसाद प्रमुख को यूरोप भेजने का फैसला किया है। बार्निया की इस सप्ताह के अंत में यूरोप में कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मिलने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले इजराइल और हमास के बीच एक और युद्धविराम कराने की कोशिशों को झटका लग चुका है। दरअसल इजराइल की तरफ से युद्ध विराम पर चर्चा के लिए मोसाद चीफ कतर जाने वाले थे लेकिन उनकी यह यात्रा रद्द कर दी गई। मोसाद प्रमुख की यात्रा रद्द होने पर इजराइली बंधकों के परिजनों ने नाराजगी जताई और सरकार से जवाब मांगा है।

### बाड़मेर में बीस करोड़ की हिरोइन जब्त



**जैसलमेर।** सीमा सुरक्षा बल ने बाड़मेर की भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तारबंदी के पास शुक्रवार मध्य रात्रि को हेरोइन के छह पैकेट बरामद किये। बरामद हेरोइन की कीमत 20 करोड़ रुपये आंकी गई है। खुरा चेकिंग के दौरान संदेह होने पर इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें बिजराड़ थाना अंतर्गत बभूतो की ढाणी के पास तारबंदी के समीप हेरोइन के छह पैकेट, जिनका वजन लगभग छह किलो है, बरामद हुए। इस मामले की सीमा सुरक्षा बल अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर जांच कर रही है। इस छह किलो हीरोइन की कीमत बीस करोड़ रुपये आंकी गई है। चेकिंग के दौरान फुटप्रिंट्स का पीछा किया गया तो फेंसिंग के पास पेड़ के नीचे पीले रंग के प्लास्टिक टेप लगे पैकेट्स नजर आए। इन पैकेट्स से हेरोइन बरामद की गई।

### बीजापुर में नक्सली कैंप ध्वस्त, विस्फोटक जब्त

बीजापुर। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में शनिवार को बीजापुर में सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उनका कैंप ध्वस्त कर दिया। मुठभेड़ के बाद नक्सली वहां से भाग निकले। मौके से बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया है । बीजापुर के गंगालूर थाना पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि नक्सलियों के कोर इलाके पेद्दाकोरमा के जंगलों में नक्सली कमांडर और गंगालूर एरिया कमेटी का कमांडर दिनेश मोड़ियम और एलओएस कमांडर दुला कारम , गंगालूर एरिया आरपीसी कमलू पूनेम सहित 15-20 अन्य सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी है ।शुक्रवार रात सर्चिंग के बाद डीआरजी ,एसटीएफ ,बस्तर फाइटर्स और कोबरा बटालियन के जवानों की शनिवार सुबह नक्सलियों से मुठभेड़ हुई । ढाई घंटे की मुठभेड़ के बाद नक्सली वहां से भाग निकले । नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के बाद उनका कैंप ध्वस्त कर दिया।

### कट्टरपंथी अमृतपाल का करीबी गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह के एक करीबी सहयोगी को पुलिस ने यहां गिरफ्तार कर लिया है । दस महीने पहले अमृतपाल और उसके समर्थकों ने अपने एक साथी की रिहाई के लिए यहां अजनाला में एक थाना पर हमला किया था। पुलिस उपाधीक्षक रिपुतपन सिंह ने कहा कि पकड़े गये आरोपी की पहचान मोगा जिले के रहने वाले कुलवंत सिंह के तौर पर की गयी है, वह फरार था और उसे गुरुवार को गिरफ्तार किया गया । पुलिस ने कहा कि कुलवंत सिंह को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। अमृतपाल और उसके सहयोगियों ने 23 फरवरी को पुलिस थाने पर हमला किया था । इसके बाद अमृतपाल और कुलवंत समेत उसके अन्य सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था ।वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह को अप्रैल में गिरफ्तार किया गया था और उसके खिलाफ सख्त राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाया गया था। फिलहाल वह असम के डिब्रूगढ़ जेल में बंद है।

### कुवैत के अमीर शेख नवाफ का निधन

**कुवैत सिटी।** कुवैत के अमीर शेख नवाफ अल अहमद अल सबाह का शनिवार को निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। कुवैत की शाही अदालत ने यह जानकारी दी। उनके सौतेले भाई संभावित उत्तराधिकारी हैं। शेख नवाफ अपनी विनम्रता और सुलह प्रयासों के लिए जाने जाते थे, लेकिन उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उनके सौतेले भाई, शेख मेशाल अल अहमद अल जाबेर के शासक के रूप में कार्यभार संभालने की उम्मीद है और उनके पास निर्णय लेने और कुवैत के हितों को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का अनुभव है। शेख नवाफ के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के कारण उन्हें अतीत में सत्ता अपने डिप्टी को सौंपनी पड़ी थी। अब उनके सौतेले भाई कुवैत के नए अमीर बनेंगे। कुवैत अपने अमीर, शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निधन पर शोक मना रहा है, जिनका 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी मृत्यु के कारण का खुलासा नहीं किया गया है। शेख नवाफ अपने सौतेले भाई शेख सबा अल-अहमद अल-जबर अल-सबा की मृत्यु के बाद सितंबर 2020 में शासक बने। नवाफ को उनकी विनम्रता और मेल-मिलाप लाने के उनके प्रयासों के लिए बहुत सम्मान दिया जाता था। उन्हें राजनीतिक विवादों को सुलझाने और देश की अर्थव्यवस्था में सुधार के प्रति समर्पण के लिए जाना जाता था।

## 2026 में भारत की जीडीपी 5,000 अरब डॉलर तक पहुंचेगी : पनगढ़िया

**मुंबई।** भारत 2026 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और इसकी जीडीपी उस साल 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगी। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने शुक्रवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि आगे चलकर 2027 में अर्थव्यवस्था का आकार 5,500 अरब डॉलर से अधिक होगी। उन्होंने 18वें सीडी देशमुख स्मृति व्याख्यान में कहा कि यह संभव नहीं है कि जर्मनी या जापान की जीडीपी आने वाले तीन वर्षों में 5,000 अरब डॉलर के स्तर को पार कर जाएगी। उन्होंने 125 पर भारतः खोए हुए गौरव को फिर प्राप्त करना और वैश्विक अर्थव्यवस्था का पुराने सामान्य स्तर पर लौटाना शीर्षक वाले अपने व्याख्यान में कहा कि जापान को 2022 के 4,200 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर से 2027 में 5,030 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने के लिए 3.5 प्रतिशत की दर से बढ़ना होगा। उन्होंने आगे कहा कि चार प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ जर्मनी की जीडीपी 2023 में 4,400 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2026 में 4,900 अरब अमेरिकी डॉलर और 2027 में 5,100 अरब अमेरिकी डॉलर की होगी। पनगढ़िया ने कहा कि इन अनुमानों को देखते हुए, भारतीय जीडीपी कितनी जल्दी इन दोनों देशों की जीडीपी को पार कर सकती है ?.. यही सवाल है। भारत इस समय डॉलर के मूल्य में 10.22 प्रतिशत की वार्षिक औसत दर से बढ़ा है। इस दर पर भारत की जीडीपी 2026 में 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर और 2027 में 5,500 अमेरिकी अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगी। उन्होंने अनुमान लगाते हुए कहा कि इस बात की काफी संभावनाएं हैं कि भारत 2026 के अंत तक दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

## भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था : गोयल

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में विभिन्न राज्यों में लॉजिस्टिक सुगमता (लीड्स) 2023 रिपोर्ट जारी करते हुए यह बात कही। गोयल ने कहा कि देश में बुनियादी ढांचा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बदलाव हुए है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि पिछला दशक परिवर्तनकारी रहा है। उन्होंने कहा कि यह सब सरकार के नीतिगत बदलावों के माध्यम से आगे बढ़ रहा है। गोयल ने कहा कि 2047 तक भारत को 3.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से 35 ट्रिलियन डॉलर तक के 10 गुना वृद्धि तक ले जाने के प्रयास में लॉजिस्टिक्स क्षेत्र आधारशिला होगा।

## बच्चन फैमिली संग नजर आयी ऐश्वर्या, अफवाह पर लगा विराम

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन पिछले काफी समय से अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस और बच्चन परिवार के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा है। बीते दिन ऐश्वर्या को लेकर खबरें आई थीं कि उन्होंने ससुराल को छोड़ दिया है और वो मायके में शिफ्ट हो गई हैं। इन रूमर्स के बीच अब एक्ट्रेस को बच्चन फैमिली के साथ स्पॉट किया गया है।

बच्चन परिवार और एक्ट्रेस बेटी आराध्या के स्कूल के एनुअल फंक्शन में पहुंची थीं। इस दौरान बिग बी को बहू की मां का हाल लेते हुए भी देखा गया। इनका वीडियो सामने आने के बाद सभी कयासों पर विराम सा लग गया है। दरअसल, शुक्रवार को धीरुभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल में एनुअल फंक्शन का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में शाहरुख खान, गौरी खान, सुहाना



खान, करण जौहर, शाहिद कपूर, रोहित शेट्टी, ऐश्वर्या बच्चन, करीना कपूर से लेकर मीरा राजपूत जैसे सेलेब्स तक ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसी बीच आराध्या और अबराम ने स्टेज परफॉर्मेंस भी दी थी दोनों की ही स्टेज परफॉर्मेंस को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। ऐसे में आराध्या को सपोर्ट करने के लिए पूरी बच्चन फैमिली पहुंची थी।


VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# रेल देश को जोड़ती है, यह जोड़ महत्वपूर्ण है



**अनल कुमार**

**भारतीय** रेल के निजीकरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 दिसंबर, 2015 को वाराणसी के डीजल लोको वर्क्स के मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि वो हिन्दोस्तान के सभी मजदूरों और जनता को एक बात साफ-साफ बताना चाहते हैं कि रेलवे का कभी भी निजीकरण नहीं किया जायेगा और उन्हें इस बारे में फैलाई जा रही अफवाहों पर विश्वास नहीं करना चाहिये। इस आश्वासन के विपरीत, यह सरकार परदे के पीछे रेलवे का निजीकरण जल्दी से जल्दी हो यह सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात काम कर रही है। इस दिशा में उसने अब तक निम्नलिखित कदम उठाये हैंः क)अगस्त 2014 में मोदी सरकार ने रेलवे में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश की अनुमति का ऐलान किया। उसके बाद नवम्बर 2014 में रेलवे बोर्ड ने 17 उन मुख्य क्षेत्रों का ऐलान किया जिनमें 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश की अनुमति होगी। यहाँ यह याद रखना जरूरी है कि रेलवे में अभी तक सुरक्षा जोखिम के कारण प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश की अनुमति नहीं थी। इस सरकार ने इस निर्णय को उलट दिया है। अब जिन क्षेत्रों में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश की अनुमति होगी, वे हैंः 1 तेज गति वाली रेलगाड़ियों की परियोजनाएं जहाँ रेलगाड़ियों के 205 किमी. प्रति घंटे से अधिक गति से चलने का प्रयोजन होगा। इन परियोजनाओं का मौजूदा रेलवे लाइनों या मार्गों से कोई सम्बन्ध नहीं होगा। इन अपरेटरों को इन मार्गों पर गाड़ियाँ चलाने और उन मार्गों की मरम्मत की पूरी छूट होगी। सरकार जरूरी साधनों और पूंजी प्रदान करके उनको सहायतादेगी।

2. पहियों पर चलने वाली वस्तुएं और उनकी मरम्मतः विदेशी कम्पनियां देश में डीजल और बिजली चालित ईंजन, कोच तथा वैगन बना सकती हैं। इसके पहले ये सब रेलवे के लोको व कोच निर्माण फैक्टरियों में बनाये जाते है।

3संयुक्त उपक्रम तथाध्अथवा सार्वजानिक-निजी-सांझेदारी के द्वारा समर्पित माल वाहक रेल लाइनें। कुछ लाइनों पर निजी सवारी गाड़ियों को चलाने की अनुमति भी दी जाएगी।

4सार्वजानिक-निजी-सांझेदारी के द्वारा उपनगरी रेलगाड़ियों के लिए गलियारों (करिडोर) की परियोजनाः इन गलियारों का निर्माण, मरम्मत करके परियोजनाओं का विकास करने वाले निर्धारित काल के लिए गाड़ियाँ चला सकते हैं।

5 मानव-चालित तथा मानव-रहित लेवल क्रोसिंगों के लिए तकनीकी हल निकालनाः रेल लाइनों के ऊपर पुल, रेल लाइनों के नीचे पुल, सीमित ऊँचाई के सबवे इत्यादि इनका निर्माण तथा मरम्मत। 6सुरक्षा सुधारने तथा दुर्घटनाएँ कम करने के लिये तकनीकी हल 7नवीन तकनीकों तथा प्रौद्योगिकियों को परखने के लिए सामग्रियाँ तथा विश्व-स्तरीय लेबोरेट्रियां 8रेलवे तकनीकी ट्रेनिंग संस्थाओं की स्थापना 9विश्व-स्तरीय सवारी गाड़ियों के लिए टर्मिनल तथा मौजूदा स्टेशनों का नवीनीकरणध्मरम्मत 10महत्वपूर्ण स्थानों पर माल गाड़ियों के लिए टर्मिनल लोजिस्टिक पार्क की स्थापना। नयी नीति के आधार पर रेलवे मंत्री ने तुरंत ही दो बड़ी लागत वाले डीजल तथा विद्युत लोको ईंजन निर्माण के लिये कारखाने स्थापित करने की परियोजनाओं में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश की अनुमति दे दी है। 1200-1200 करोड़ रुपये की लागत से बिहार में मधेपुरा तथा मरहोरा में प्लांट लगाये गये हैं। अभी हाल ही में रेलवे मंत्री ने निवेशकों के साथ मीटिंग की और उन्हें बताया कि किस तरह के मडल तथा परियोजना रेलवे उनके सामने पेश करेगी। रेलवे मंत्रालय के सार्वजानिक-निजी-सांझेदारी में अपनी रुचि दिखाने वाली कंपनियां हैं - रिलाएंस इन्फ्रास्ट्रक्चर, लारसेन एंड टुब्रो, सीमेन्स, अदानी पोर्ट्स, जीएमआर, टाटा इन्फ्रास्ट्रक्चर, गेमन, जिन्दल स्टील एंड पावर, जेएसडब्ल्यू, बम्बार्डिअर, जीई, आलस्टोम, इलेक्ट्रो मोटिव डीजल, भारत हेवी इलेक्ट्रीकल्स, एनएमडीसी, एचएसब्रीसी. तथा जेपी मरगन। इस लिस्ट से यह साफ दिखता है कि दोनों विदेशी तथा हिन्दोस्तानी बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ इसमें रुचि रखती हैं। ख) भारतीय रेल के निजीकरण को और ज्यादा गति से करने के लिए, एक सात सदस्यों की कमेटी नीति आयोग के सदस्य तथा अर्थशास्त्री बिबेक देबराय की अध्यक्षता में सितम्बर 2014 में स्थापित की गयी। इस कमेटी के अन्य सदस्यों में शामिल हैं एक भूतपूर्व केबिनेट सचिव, एक बहुराष्ट्रीय विदेशी शेम्पू तथा डिटर्जेंट बनाने वाली कंपनी के भूतपूर्व चेयरमैन, राष्ट्रीय स्टक एक्सचेंज के भूतपूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर, तथा एक भारतीय रेल के भूतपूर्व आर्थिक कमिश्नर। इस कमेटी के सदस्यों की पृष्ठभूमि को देखकर हम अंदाजा लगा सकते हैं कि कमेटी के सुझावों की क्या दिशा होगी - कि भारतीय रेल को एक व्यवसायिक संगठन की तरह से चलाया जाना चाहिये, जिसका मकसद मुनाफा बनाना हो और जिसका कोई सामाजिक उत्तरदायित्व न होय भारतीय रेल को ऐसी कंपनी की तरह चलाया जाये जिसमें कम से कम लोग काम करते होंय कार्य क्षमता को सुधारने के लिए तथा खर्चों को कम करने के लिए निजी क्षेत्र को भारतीय रेल के साथ प्रतिस्पर्धा करने की इजाजत होय जो भी पूंजी चाहिये उसे वित्त पूंजी बाजार से उठाया जाना चाहिये तथा सरकार को कोई भी पूंजी नहीं देनी चाहियेय सवारी तथा माल ढोने के किराये ऐसे तय किये जाने चाहिये जिससे निवेश पर आकर्षक मुनाफा मिलेय वेतन को उत्पादकता के साथ जोड़ा जाना चाहियेय नुकसान देने वाले मार्गें तथा गतिविधियों को बंद किया जाना चाहिये, इत्यादि। जैसा डर था, इस कमेटी की ड्राफ्ट रिपोर्ट के कुछ मुख्य सुझाव हैंः

1) भारतीय रेल के साथ प्रतिस्पर्धा के लिए निजी क्षेत्र को सवारी तथा माल गाड़ियाँ चलाने की अनुमति देनी चाहियेय रेल सम्बंधित आधारभूत सेवाएं तथा उत्पादन और निर्माण कार्य जैसे काम, जो रेलवे के लिए मूलभूत नहीं हैं, उनमें निजी क्षेत्र के सहभाग को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिये।

2)भारतीय रेल को दो स्वाधीन संगठनों में विभाजित करो - एक की जिम्मेदारी होगी रेल लाइनें तथा सब आधारभूत संरचना, और दूसरे का काम होगा गाड़ियाँ चलाना। निजी क्षेत्र को रेल लाइनों तथा आधारभूत संरचना का किराया देकर इस्तेमाल करने की इजाजत होगी और इस तरह अनेक पूंजीपति उनका इस्तेमाल कर-के निजी गाड़ियाँ चला सकेंगे। 3) भारतीय रेलवे एक्ट में बदलाव लायें जिससे कि निजी क्षेत्र बाजार के अनुसार किराये तय कर सके और वह रेलवे द्वारा निर्धारित किराये मानने के लिए बाध्य न हो। 4) राजधानीध्शताब्दी गाड़ियों को चलाने का व्यवसायिक काम निजी क्षेत्र को दे दो और उसके लिए उनसे सालाना फीस ले लो। 5)मधेपुरा तथा मरहोरा कारखानों के अलावा राय बरेली, भिलवाड़ा, सोनीपत, छपरा, जलपाईगुड़ी, कन्चरापारा तथा केरल में प्रस्तावित फैक्टरियों में भी निजी क्षेत्र को भाग लेने की अनुमति दो। 6) वेतन तथा सुविधाओं पर खर्चे को कम करने के लिए फौरन कदम उठाओ और उसके लिए भारतीय रेल में कर्मचारियों की संख्या सही तरह से तय करके कम करो। 7) कर्मचारियों की संख्या कम करने के लिये (क) कार्य प्रणाली का विस्तार से अध्ययन करके कर्मचारियों की संख्या की आदर्श मात्रा तय करोय (ख) चपरासियों, खलासियों तथा अन्य ऐसे कर्मचारी समूहों की संख्या कम करो तथा इन कामों को बाहर से सेवाएं प्राप्त करके कराओय (ग) अनेक डी कैटेगरी के कामों को समाप्त करो जो अब गतकालीन हो गए हैं तथा जरूरी नहीं हैं (बक्स पोर्टर, इत्यादि)। निम्न श्रेणी की सुरक्षा से जुड़े कार्यों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए कदम उठाओ (उदाहरण के लिये गैंगमैन, ट्राली-मैन, इत्यादि से अनेक तरह के कार्य कराकर, नवीन प्रौद्योगिकी को अपनाकर, दोबारा ट्रेनिंग, उत्पादकता बढ़ाने के कदम उठाकर) 8) भारतीय रेल को अपने मूल कार्यों पर ही ध्यान देना चाहिये जिससे वह निजी क्षेत्र के साथ स्पर्धा कर सके। उसे अन्य कार्यों से अपने को दूर कर देना चाहिये, जैसे कि पुलिस, स्कूल, अस्पताल, उत्पादन, निर्माण। 9) अनुदान केवल उनके लिए होने चाहिये जिन्हें उनकी जरूरत है। सवारी टिकट खरीदते समय उन्हें आधार कार्ड नंबर के साथ जोड़ दो। सवारी किराए पर जो भी अनुदान हो, वह सीधा बैंक खाते में जमा होना चाहिये और अनुदान केवल गरीबी रेखा के नीचे के लोगों के लिए होना चाहिये। 10)उपनगरी रेल सेवाओं को अलग करके राज्य सरकारों को सांझे उद्योग के रूप में सौंप देना चाहिये। जब तक यह नहीं किया जाता है, सस्ते उपनगरी रेल किराये का आधा बोझ राज्य सरकार को भुगतना चाहिये, और इसके लिए राज्य सरकार के साथ एक करार करना चाहिये। नहीं होंगे क्योंकि उसके लिए बहुत पूंजी लगती हैय वे तो सस्ते भाव में उन्हें सौंपी गयी, बिछी बिछाई लाइनों का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करके मुनाफा कमाना चाहेंगे। उठाये गए हैं।

5) एक और बात है कि अपने देश में रेल नेटवर्क को तेजी से बहुत बढ़ाने की जरूरत है जिससे कि दूर की जगहों को भी रेल सेवा प्राप्त करायी जा सके, क्योंकि वो सेवा मुनाफेदायक न हो। इस नेटवर्क को बिछाने के लिए काफी पूंजी चाहिये। पूंजीपति तो कभी भी लोगों की जरूरत की सेवा प्रदान नहीं करते हैं।

## भारतीय रेल में 2.94 लाख से अधिक जॉब्स

भारतीय रेल के आकार, स्थानिक वितरण और प्रचालन के महत्व को देखते हुए रिक्तियों का होना और उन्हें भरना एक सतत प्रक्रिया है। नियमित प्रचालन, प्रौद्योगिकी में बदलाव, मशीनीकरण और नवोन्मेषी प्रकियाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त श्रमबल उपलब्ध कराया जाता है। ये रिक्तियां मुख्य रूप से प्रचालनगत और प्रौद्योगिकीय आवश्यकताओं के अनुसार भर्ती एजेंसियों के साथ रेलवे द्वारा मांगपत्र जारी करके भरी जाती हैं। गैर-राजपत्रित पदों की 1.39 लाख रिक्तियों को भरने के लिए हाल ही में 2.37 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों से जुड़े दो प्रमुख प्रतिस्पर्धी कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) आयोजित किए गए हैं। 1.26 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों के लिए सीईएन 01/2019 (एनटीपीसी) के लिए प्रथम चरण सीबीटी 28.12.2020 से 31.07.2021 तक 7 चरणों में 211 शहरों और 15 भाषाओं में 726 केंद्रों पर 68 दिनों में 133 शिफ्टों में आयोजित किया गया था। इसी तरह, सीईएन आरआरसी 01/2019 (स्तर 1) के लिए सीबीटी 1.11 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों के लिए 5 चरणों में 17.08.2022 से 11.10.2022 तक 33 दिनों में 99 शिफ्टों में 191 शहरों और 15 भाषाओं में 551 केंद्रों पर आयोजित किया गया था।पिछले पांच वर्षों में और 30 सितंबर 2023 तक 2,94,115 रिक्तियां भरी गई हैं। भर्ती किए गए 90 प्रतिशत से अधिक उम्मीदवार सुरक्षा और प्रचालनगत श्रेणियों में हैं। रनिंग स्टाफ की आवधिक समीक्षा शक्तियों के प्रत्यायोजन के अनुसार जोनल रेलवे द्वारा क्रू समीक्षा अभ्यास के माध्यम से की जाती है।

यह क्रू समीक्षा जोनल रेलवे द्वारा वार्षिक/छह मासिक आधार पर की जाती है, जिसका अर्थ है कि लगभग हर साल क्रू समीक्षा की जाती है।

## बजट प्रावधान

संविधान के अनुच्छेद 112 के अंतर्गत भारत सरकार की अनुमानित आमदनी और खर्च का विवरण संसद में पेश किया जाता है। रेलवे का वित्त केन्द्र सरकार के आम बजट से अलग है। इसलिए रेलवे बजट अलग से पेश होता है। इसमें कुल राजस्व, आमदनी, राजस्व और निर्माण व्यय, खर्च की तुलना में प्राप्तियों के अधिशेष का विवरण और केन्द्र के पास रेलवे की निधियों का विवरण आदि शामिल होता है। बजट के एक भाग में गत, चालू और आगामी वर्ष के वित्तीय परिणामों का सारांश होता है। दूसरे भाग में निर्माण मांगों का सारांश होता है। अनुच्छेद 114(3) के अंतर्गत जब तक संसद विनियोग विधेयक पारित नहीं कर देती तब तक समेकित निधि से कोई भी निकासी नहीं हो सकती। स्वतंत्र भारत का प्रथम रेल बजट 20 नवंबर 1947 को यातायात मंत्री डॉ जान मथाई द्वारा पेश किया गया था, जो 1 जनवरी 1948 को लागू हुआ था।



## रेलवे का इतिहास

रेल बजट का लंबा इतिहास है। अंग्रेजी राज के समय से ही रेल बजट को पेश करने की परंपरा शुरू हो गयी थी। इसका आगाज हुआ था सन 1924 से। उससे पहले तक रेल विभाग के लिए कोई अलग से बजट का प्रावधान नहीं था। 1924 में रेल का बजट भारत के आम बजट का लगभग 70 प्रतिशत था जो अब लगभग 14-15 प्रतिशत तक रह गया है। रेल के इतिहास के पन्नों को पलटने पर आप पायेंगे कि रेल के लिए धन की व्यवस्था आम बजट में से किसी अन्य मंत्रालय की तरह से ही की जाती थी। सन 1921 में ईस्ट इंडियन रेलवे समिति ने इसे अलग करने की सिफारिश की, फलस्वरूप 1924 से रेलवे को वित्त मंत्रालय से अलग कर दिया गया, तभी से इसके लिए अलग से बजट का प्रावधान कर दिया गया। इसमें कोई शक नहीं है कि जब हम भारत में हाईस्पीड वाली बुलेट ट्रेनों के चलने का ख्वाब सच होता देख रहे हैं, वहीं एक समय ऐसा भी था जब बैल ट्रेन को खींचा करते थे। यह बात सबको आश्चर्य में डालने वाली है। बता दें कि गुजरात में नैरोगेज ट्रेन की शुरुआत हुई थी। बड़ोदा के शासक खांडेराव गायकवाड़ ने एक अंग्रेज इंजीनियर मिस्टर ए.डब्ल्यू फोर्ड से पहली डभोई-मियागांव में रेल लाइन की डिजाइन तैयार करवाई और फिर इन्हीं की देखरेख में रेल लाइन का निर्माण किया गया। इसके बाद यह तय किया कि इस नैरोगेज रेल लाइन पर भाप से चलने वाले इंजन चलाए जायें। इस लाइन पर चलने वाली नैरोगेज ट्रेन के लिए कुछ डिब्बे भी भारत में तैयार किये गये थे। गुजरात में डभोई-मियागांव नैरोगेज रेल लाइन अंततः इंजन से चलने वाली ट्रेन के लिए 1862 में खोल दिया गया। इस तरह से भारत की पहली नैरोगेज लाइन बनाई गई। हालांकि यह भी बताना जरूर है कि स्वतंत्र भारत में रेलवे का इस्तेमाल विभिन्न दलों और नेताओं ने अपने लाभ के लिए खूब किया। भारतीय रेल सोलह क्षेत्रों में बंटी हुई है।

## रेलवे की यात्रा

16 अप्रैल 1853 को बम्बई (मुंम्बई)में आम अवकाश कर दिया था। दोपहर होते ही छुट्टी मनाने वालों की भीड़ बोरीबंदर की ओर बढ़ने लगी थी, जहां गवर्नर के निजी बैंड के संगीत की धुनें वहां की वातावरण में फैल चुकी थी। साढ़े तीन बजे से ठीक पहले नगर की 400 मुख्य हस्तियां उस दिन के उत्सव के केन्द्र फॉकलेंड नामक स्टीम इंजन से जुड़े ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे के 14 चमचमाते डिब्बों पर सवार हो चुकी थी। आधा घंटा पूरा होते ही फॉकलैंड के चालक ने वॉल्व खोल दिए और उसके फायर मैन ने जोर-शोर से आग में कोयला झोंकना आरम्भ कर दिया। फॉकलैंड ने एक लंबी सांस ली और आसपास के लोग भाप के बादलों से ढक गये। चालक के सीटी के तार के करीब पहुंचते ही लोग खुशी से झूम उठे और उस उमस भरी दोपहरी में 21 बंदूकों की सलामी गूंज उठी। एक आखिरी सीटी और फुफकार और भारत की पहली रेलगाड़ी ठाणे के 35 किलोमीटर के सफर पर गरजती-दहाड़ती चल पड़ी । लगभग 6 साल बाद 3 मार्च 1859 को उत्तर भारत की पहली रेल लाइन इलाहाबाद-कानपुर के बीच बिछायी गयी। इसके बाद 1889 में दिल्ली-अंबाला-कालका के बीच रेल लाइन बिछायी गयी। इन छोटी शुरूआतों के बाद भारतीय रेल विश्व का दूसरा सबसे बड़ा नेटवर्क बन गया है। प्रशासनिक तौर पर भारतीय रेल को 16 क्षेत्रों में विभाजित किया है। इन क्षेत्रों को मंडलों में उप विभाजित कर प्रत्येक को एक-एक मंडल रेल प्रबंधक के अधीन रखा गया है।

### उत्तर रेलवे सबसे बड़ा

उत्तर रेलवे 1952 में अपने वर्तमान स्वरूप में आया। आज भारत का सबसे बड़ा रेलवे क्षेत्र है। यह क्षेत्र नये प्रयोगों और आधुनिकीकरण के मामलों में सदैव अग्रणी रहा है। कंप्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली की शुरूआत सबसे पहले उत्तर रेलवे पर ही 19 फरवरी 1989 को हुई। अपने ग्राहकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए स्टेशनों पर इंटरएक्टिव वॉइस रिस्पांस सिस्टम, स्टेशनों पर इलैक्ट्रॉनिक डिस्पले सिस्टम, रिकॉर्डेड कोच गाइडेंस डिस्प्ले सिस्टम, आरक्षण उपलब्धता स्थिति, इन्फॉर्मेशन डिस्प्ले, सेल्फ डायल टेलीफोन रिजर्वेशन पूछताछ बूथ, ऑटोमैटिक टैलर मशीनें और मनी चैंजिंग सुविधाएं उपलब्ध करवाई है।

### 139 डॉयल योजना

भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए नयी आधुनिक और सुधरी हुई सुविधा शुरू की है। यह एकीकृत ट्रेन पूछताछ प्रणाली (आईटीईएस) रेल संपर्क कॉल सेंटर सेवा शुरू की है। इसका नंबर 139 है।





इस नंबर पर पूरे देश से रेलों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस प्रणाली के अंतर्गत एमटीएनएल और बीएसएनएल के ग्राहक को बिना एसटीडी के 139 डॉयल करने पर यह सुविधा मिलती है। इसके तहत गाड़ियों के आगमन, प्रस्थान, विलंब, किराया, सीटों की उपलब्धता आदि जानकारियां प्राप्त की जा सकती है ।

### दुर्घटना मुआवजा दावा

मृतकों और घायल यात्रियों के संबंध में मुआवजा के लिए रेलवे दावा न्यायाधिकरण में मांगपत्र दाखिल करना होता है। यह आवेदनपत्र दुर्घटना स्थल पर राहत कार्यों के दौरान रेलवे प्रशासन की ओर से बांटे जाते हैं । स्थानीय समाचारपत्रों में इसका प्रारूप प्रकाशित होने के अतिरिक्त ये रेलवे की वेबसाइट www.indianrailway.com से भी प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन की तीन प्रतिलिपियां दाखिल करानी होती हैं। इसे यात्री स्वयं या उसकी ओर से आश्रित या मृतक यात्री के आश्रित संबंधित रेल दावा न्यायाधिकरण में एक वर्ष के भीतर दावा कर सकते हैं। इसके बाद के दावों पर भी रेल दावा न्यायाधिकरण अकसर विचार कर लेता है। 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, जिनका टिकट भाड़ा नहीं लिया जाता, उन्हें भी मुआवजा दिया जाता है । मुआवजे के लिए वह यात्री जो प्रामाणिक टिकटों पर रेल में सफर करते हैं उनके अलावा इस योजना के अंतर्गत प्लेटफार्म टिकट धारक भी बीमा के योग्य होते हैं।

### रेलवे की पहली महिलाएं

भारतीय रेल न केवल रेल नेटवर्क में दुनिया की दूसरी बड़ी रेलवे है बल्कि महिलाओं को रोजगार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। भारतीय रेलवे में महिलाओं ने महत्वपूर्ण पद प्राप्त किए हैं। भारतीय रेल की सर्वप्रथम महिला रेल ड्राइवर सुरेखा यादव हैं। ये वज 1990 में ट्रेनीज सहायक इलेक्ट्रिक ड्राइवर पद पर मध्य रेलवे में नियुक्त हुई थीं । ये प्रथम ईएमयू (मुम्बई उपनगरीय रेल सेवा) की ड्राइवर भी बनी। श्रीमती सुरेखा यादव भारत एवं एशिया की प्रथम महिला ड्राइवर हैं। भारतीय रेल में सर्वप्रथम महिला डीजल रेल इंजन ड्राइवर सुश्री मुमताज काथावाला (अब श्रीमती मुमताज काजी) है।

महिला रेलकर्मी सुश्री सूचिटा चटर्जी भारतीय रेल में सिविल सिर्विस परीक्षा-2000 बैच की रेल सुरक्षा बल में नियुक्ति पाने वाली प्रथम महिला अधिकारी हैं। भारतीय रेलवे में सर्वप्रथम सहायक स्टेशन मास्टर के रूप में नियुक्ति सुश्री रिंकू सिन्हा राय की अगस्त 1994 में पूर्व रेलवे कोलकाता में हुई थी। भारतीय रेल में सर्वप्रथम महिला उच्च अधिकारी, सर्वप्रथम महिला मंडल रेल प्रबंधक, सर्वप्रथम महिला अपर महाप्रबंधक, सर्वप्रथम महिला सदस्य रेलवे बोर्ड, सर्वप्रथम महिला वित्त आयुक्त (रेलवे) बनने का श्रेय श्रीमती विजयालक्ष्मी विश्वनाथन को प्राप्त है। इनके अतिरिक्त अन्य अनेक ऐसी महिलाएं हैं जो भारतीय रेल में विभिन्न चुनौतीपूर्ण उच्च पदों पर नियुक्त हो चुकी हैं।

## रेल मंत्री

असफ अली 2 सितंबर 1946 से 14 अगस्त 1997
जॉन मथाई 15 अगस्त 1947 से 22 सितंबर 1948
एन गोपालास्वामी अयंगर 22 सितंबर 1948 से 13 मई 1952
लाल बहारदुर शास्त्री 13 मई 1952 से 7 दिसंबर 1956
जगजीवन राम 7 दिसंबर 1956 से 10 अप्रैल 1962
स्वर्ण सिंह 10 अप्रैल 1962 से 21 सितंबर 1963
एचसी दसाप्पा 21 सितंबर 1963 से 8 जुन 1964
एसके पाटिल 9 जुन 1964 से 12 मार्च 1967
सीएम पूनचा 13 मार्च 1967 से 14 फरवरी 1969
राम सुभाग सिंह 14 फरवरी 1969 से 4 नवंबर 1969
पनमपिल्ली गोविंदा मेनन 4 नवंबर 1969 से 18 फरवरी 1970
गुलजारीलाल नंदा 18 फरवरी 1970 से 17 मार्च 1971
के हनुमन्थया 18 मार्च 1971 से 22 जुलाई 1972
टीए पाई 23 जुलाई 1972 से 4 फरवरी 1973
ललित नारायण मिश्रा 5 फरवरी 1973 से 2 जनवरी 1975
कमलापति त्रिपाठी 11 फरवरी 1975 से 23 मार्च 1977
मधु दंडवते 26 मार्च 1977 से 28 जुलाई 1979
टीए पाई 30 जुलाई 1979 से 13 जनवरी 1980
कमलापति त्रिपाठी 14 जनवरी 1980 से 12 नवंबर 1980
केदार पांडे 12 नवंबर 1980 से 14 जनवरी 1982
प्रकाश चंद्र सेट्टी 15 जनवरी 1982 से 2 सितंबर 1982
एबीए घनी खान चौधरी 2 सितंबर 1982 से 31 दिसंबर 1984
बंसी लाल 31 दिसंबर 1984 से 4 जून 1986
मोहसिना किदवाई 24 जुन 1986 से 21 अक्टूबर 1986
माधवराव 22 अक्टूबर 1986 से 1 दिसंबर 1989
जॉर्ज फर्नांडिस 5 दिसंबर 1989 से 10 नवंबर 1990
जनेश्वर मिश्रा 21 नवंबर 1990 से 21 जुन 1991
सीके जफर शरीफ 21 जुन 1991 से 16 अक्टूबर 1995
राम विलास पासवान एक जुन 1996 से 19 मार्च 1998
नीतीश कुमार 19 मार्च 1998 से 5 अगस्त 1999
राम नाईक 6 अगस्त 1999 से 12 अक्टूबर 1999
ममता बनर्जी 13 अक्टूबर 1999 से 15 मार्च 2001
नीतीश कुमार 20 मार्च 2001 से 22 मई 2004
लालु प्रसाद यादव 23 मई 2004 से 25 मई 2009
ममता बनर्जी 26 मई 2009 से 19 मई 2011
दिनेश त्रिवेदी 12 जुलाई 2011 से 14 मार्च 2012
मुकुल रॉय 20 मार्च 2012 से 21 सितंबर 2012
सीपी जोशी 22 सितंबर 2012 से 28 अक्टूबर 2012
पवन कुमार बंसल 28 अक्टूबर 2012 से 10 मई 2013
सीपी जोशी 11 मई 2013 से 16 जुन 2013
मल्लिकार्जुन खरगे 17 जुन 2013 से 25 मई 2014
डीवी सदानंद गौडा 26 मई 2014 से 9 नवंबर 2014
सुरेश प्रभु 10 नवंबर 2014
पियूष गोयल
अश्विनी वैष्णव वर्तमान रेल मंत्री

## भारतीय रेल से संबंधित रोचक जानकारियां

- कोंकण रेलवे भारतीय रेल की एक स्वतंत्र इकाई के रूप में परिचालित होने वाली रेल व्यवस्था है। इसका मुख्यालय नवी मुंबई के बेलापुर में है। यह सीधे रेलवे बोर्ड और केंद्रीय रेलमंत्री की निगरानी में काम करता है।
- कोलकाता मेट्रो भारतीय रेल द्वारा ही संचालित होता है परंतु इसे किसी जोन में नहीं रखा गया है।
- 2005 में पहली डबल डेकर ट्रेन चली जबकि पहली डबल डेकर एसी ट्रेन नवंबर 2010 में धनबाद और हावड़ा के बीच चलायी गयी।
- **सबसे ऊंची रेल सेवा :** जम्मू-कश्मीर में वानोप (अनंतनाग) से काजीगुंड रेल सेवा भारतीय रेलवे की सबसे ऊंची ब्रॉडगेज रेल सेवा है। यह समुद्र तल से 5,166 फुट की ऊंचाई पर है।
- 26 जनवरी 1950 के दिन बंगाल के चितरंजन मे ब्रोड्गोटिव फेकटरी का उद्घाटन।
- एक नवंबर 1950 के दिन देश का प्रथम स्टीम इंजन बना।
- देश का प्रथम एलेक्ट्रिक एंजिन 1961 मे बना था।
- डीजल इंजन बनाने की फैक्ट्री वाराणसी मे 1961 मे चालू हुई थी
- 1972 मे स्टीम इंजन को बंद कर दिया गया।
- 2.8 मिलियन टन चीजों को रेल रोज एक जगह से दूसरे जगह पहुंचती है।
- सबसे लंबा रूट डिब्रूगढ़ से कन्याकुमारी का है।
- की प्रथम एलेक्ट्रिक ट्रेन वीटी-कुर्ला स्टेशन के बीच दौड़ाई गई थी दिन था 3 फरवरी 1925
- 19 फरवरी 1986 को देश का प्रथम कंप्यूटराइज टिकट रिजर्वेशन दिल्ली मे खोला गया।
- रेल मंत्री ना होने के बावजूद भी 1947 मे जॉन मथाई ने प्रस्तुत किया था देश का प्रथम रेल बजेट।
- बिहार ने दिये है 6 रेल मंत्री।
- सबसे सफल रेल मंत्री थे लालू प्रसाद यादव जिनहोने 1 पैसा भाड़ा बढ़ाये बगैर रेल को पहली बार मुनाफे का स्वाद चखाया था।
- भारत की सबसे तेज चलने वाली रेलगाड़ी शताब्दी एक्सप्रेस सर्वप्रथम 10 जुलाई 1988 को नयी दिल्ली और झांसी के बीच चली थी। जवाहर लाल नेहरु के जन्म शताब्दी पर ये रेलगाड़ी चलायी गयी थी ।
- भारतीय रेल की पहली गाड़ी 'ब्लेक ब्यूटी' नाम से लार्ड डलहौजी के कार्यकाल में चली थी।
- सबसे पहले भारत में रेल प्लेटफार्म टिकट लाहौर में जारी किया गया।

भारतीय रेलवे का सबसे ऊंचा रेलवे स्टेशन 'सिमलिगुडा' है।

- भारतीय रेलवे का राष्ट्रीयकरण 1950 में हुआ था।